खबरें छुपाता नहीं, छापता है

ईद उल अज़हा की दिली मुबारकबाद

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, शनिवार 7 जून 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 298 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 10 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




### अवकाश सूचना

ईद-उल-अज़हा के मौके पर 7 जून को दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 9 जून 2025 को प्रकाशित होगा।

-प्रबंधक

# घर व कार ऋण होगा सस्ता@रेपो दर में कटौती

**मुंबई, वार्ता**

**भारतीय रिजर्व** बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने आगे महंगाई में नरमी आने को ध्यान में रखते हुए विकास को गति देने के उद्देश्य से नीतिगत दरों विशेषकर रेपो दर में लगातार तीसरी बार 0.50 प्रतिशत की कटौती करने का शुक्रवार को निर्णय लिया। जिससे आवास ऋण, वाहन ऋण और अन्य तरह के लोन सस्ते होंगे।

आरबीआई फरवरी 2025 से लेकर अब तक रेपो दर में एक फीसदी की कटौती कर चुका है। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एमपीसी की 55वीं और चालू वित्त वर्ष में एमपीसी की दूसरी तीन दिवसीय द्विमासिक बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि पिछले दो बार 0.25 प्रतिशत और 0.25 प्रतिशत की रेपो दर में कमी की गई थी और अब इसमें 0.50 प्रतिशत की कटौती की जा रही है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि तंत्र में तरलता बढ़ाने के उद्देश्य से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में चरणबद्ध तरीके से एक फीसदी की कमी की जा रही है, जिससे तंत्र में 2.50 लाख करोड़ रुपये की तरलता बढ़ेगी। इस -शेष पृष्ठ दो पर



- दरों में लगातार तीसरी बार कटौती का ऐलान
- जून पॉलिसी में 50 BPS की कटौती की घोषणा
- रेपो रेट 6 से घटकर 5.5 फीसदी पर आया

## सीआरआर में एक प्रतिशत की कटौती

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने आगे महंगाई में नरमी आने को ध्यान में रखते हुए विकास को गति देने के उद्देश्य से नीतिगत दरों विशेषकर रेपो दर में लगातार तीसरी बार 0.50 प्रतिशत की कटौती करने का शुक्रवार को निर्णय लिया। जिससे आवास ऋण, वाहन ऋण और अन्य तरह के लोन सस्ते होंगे।

आरबीआई फरवरी 2025 से लेकर अब तक रेपो दर में एक फीसदी की कटौती कर चुका है। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एमपीसी की 55वीं और चालू वित्त वर्ष में एमपीसी की दूसरी तीन दिवसीय द्विमासिक बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि पिछले दो बार 0.25 प्रतिशत और 0.25 प्रतिशत की रेपो दर में कमी की गई थी और अब इसमें 0.50 प्रतिशत की कटौती की जा रही है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि तंत्र में तरलता बढ़ाने के उद्देश्य से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में चरणबद्ध तरीके से एक फीसदी की कमी की जा रही है, जिससे तंत्र में 2.50 लाख करोड़ रुपये की तरलता बढ़ेगी।

**बैंकिंग प्रणाली में आएंगे 2.5 लाख करोड़**

# नीट-पीजी परीक्षा तीन अगस्त को एक ही पाली में

**नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट** ने 'नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन' (एनबीई) को मेडिकल के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 15 जून को होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-पीजी) 2025, तीन अगस्त को एक ही पाली में आयोजित करने की शुक्रवार को अनुमति दी।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति आगस्टीन जॉर्ज की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने एनबीई की याचिका पर यह आदेश पारित किया। अदालत ने इस संस्था की दलीलें विस्तार पूर्वक सुनने के बाद परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने की उसकी अर्जी स्वीकार कर ली। इससे पहले 30 मई को न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने अदिति और अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था एनबीई को 15 जून को पूर्व निर्धारित दो की बजाय एक ही पाली में परीक्षा आयोजित कराने का निर्देश दिया था।

**सुप्रीम कोर्ट ने संस्था की दलीलें सुनने के बाद अर्जी स्वीकारी**



### ब्रिक्स देश 'जीरो टॉलरेंस' की आतंकी नीति पर सहमत, भारत को सौंपी अध्यक्षता

**नई दिल्ली/ ब्राजीलिया।** ब्रिक्स देशों ने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए आतंकवाद के विरुद्ध 'ज़ीरो टॉलरेंस' की नीति पर सहमति जताई है। ब्राजील की राजधानी ब्राज़ीलिया में आयोजित 11वें ब्रिक्स संसदीय फोरम के वार्षिक सम्मेलन में भारत सहित 10 सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। ब्रिक्स संसदीय फोरम का 12वां सम्मेलन भारत में होगा इसलिए सम्मेलन के अंतिम दिन श्री बिरला को अध्यक्षता सौंपी गई है।

### जी-7 की बैठक में भाग लेने कनाडा जाएंगे मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने कनाडा के कनानास्किस में होने वाली जी - 7 के शिखर सम्मेलन बैठक में भाग लेंगे। श्री मोदी ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क जे कार्ने ने फोन किया और उन्हें जी-7 की बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। श्री मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री मार्क जे. कार्ने का फोन आने से प्रसन्न हूं। मैंने उन्हें हाल के चुनावों में मिली विजय के लिए बधाई दी।

# पाकिस्तान ने इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा: हमने पाक पर कयामत बरसा दी

**श्रीनगर, वार्ता**

**पीएम मोदी ने** शुक्रवार को पहलगाम हमले के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर का दौरा किया। उन्होंने यहां के रियासी जिले में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज का तिरंगा दिखाकर उद्घाटन किया।

इसके बाद अंजी ब्रिज और कटरा में कश्मीर की पहली ट्रेन कटरा-श्रीनगर वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई। मोदी ने कटरा में 42 मिनट का भाषण दिया। इसमें आतंकवाद, पाकिस्तान और कश्मीर के टूरिज्म का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि दुर्भाग्य से हमारे पड़ोस का देश, मानवता का विरोधी, मेलजोल का विरोधी है। वह ऐसा देश है, जो गरीब की रोजी-रोटी का भी विरोधी है। 22 अप्रैल को पहलगाम में जो हुआ, वह इसी का उदाहरण है। पाकिस्तान ने इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया। हमने 6 मई को उस पर कयामत बरसा दी। चिनाब आर्च ब्रिज रियासी जिले में बक्कल और कौड़ी के बीच बना है। इसे 2003 में मंजूरी मिली थी। शुरुआती प्लान के मुताबिक इसे 2009 तक तैयार हो जाना था, लेकिन इसे पूरा होने में 22 साल लग गए। यह सवा किमी से ज्यादा लंबा है और नदी से ऊंचाई 359 मीटर है। यह पेरिस के एफिल टावर (330 मीटर) से 29 मीटर ऊंचा है। लागत 1486 करोड़ रुपये हैं। पीएम मोदी ने अंजी खड्ड पर बना भारत का पहला केबल स्टे रेल ब्रिज का भी उद्घाटन किया। यह पुल नदी तल से 331 मीटर की ऊंचाई पर बना है। 1086 फीट ऊंचा एक टावर इसे सहारा देने के लिए बनाया गया है, जो करीब 77 मंजिला बिल्डिंग जितना ऊंचा है। यह ब्रिज अंजी नदी पर बना है, जो रियासी जिले के कटरा को बनिहाल से जोड़ता है। चिनाब ब्रिज से इसकी दूरी महज 7 किमी है। इस पुल की लंबाई 725.5 मीटर है। इसमें से 472.25 मीटर का हिस्सा केबल्स पर टिका हुआ है। पीएम मोदी सबसे आखिर में कटरा पहुंचे। यहां के रेलवे स्टेशन पर उन्होंने कश्मीर को जोड़ने वाली कटरा-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन को हरी झंदी दिखाई। नार्दर्न रेलवे 7 जून से कटरा-श्रीनगर रूट पर वंदे भारत ट्रेन सर्विस शुरू कर देगी। आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर टिकट बुकिंग की जा सकेगी। हफ्ते में 6 दिन दो ट्रेनें कटरा और श्रीनगर के बीच चलेंगी। नॉर्दर्न रेलवे ने बताया कि ट्रेन में दो ट्रैवल क्लास हैं। चेयरकार का किराया 715 रुपये और एक्जीक्यूटिव क्लास का किराया 1320 रुपये है। अभी ट्रेनें सिर्फ बनिहाल में रुकेंगी, अन्य स्टॉपेज पर फैसला बाद में होगा। आजादी के 77 साल बाद भी कश्मीर बर्फबारी के सीजन में देश के दूसरे हिस्सों से कट जाता है।



- पीएम ने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज का किया उद्घाटन
- अंजी ब्रिज और कटरा में कश्मीर की पहली ट्रेन कटरा-श्रीनगर वंदे भारत को हरी झंडी भी दिखाई

# मोदी ही जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य बनाएंगे: उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर, वार्ता**

**कहा: जो अंग्रेज नहीं कर पाए, प्रधानमंत्री ने कर दिखाया, कश्मीर बाकी देश से जुड़ा**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने शुक्रवार को कटरा में कश्मीर की पहली ट्रेन वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई। इस कार्यक्रम के दौरान जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मुझे विश्वास है कि जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों फिर से जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा मिलेगा।

रेल प्रोजेक्ट के बारे में उन्होंने कहा कि मोदी साहब इस रेल के ख्वाब बहुत लोगों ने देखे। कश्मीर को बाकी मुल्क के साथ जोड़ने का ख्वाब अंग्रेजों ने भी देखा था, लेकिन वो पूरा नहीं कर पाए। आज जो काम अंग्रेज पूरा नहीं कर पाए, आपके हाथों पूरा हुआ। कश्मीर देश के बाकी हिस्सों से जुड़ गया। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मुझे जम्मू-कश्मीर में कई रेलवे परियोजनाओं में प्रधानमंत्री के साथ जुड़ने का सौभाग्य मिला है। सबसे पहले, जब अनंतनाग रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया गया था। दूसरा, जब बनिहाल रेलवे सुरंग का उद्घाटन किया गया था। 2014 में जब कटरा रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया गया था, तब भी यही चार लोग (पीएम मोदी, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह) यहां मौजूद थे। आप पहली बार पीएम बने थे और यहां आए थे। उस समय हमारे गवर्नर साहब रेल राज्य मंत्री हुआ करते थे। माता की कृपा से उनका प्रमोशन हुआ और मेरा डिमोशन हुआ। मैं राज्य का मुख्यमंत्री था, अब केंद्र शासित प्रदेश का मुख्यमंत्री हूं। लेकिन मैं मानता हूं कि ज्यादा समय नहीं लगेगा। आप (पीएम मोदी) ही के हाथों से जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान उमर अब्दुल्ला ने पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी को भी याद किया। उन्होंने कहा कि अगर मैं वाजपेयी साहब को इस मौके पर शुक्रिया नहीं करूं, तो यह बड़ी भूल होगी। इस प्रोजेक्ट की बुनियाद 1983-84 में उन्हीं ने रखी थी। उमर ने बताया कि मैंने पिछले दिनों मीडिया को हंसते हुए कहा था कि जब ये प्रोजेक्ट शुरू हुआ मैं 8वीं क्लास का बच्चा था। आज मेरी उम्र 55 हो चुकी है, मेरे बच्चे भी कॉलेज पास कर चुके हैं। अब जाकर ये प्रोजेक्ट पूरा हुआ। यह तब हुआ जब वाजपेयी साहब ने प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय महत्व का दर्जा दिया। बजट में इसका प्रावधान दिया।



### बाबा सिद्दीकी हत्याकांड का मास्टरमाइंड कनाडा में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पंजाब के जालंधर जिले के नकोदर निवासी जीशान अख्तर उर्फ जस्सी पुरेवाल, जो बाबा सिद्दीकी हत्याकांड का मुख्य आरोपी बताया जा रहा है, को कनाडा के सरे शहर में गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यह गिरफ्तारी भारतीय जांच एजेंसियों की सूचना के आधार पर हुई है या कनाडाई पुलिस ने स्वतंत्र रूप से यह कार्रवाई की है, लेकिन इतना तय है कि जीशान इस समय कनाडा पुलिस की हिरासत में है और इस गिरफ्तारी को केस में बड़ी सफलता माना जा रहा है। जीशान पर बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश रचने और घटना के पीछे मुख्य भूमिका निभाने का आरोप है। भारतीय एजेंसियां लंबे समय से उसकी तलाश में थीं।




# समलैंगिक जोड़े फैमिली बना सकते हैं: हाईकोर्ट

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने दो महिलाओं को परिवार की तरह साथ रहने की अनुमति दी है। कोर्ट ने कहा कि शादी परिवार बनाने का एकमात्र तरीका नहीं है, समलैंगिक जोड़े फैमिली बना सकते हैं। जस्टिस जीआर स्वामीनाथन और जस्टिस वी. लक्ष्मीनारायणन की बेंच एक महिला की रिट याचिका पर सुनवाई कर रही थी। महिला का कहना था कि उसकी पार्टनर को परिवार वालों ने जबरन घर में कैद कर दिया है और उससे मिलने नहीं दिया जा रहा।

कोर्ट ने कहा कि ऐसा लगता है कि महिला को जबरन उसके घर ले जाया गया और पीटा गया। उसने हमें बताया कि उसके परिवार के सदस्यों ने कुछ खास रस्में करने के लिए मजबूर किया ताकि वह सामान्य हो जाए। 17 अक्टूबर 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने सेम सेक्स मैरिज को कानूनी मान्यता देने से मना कर दिया था। 5 जजों की संविधान पीठ ने कहा था कि कोर्ट स्पेशल मैरिज एक्ट में बदलाव नहीं कर सकता। कोर्ट सिर्फ कानून की व्याख्या कर उसे लागू करा सकता है। पूर्व चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि स्पेशल मैरिज एक्ट के प्रावधानों में बदलाव की जरूरत है या नहीं, यह तय करना संसद का काम है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ इस साल 13 पुनर्विचार याचिकाएं दाखिल की गई थीं। कोर्ट ने इन याचिकाओं को खारिज कर दिया था।

**कहा: शादी परिवार बनाने का एकमात्र तरीका नहीं, महिला को पार्टनर के साथ रहने की परमिशन**



### मासूम के साथ हैवानियत करने वाला दरिंदा ढेर

**लखनऊ।** उप्र की राजधानी लखनऊ के आलमबाग क्षेत्र में ढाई साल की मासूम के साथ बलात्कार के आरोपी दीपक को पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर एक संक्षिप्त मुठभेड़ में मार गिराया। पुलिस उपायुक्त मध्य आशीष श्रीवास्तव ने शुक्रवार को बताया कि ऐशबाग क्षेत्र के निवासी दीपक वर्मा ने चार और पांच जून की रात एक मासूम के साथ दरिंदगी की थी जब वह अपने माता-पिता के साथ आलमबाग मेट्रो स्टेशन के नीचे सो रही थी कि आरोपी सफेद रंग की स्कूटी से आया और चुपचाप मासूम को उठाकर ले गया। उसने मेट्रो स्टेशन के पास ही दुष्कर्म किया और बालिका को लहूलुहान हालत में छोड़ कर भाग निकला था।

# जेटली को बताकर जेनेवा गया था: माल्या

**नई दिल्ली।** भगोड़े कारोबारी विजय माल्या ने दावा किया कि देश छोड़ने से पहले वो तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली से मिले और उनसे कहा कि वो एक बैठक के लिए जेनेवा जा रहे हैं और वापस आएंगे। लेकिन उनका पासपोर्ट निरस्त कर दिया गया, जिसके कारण वो वापस नहीं आ पाए।

माल्या ने खुद को चोर कहे जाने पर कहा कि मुझे भगोड़ा कह रहे हैं, लेकिन मैं भागा नहीं। मैं तय कार्यक्रम के तहत विदेश गया और वापस नहीं आया, क्योंकि मेरे पास सही वजहें थीं। लेकिन मुझे चोर क्यों कहा जा रहा है? चोरी कहां हुई, वहीं, उन्होंने किंगफिशर एयरलाइंस की नाकामी पर पहली बार सार्वजनिक माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि मैं किंगफिशर एयरलाइंस की विफलता के लिए सभी से माफी मांगता हूं। माल्या ने यह बयान बिजनेसमैन राज शमानी के साथ पॉडकास्ट में दिए हैं, जो कि शुक्रवार को रिलीज किया गया है। ये पॉडकास्ट 4 घंटे लंबा है। कारोबारी और पूर्व सांसद विजय माल्या किंगफिशर एयरलाइंस से जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के बीच 2016 में भारत से यूके भाग गए थे। 5 जनवरी 2019 में विजय माल्या को भगोड़ा घोषित किया गया। माल्या बोले मैं देश छोड़ने से पहले तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली से मिला था। मैंने जेटली से कहा कि मैं जेनेवा में, एफआईए वर्ल्ड काउंसिल मीटिंग के लिए जा रहा हूं, मैं वापस आऊंगा



**कहा: पासपोर्ट रद्द हुआ, तो लौट नहीं पाया, भगोड़ा नहीं हूं, निष्पक्ष जांच हो तो वापसी को तैयार**






# कुत्तों ने मासूम को मार डाला

## परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल, गम व गुस्से का माहौल

शेख अब्दुल बारी

**अफजलगढ़।** घर के पास खेल रही बच्ची पर आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। कुत्तों ने मासूम को बच्ची को बुरी तरह नोंच डाला, जिससे उसकी मौके पर ही तड़प तड़प कर मौत हो गई।

नगर के मोहल्ला फैजी कॉलोनी में शुक्रवार की सुबह में एक खौफनाक मंजर ने पूरे इलाके को दहशत में डाल दिया। सात वर्षीय मासूम बच्ची यासमीन पुत्री महबूब निवासी फैजी कॉलोनी को पांच खून के प्यासे आवारा कुत्तों ने घेरकर उस पर ऐसा वहशियाना हमला किया कि बच्ची की मौके पर ही तड़प-तड़पकर मौत हो गई। कुत्तों ने उसे नोच-नोचकर शरीर के कई हिस्सों को बुरी तरह क्षत-विक्षत कर दिया। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर





दौड़े परिजन और मोहल्लेवाले जब तक मौके पर पहुंचे, तब तक मासूम की सांसें थम चुकी थीं। दिल दहला देने वाली इस घटना के बाद मोहल्ले में चीख-पुकार मच गई। मां-बाप का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे मोहल्ले में मातम पसरा हुआ है और हर आंख नम है। पीड़ित पिता महबूब ने रोते हुए बताया कि उनकी बेटी घर के पास ही खेल रही थी, तभी अचानक कुत्तों का झुंड आया और उस पर टूट पड़ा। वह खुद बच्ची को बचाने दौड़े, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। ग्रामीणों और परिजनों ने जिलाधिकारी से इस भयानक हादसे के जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही प्रशासन से 10 लाख रुपए का मुआवजा और मोहल्ले में चल रहे कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने की गुहार लगाई है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही आवारा कुत्तों पर नियंत्रण नहीं पाया गया तो वे सड़क पर उतरकर उग्र प्रदर्शन करेंगे। लोगों ने कहा कि प्रशासन की लापरवाही ने एक मासूम की जिंदगी लील ली है, अगला शिकार कोई और हो इससे पहले ठोस कदम उठाए जाएं। नगर में आवारा कुत्तों की संख्या काफी ज्यादा हो गई है।

बताया जाता है कि मांस विक्रेताओं की वजह से यह कुत्ते खूंखार हो रहे हैं। इस घटना को लेकर नगर में गुस्सा देखा जा रहा है।

## सीएचसी परिसर में लगाया छबील

**अफजलगढ़।** झुलसाती भीषण गर्मी और तेज धूप में जहां लोग प्यास से बेहाल नजर आ रहे हैं। वहीं नगर निवासी उमेश ने सेवा भाव की मिसाल पेश करते हुए सीएचसी परिसर में छबील लगाकर राहगीरों व मरीजों के परिजनों को ठंडा मीठा शरबत पिलाया। सुबह से ही अस्पताल परिसर में उमेश द्वारा लगाए गए सेवा शिविर में लोगों की भीड़ लग गई। आने-जाने वालों को रुकवाकर शरबत पिलाया गया। भीषण गर्मी से राहत पाने वाले लोगों ने तहेदिल से उमेश के इस प्रयास की सराहना की। उमेश ने कहा कि यह कार्य किसी प्रचार के लिए नहीं, बल्कि इंसानियत और समाज सेवा के भाव से किया गया है। गर्मी में अगर किसी की प्यास बुझ जाए, तो इससे बड़ा सुकून और कुछ नहीं। अस्पताल आए मरीजों के तीमारदारों और राहगीरों ने भी इस सेवा के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। छबील के दौरान स्वच्छता और शुद्धता का पूरा ध्यान रखा गया। स्थानीय लोगों ने उमेश की पहल को प्रेरणादायक बताया।

## फसल में रोग से बचाव की दी जानकारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**अफजलगढ़।** भज्जावाला स्थित सहकारी गन्ना विकास समिति के माध्यम से लखनऊ मुख्यालय से किसानों को गन्ने की उन्नात फसल व रोग तथा किट नियंत्रण हेतु जारी एडवाइजरी के अनुसार क्षेत्रीय किसानों को जानकारी दी गई।

गन्ने की फसल में समसामयिक लाल सड़न (रेड रॉट), कन्डुआ (स्मट), उकठा (विल्ट), जडबेधक, गुलाबी चिकटा (मिल. ीबग) रोगों व कीटों से प्रभावी नियंत्रण हेतु जानकारी दी गई। वही लाल सडन रोग के रोकथाम के लिये किसान प्रभावित गन्ने के पौध को जड़ से निकालकर नष्ट कर दें तथा गड्ढे में 0.2 प्रतिशत थायोफेनेटमेथिल 70 डब्लू.पी. अथवा एजॉक्सीस्ट्रोबिन 18.2 + डाई फेनोकोनाजोल 11.4 एस.सी. के घोल की ड्रेन्चिंग करें। कन्डुआ (स्मट) रोग से बचाव हेतु गन्ने की बुवाई के समय ही गन्ने के टुकड़ों को प्रोपिकोनाजोल 25 ई.सी. या कार्बेन्डाजिम 50 डब्लू.पी. के 0.1 प्रतिशत घोल में बीज को 10 मिनट तक उपचारित करें।

साथ ही उकठा (विल्ट) रोग की रोकथाम हेतु मृदा में बोरेक्स 15 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर डाल अधिक लाभ लेने हेतु बताया तथा जड़बेधक के नियंत्रण हेतु ट्राइकोग्रामा काइलोनिस के 50,000 वयस्क प्रति हेक्टेयर की दर से 10 दिन के अन्तराल पर माह जून के अन्तिम सप्ताह से माह सितम्बर तक अवमुक्त की जा सकती है।

गुलाबी चिकटा (मिलीबग) के प्रभावी नियंत्रण हेतु गन्ने की लीफशीथ को हटाने के बाद प्रति हेक्टेयर की दर से इमिडाक्लोप्रिड 17.8 प्रतिशत एस.एल. की 200 मि. ली. अथवा डाइमेथोयेट 30 प्रतिशत ई.सी. की 1.25 लीटर को 625 लीटर अथवा मोनोक्रोटोफॉस 36 एसएल की 1500 मि.ली. मात्रा प्रति हेक्टेयर की दर से 500-1000 लीटर पानी के साथ छिड़काव करें।

प्रदेश के आयुक्त, गन्ना एवं चीनी, प्रमोद कुमार उपाध्याय ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न परिक्षेत्रों में गन्ने की फसल में समसामयिक लाल सड़न (रेड रॉट), कन्डुआ (स्मट), उकठा (विल्ट), जड़बेधक, गुलाबी चिकटा (मिल. ीबग) रोगों व कीटों से प्रभावी नियंत्रण हेतु एडवाइजरी जारी की गयी है। इस संदर्भ में उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद, शाहजहांपुर द्वारा दिये गये सुझावों के अनुसार कुछ क्षेत्रों में गन्ना किस्म को. 0238 की पत्तियों पर लाल सड़न रोग के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। लाल सड़न एक फफूंदजनित रोग है। पत्तियों के निचले भाग से ऊपर की तरफ मध्य सिरा पर लाल रंग के धब्बे, रुद्राक्ष/मोतियों की माला जैसे प्रदर्शित होते हैं।

माह जुलाई, अगस्त से ग्रसित गन्ने की पत्तियां टूटना प्रारम्भ हो जाती हैं और धीरे-धीरे पूरा अगोला सूख जाता है। प्रभावित गन्ने के तने को लम्बवत् काटने पर अन्दर का रंग लाल होने के साथ सफेद धब्बे और तना अंदर से सूंघने पर सिरके अथवा एल्कोहल की गंध के बारे में बताया गया।

## मौहम्मद जैद व ईओ ने ईदगाह पर तैयारी का लिया जायजा



शाह टाइम्स संवाददाता

**नहटौर।** ईद उल अजहा पर्व के मद्देनजर पालिका चेयरपर्सन पति मोहम्मद जैद व पालिका ईओ ओम गिरी ने ईदगाह का निरीक्षण किया। ईदगाह पर नमाज की तैयारी का जायजा लिया।

जानकारी के अनुसार नहटौर ईदगाह का चेयरपर्सन पति मोहम्मद जैद व पालिका ईओ ओमगिरि ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। ईद उल अजहा की नमाज की तैयारी का जायजा लिया। पालिका के

### साफ-सफाई के दिए दिशा निर्देश

अधिशासी अधिकारी ओम गिरी द्वारा ईदगाह की साफ सफाई आदि के विशेष प्रबंध रखने के लिए पालिका के कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

चेयरपर्सन पति मौहम्मद जैद ने बताया कि ईद उल अजहा पर्व पर पानी व साफ सफाई आदि की व्यवस्था दुरुस्त रहेगी।

## चेयरमैन ने किया ईदगाह का निरीक्षण

### सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**किरतपुर।** ईदुल अजहा के मद्देनजर नगर पालिका परिषद के चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने ईद उल अजहा की बधाई दी। शुक्रवार की शाम ईद गाह का निरीक्षण किया और उन्होंने सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

इस मौके पर बोलते हुए चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने कहा कि ईद उल अजहा के मौके पर नगर पालिका परिषद द्वारा सफाई व्यवस्था चुस्त दुरस्त रहेगी। विद्युत सप्लाई न आने पर पालिका के ट्यूबवेलों पर जनरेटर की व्यवस्था की गई है। भरपूर पानी पालिका की ओर से नागरिकों को दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जानवरों के अवशेष पालिका द्वारा लगाई गई ट्रैक्टर ट्राली में ही डालें और सड़कों पर जानवरों का कोई अवशेष ना डालें



और खुले में कुर्बानी ना करें। पालिका से संबंधित सफाई व्यवस्था को लेकर पालिका की टीम पूरे शहर में घूमेगी। उन्होंने कहा कि किसी नागरिक को कोई असुविधा का सामना करने पड़े तो वह मुझसे या मेरे भाई फैजान व शादान के नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा सफाई नायक प्रेम कुमार से भी संपर्क किया जा सकता हैं। इस मौके पर ईदगाह कमेटी का अध्यक्ष डॉ. एहसान उल करीम व जनरल सेक्रेटरी कैप्टन मजहरनामी ने भी लोगों से बताया कि ईद की नमाज ईदगाह में पौने आठ बजे अदा की जायेगी।

## खाद्य विभाग की लापरवाही से बिक रहे एक्सपायरी डेट के पदार्थ

शाह टाइम्स संवाददाता

**शेरकोट।** खाद्य विभाग की लापरवाही के चलते एक्सपायरी डेट के खाद्य पदार्थ धड़ल्ले से बेचे जा रहे हैं। इससे लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। नगर के कई दुकानों पर एक्सपायरी डेट के खाद्य पदार्थ बेचे जा रहे हैं, जिनमें ब्रांडेड कंपनी के पेय पदार्थ भी शामिल हैं।



प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला मनिहारान निवासी एक युवक ने नगर की एक दुकान से थम्स अप की तीन बोतल मंगाई थीं। जब उन्हें पीने के लिए दी गई, तो वे कड़वी लगीं। साथ ही उनके बच्चों की तबीयत खराब हो गई। बोतल की एक्सपायरी डेट चेक करने पर पता चला कि उसकी एक्सपायरी डेट 10 मार्च थी। दुकानदार ने बताया कि उसने उक्त बोतलें एजेंसी होल्डर से 10 दिन पहले ही मंगाई थीं। इससे साफ होता है कि दुकानदार एक्सपायरी डेट की जांच किए बिना ही खाद्य पदार्थ बेच रहे हैं। फूड इंस्पेक्टर नरेश कुमार ने जांच किए जाने की बात कही है। अब देखना होगा कि खाद्य विभाग क्या कार्रवाई करता है।

## भव्यता के साथ मनाया जाएगा योग दिवस: डीएम

### अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस/योग सप्ताह के आयोजन हेतु बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि योग दिवस केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह जन-जागरूकता और स्वास्थ्य चेतना का पर्व है। उन्होंने बताया कि 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को इस बार का थीम योगा फार वन अर्थ वन हेल्थ है। इसके साथ ही योग सप्ताह मनाया जाएगा। उन्होंने सभी से कहा कि योग दिवस को एक जनआंदोलन के रूप में मनाया जाय और हर ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का प्रयास किया जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि 15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह को पूरे



जनपद में भव्यता के साथ मनाया जाय। इसके अन्तर्गत उन्होंने बताया कि जनपद बिजनौर के विभिन्न स्थलों में, इंदिरा बाल भवन बिजनौर में, विदुर कुटी दारानगर गंज, अम्रत सरोवर अम्हेड़ा, जिला कारागार बिजनौर, इंदिरा पार्क बिजनौर पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य कार्यक्रम 21 जून को स्थानीय नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा, जिसमें मा. जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों, छात्रों और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक और बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों में योग अभ्यास सत्र और क्विज प्रतियोगिताएं कराना सुनिश्चित करें, जिससे बच्चों में योग के प्रति जागरूकता बढ़े। साथ ही उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों में योग कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश जिला पंचायत राज विभाग सहित संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि विभिन्न मुख्य स्थलों पर योग सप्ताह में एवं योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि योग से संबंधित आनलाइन कार्यक्रम भी आयोजित करायें। उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों में मा. जनप्रतिनिधियों को गरिमापूर्ण रूप से आमंत्रित किया जाए और उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने सभी संबंधित विभागों को समयबद्ध तरीके से तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिये। उन्होंने सभी ईओ खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में स्थल चिन्हित कर योग के कार्यक्रम आयोजित कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने आगामी 21 जून को होने वाले योग दिवस की कार्ययोजना मांगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि योग दिवस से पहले सभी विद्यालयों में व्यवस्थाएं मुकम्मल करवा लें। योग दिवस पर योगाभ्यास करवाया जाए। प्रशिक्षित योग ट्रेनर के सहयोग से जिला, तहसील, ब्लाक और पंचायत स्तर पर संबंधित कार्मिक के योग प्रशिक्षण शिविर लगाए जाएं। बैठक में बताया गया कि कार्यक्रमों में योग से संबंधित को सम्मिलित करते हुए योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

जिलाधिकारी द्वारा बैठक में आगामी योग संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजनों से संबंधित कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा कर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोजन से पूर्व सभी तैयारियों को पूर्ण करना सुनिश्चित करें। और यह भी ध्यान देना सुनिश्चित करें कि कहीं कोई कमी नहीं रहे। बैठक के दौरान योग कार्यक्रमों की शुरुआत के लिए महात्मा विदुर सभागार में उपस्थित सभी अधिकारियों/योग संस्थानों, द्वारा योगाभ्यास भी किया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, अपर पुलिस अधीक्षक शहर संजीव वाजपेई, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह, डीसी एनआरएलएम, डीसी मनरेगा, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारी, समस्त योग संस्थान मौजूद थे।

## बकरीद से पहले नगीना में पुलिस ने फ्लैग मार्च कर दिया सुरक्षा का संदेश

### क्षेत्राधिकारी ने किया जनसंवाद

शाह टाइम्स संवाददाता

**नगीना।** कस्बे में शुक्रवार शाम को सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में पुलिस बल ने फ्लैग मार्च और पैदल गश्त कर सुरक्षा का संदेश दिया। बकरीद पर्व को देखते हुए यह कार्रवाई की गई, ताकि किसी भी संभावित अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके और शांति व्यवस्था कायम रहे।

फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस जवानों द्वारा कस्बे के मुख्य मार्गों और संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त कर चेकिंग की गई। आमजन में सुरक्षा का भाव जगाने के साथ ही किसी भी तरह की अफवाह या तनाव से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार नजर आई। फ्लैग मार्च के दौरान क्षेत्राधिकारी नगीना अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने लोगों से संवाद किया और उन्हें आश्वस्त किया कि बकरीद पर्व



शांतिपूर्ण माहौल में मनाया जाएगा। उन्होंने जनता से आपसी सौहार्द बनाए रखने और अफवाहों से बचने की अपील की।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के आदेश पर और अपर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार के निर्देशन में की गई। स्थानीय पुलिस की गश्त से कस्बे में सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों का साफ संदेश गया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**घर व कार..** कटौती के बाद सीआरआर चार प्रतिशत से कम होकर तीन प्रतिशत रह जाएगी। मल्होत्रा ने कहा कि फरवरी 2025 से लगातार नीतिगत रेपो दर में 100 आधार अंकों की कटौती करने के बाद, मौद्रिक नीति समिति ने भी महसूस किया कि वर्तमान परिस्थितियों में, मौद्रिक नीति के पास अब विकास को समर्थन देने के लिए बहुत सीमित गुंजाइश बची है, इसलिए, समिति ने भी रुख को उदार से बदलकर तटस्थ करने का फैसला किया। अब से, समिति आने वाले आंकड़ों और उभरते परिदृश्य का सावधानीपूर्वक आकलन करेगी, ताकि सही विकास, मुद्रास्फीति संतुलन बनाने के लिए मौद्रिक नीति के भविष्य की दिशा तय की जा सके। उन्होंने कहा कि अप्रैल में एमपीसी की बैठक के बाद से वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के बारे में अनिश्चितता कुछ हद तक कम हुई है, क्योंकि अस्थायी टैरिफ राहत और व्यापार वार्ता के बारे में आशावाद है। हालांकि, यह भावनाओं को कमजोर करने और वैश्विक विकास की संभावनाओं को कम करने के लिए ऊंचा बना हुआ है। तदनुसार, बहुपक्षीय एजेंसियों द्वारा वैश्विक विकास और व्यापार अनुमानों को नीचे की ओर संशोधित किया गया है। हाल की अवधि में बाजार में उतार-चढ़ाव कम हुआ है, इक्विटी बाजारों में सुधार हुआ है, डॉलर इंडेक्स और कच्चे तेल में नरमी आई है, हालांकि सोने की कीमतें ऊंची बनी हुई हैं। गवर्नर ने कहा कि आर्थिक गतिविधि 2025-26 में गति बनाए रखना जारी रखती है, जिसे निजी खपत और निश्चित पूंजी निर्माण में वृद्धि का समर्थन प्राप्त है। निरंतर ग्रामीण आर्थिक गतिविधि ग्रामीण मांग के लिए अच्छा संकेत है, जबकि सेवा क्षेत्र में निरंतर विस्तार से शहरी मांग में पुनरुद्धार का समर्थन मिलने की उम्मीद है। उच्च क्षमता उपयोग, वित्तीय और गैर-वित्तीय कॉरपोरेट्स की बैलेंस शीट में सुधार और सरकार के पूंजीगत व्यय को बढ़ावा देने के मद्देनजर निवेश गति. विधि में सुधार की उम्मीद है। व्यापार नीति अनिश्चितता माल निर्यात की संभावनाओं पर भारी पड़ रही है, जबकि ब्रिटेन के साथ एफटीए का समापन और अन्य देशों के साथ प्रगति व्यापार गति. विधि का समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि आपूर्ति पक्ष पर, सामान्य से बेहतर दक्षिण-पश्चिम मानसून के पूर्वानुमान और लचीली संबद्ध गतिविधियों के कारण कृषि की संभावनाएं उज्ज्वल बनी हुई हैं।

सेवा क्षेत्र से अपनी गति बनाए रखने की उम्मीद है। हालांकि, लंबे समय तक भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक व्यापार तथा मौसम संबंधी अनिश्चितताओं से उत्पन्न होने वाले प्रभाव विकास के लिए नकारात्मक जोखिम पैदा करते हैं। इन सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए, 2025-26 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जिसमें पहली तिमाही 6.5 प्रतिशत, दूसरी तिमाही 6.7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही 6-6 प्रतिशत और चौथी तिमाही 6-3 प्रतिशत होगी। श्री मल्होत्रा ने कहा कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित प्रमुख मुद्रास्फीति ने मार्च और अप्रैल में अपनी गिरावट जारी रखी, जिसमें हेडलाइन सीपीआई मुद्रास्फीति अप्रैल 2025 में लगभग छह साल के निचले स्तर 3.2 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) पर आ गई। इसका मुख्य कारण खाद्य मुद्रास्फीति थी, जिसमें लगातार छठी मासिक गिरावट दर्ज की गई। ईंधन समूह ने अपस्फीति की स्थिति में उलटफेर देखा और मार्च और अप्रैल के दौरान सकारात्मक मुद्रास्फीति प्रिंट दर्ज किए, जो आंशिक रूप से एलपीजी की कीमतों में वृद्धि को दर्शाता है। सोने की कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद मार्च-अप्रैल के दौरान मुख्य मुद्रास्फीति काफी हद तक स्थिर और नियंत्रित रही। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति का दृष्टिकोण प्रमुख घटकों में नरमी की ओर इशारा करता है। रबी फसल के मौसम में रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन और प्रमुख दालों के अधिक उत्पादन से प्रमुख खाद्य वस्तुओं की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित होनी चाहिए। सामान्य से अधिक मानसून की संभावना और इसकी जल्दी शुरुआत खरीफ फसल की संभावनाओं के लिए शुभ संकेत है। इसे देखते हुए, मुद्रास्फीति की उम्मीदें नरमी का रुख दिखा रही हैं, खासकर ग्रामीण परिवारों के लिए। अधिकांश अनुमान कच्चे तेल सहित प्रमुख वस्तुओं की कीमतों में निरंतर नरमी की ओर इशारा करते हैं। इन अनुकूल पूर्वानुमानों के बावजूद, हमें मौसम संबंधी अनिश्चितताओं और वैश्विक कमोडिटी कीमतों पर उनके प्रभाव के साथ अभी भी विकसित हो रहे टैरिफ संबंधी चिंताओं पर सतर्क रहने की जरूरत है। सामान्य मानसून को मानते हुए और विभिन्न कारकों को ध्यान में रखते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए खुदरा मुद्रास्फीति अब 3.7 प्रतिशत अनुमानित है, जिसमें पहली तिमाही 2.9 प्रतिशत, दूसरी तिमाही 3.4 प्रतिशत, तीसरी तिमाही 3.9 प्रतिशत और चौथी तिमाही 4.4 प्रतिशत रहने की संभावना है।

## रेपो दर में कटौती से आर्थिक गति को मिलेगा बल: फिक्की

**नई दिल्ली। उद्योग** जगत ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो दर में 0-50 प्रतिशत की अप्रत्याशित कटौती के फैसले को साहसिक कदम बताया और कहा कि इससे आर्थिक गतिविधियों को बल मिलेगा।

वाणिज्य एवं उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ (फिक्की) के अध्यक्ष हर्षवर्धन अग्रवाल ने आरबीआई के निर्णय का स्वागत किया और इसे साहसिक और सक्रिय कदम करार देते हुए कहा कि यह बाजार की अपेक्षाओं से कहीं अधिक है और इससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि आरबीआई आर्थिक वृद्धि को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री अग्रवाल ने कहा कि यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब भारतीय अर्थव्यवस्था व्यापार अनिश्चितताओं, वैश्विक भू-राजनीतिक तनावों और वित्तीय बाजार में अस्थिरता जैसी कई चुनौतियों का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि यह समय पर लिया गया कदम घरेलू मांग को मजबूत करेगा, ऋण उठाव को प्रोत्साहित करेगा और समग्र आर्थिक गति. विधियों को गति प्रदान करेगा। उन्होंने आरबीआई के 6.5 प्रतिशत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) विकास दर के अनुमान और सौम्य मुद्रास्फीति दृष्टिकोण को भी भारतीय अर्थव्यवस्था की लचीलापन का प्रमाण बताया। फिक्की अध्यक्ष ने यह भी कहा कि आरबीआई ने मुद्रास्फीति पर नियंत्रण और आर्थिक वृद्धि के बीच संतुलन साधने में सफल रही है, जो मौजूदा वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह नीति निर्णय वित्तीय प्रणाली में सहजता बढ़ाएगा और सभी क्षेत्रों विशेषकर एमएसएमई को राहत देगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मैडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ईद उल अजहा की मुबारकबाद

## निर्जला एकादशी पर ठंडे मीठे शरबत का वितरण

**धामपुर।** निर्जला एकादशी के उपलक्ष में स्थान स्थान पर ठंडा मीठा शरबत का वितरण किया गया। बड़ी मंडी में रोटरी क्लब द्वारा पालिका कार्यालय के सामने व्यापारियों द्वारा ठंडा मीठा शरबत का वितरण किया गया। आने जाने वाले राहगीरों ने ठंडा मीठा शरबत पीकर पिलाने वालों का आभार प्रकट किया। क्षत्रिय नगर स्थित एचडीएफसी बैंक कर्मियों ने निर्जला एकादशी के उपलक्ष में आने ठंडे मीठे शरबत का वितरण किया। जिसको पीकर भीषण गर्मी में आने जाने वाले राहगीरों ने राहत का अनुभव किया और पिलाने वालों का आभार प्रकट किया। शरबत वितरण करने वालों में एचडीएफसी बैंक से हिमांशु राजपूत, मयंक वर्मा, देवेंद्र सिंह, पंकज कुमार, सुनील कुमार, स्वाति कुमारी, अंशिका वर्मा, अनुज त्यागी, निशिकांत चौहान, हर्षित जयसवाल, नवीन कुमार, अभिषेक राजपूत, जियाउल रहमान आदि शामिल रहे।

## भीषण गर्मी में राहगीरों को पिलाया ठंडा शरबत

**नगीना।** समाजसेवी राजकुमार आर्यन ने चिलचिलाती गर्मी में शिविर लगाकर राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाया। उनके साथ सभी दुकानदारों का सहयोग रहा। शनिवार को ऑल इंडिया पायामें इंसानियत फार्म यूनिट नगीना की तरफ से भी निशुल्क पानी का एक कैंप नगीना रोडवेज बस स्टैंड पर लगाया गया था। शिविर में राहगीरों को शर्बत पिलाने में कुलदीप सैनी, संजय चंद्रा, प्रदीप कुमार, अमित सैनी, सनी कुमार, सचिन कुमार, तरुण कुमार, बिट्टू कुमार, नीरज कुमार संजय सैनी, नीरज गुप्ता, अवधेश चौहान, जविश चौहान आदि ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

सभी नागरिकों व किसान भाईयों को ईद उल अजहा की
मुबारकबाद
मौहम्मद रिजवान (कासमपुर गढ़ी)
प्रदेश उपाध्यक्ष- भारतीय किसान यूनियन (युवा)



ईद उल अजहा की अवाम को
मुबारकबाद
अजमल उमर एड.
पूर्व भाजपा प्रत्याशी- चेयरमैन पद
वरिष्ठ समाजसेवक
नगर पंचायत, मण्डावर





ईद उल अजहा की हर दिल अजीज अवाम को
मुबारकबाद
मौहम्मद खुर्शीद मंसूरी
चेयरमैन- नगर पंचायत साहनपुर, जनपद बिजनौर
मण्डल प्रभारी - आजाद समाज पार्टी, मुरादाबाद



सभी स्योहारा एवं जनपदवासियों को ईद उल अजहा की
हार्दिक शुभकामनाएं
चौधरी मौहम्मद जाकिर हुसैन
प्रेसिडेंट औधा वेलफेयर फाउंडेशन, जिलाध्यक्ष बिजनौर
श्री रामकृष्ण सेना भारतीय हिंदू सरकार
सनातन धर्म एवं हिंदुत्व की आस्था व्यवस्था का संगठन



नगरवासियों व क्षेत्रवासियों को ईद उल अजहा की
मुबारकबाद
नासिर कुरैशी (नेता)
संघर्षशील, कर्मठ व युवा समाजसेवी, अफजलगढ़





ईद उल अजहा की मुस्लिम भाईयों एवं बहनों व समस्त सपा कार्यकर्ताओं को
शुभकामनाएं
राम अवतार सैनी
सपा विधायक - नूरपुर विधानसभा क्षेत्र



ईद उल अजहा की समस्त नगरवासियों को
हार्दिक बधाई



मोबिन ठेकेदार
नगर पालिका, नहटौर




## अपराधियों के हौंसले बुलंद

**किरतपुर।** नगर में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और पुलिस पूरी तरह बेखबर नजर आ रही है। इतवार बाजार स्थित नैशनल हाईवे पर एक बुक सेलर की दुकान में दिनदहाड़े 60 हजार रुपये की चोरी की वारदात ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। दुकान के गल्ले से हुई नकदी चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुकी है। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और घटना का निरीक्षण किया। इससे व्यापारियों और आमजन में भारी असंतोष है। इसी प्रकार की एक और घटना भनेड़ा क्षेत्र में सामने आई है, जहां एक सीमेंट व्यापारी की दुकान से 30 हजार रुपये चोरी कर लिए गए। यह वारदात भी दुकान में रखे गल्ले से अंजाम दी गई। क्षेत्रीय दुकानदारों का कहना है कि पुलिस की गश्त सिर्फ कागजों तक सीमित है, जिससे अपराधियों को खुली छूट मिलती जा रही है। व्यापारियों का कहना है कि आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं से उनका मनोबल टूट रहा है। व्यापार करना मुश्किल होता जा रहा है और पुलिस प्रशासन सिर्फ रिपोर्ट दर्ज कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि पुलिस गश्त को तत्काल प्रभाव से बढ़ाया जाए और जल्द से जल्द अपराधियों को गिरफ्तार कर व्यापारियों को न्याय दिलाया जाए।

# नगीना में ईद की तैयारियां पूरी

## थाना प्रभारी ने किया ईदगाह का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** शुक्रवार दोपहर थाना प्रभारी तेजपाल सिंह ने बढ़ापुर रोड स्थित ईदगाह का निरीक्षण किया। ईद को लेकर सुरक्षा और व्यवस्था का जायजा लिया गया।

निरीक्षण में थाना प्रभारी तेजपाल सिंह के साथ मौलाना डॉ. खालिक अहमद कासमी, इमाम ईदगाह नगीना, मुफ्ती नबील अहमद रशीदी, कारी रईस अहमद, मुफ्ती कफील मजाहेरी, हाफिज हसीब अहमद, मौलवी जैद, कारी अकदस सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी निरीक्षण में हिस्सा लिया। थाना प्रभारी ने ईदगाह परिसर की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुफ्ती नबील ने बताया कि ईद की नमाज कल (आज) सुबह 7 बजे होगी। प्रशासन शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार संपन्न कराने की तैयारी कर रहा है।

# ईद पर रहेगी सफाई व पानी की समुचित व्यवस्था: अमजद अली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** सहसपुर नगर पंचायत अध्यक्षा नाहिद परवीन के पति हाजी अमजद अली अंसारी बताया कि ईद उल अजहा के मौके पर सहसपुर नगर में सफाई व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रहेगी। किसी को कोई शिकायत का मौका नहीं दिया जाएगा।

अध्यक्ष पति अमजद अली अंसारी ने एक बयान में कहा कि ईद उल अजहा पर नगर पंचायत सहसपुर की ओर से सफाई व्यवस्था, पेय जल व्यवस्था सुचारू रूप से जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि जानवरों के अवशेष दबाने के गड्ढे खोदे गए हैं। नगर पंचायत सहसपुर की ओर से ट्रैक्टर ट्राली नगर के विभिन्न मोहल्ले में घूम-घूम कर अवशेष उठाएगी और उन को गड्ढों में दफन करेगी। नागरिक इस बात का ख्याल रखें कि त्योहार पर किसी भी तरह की गंदगी न फैले। दूसरे मजहब के लोगों की भावनाओं का ख्याल रखें और त्योहारों को अकीदत के साथ मनाएं और सरकार द्वारा जारी की गई गाइडलाइन का खास ध्यान रखें। त्योहार को शांतिपूर्वक मनाते हुए प्रशासन का सहयोग करें।

### एक नजर

## छात्र-छात्राओं ने पिलाया शरबत



**शेरकोट।** चिलचिलाती धूप व उमस भरी गर्मी में राहगीरों को राहत देने के उद्देश्य से पीजेएम इंटर कॉलेज के निकट प्रधानाचार्य राजीव कुमार के नेतृत्व में लगाये गए ठंडे शर्बत के छबील में छात्र छात्राओं ने राहगीरों को रोक कर शर्बत पिलाया। जिससे राहगीरों ने राहत महसूस की। विद्यालय द्वारा लगाए गए इस छबील की चहुंओर सराहना हो रही है तथा लोगों का कहना है कि गर्मी के इस मौसम में जहां समाजसेवी संस्थाएं छबील लगा रही है। वहीं अन्य स्कूलों को भी ऐसे पुनीत कार्यो में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। इस अवसर पर शिक्षक वसीम, निशांत, अमन सहित फैजान, शालू, सोनी, हादिया जैदी, निदा आदि छात्र छात्राएं मौजूद रही।

## शुगर मिल में पौधारोपण



**हल्दौर।** बजाज हिंदुस्तान शुगर यूनिट बिलाई में विश्व पर्यावरण दिवस पर यूनिट हेड विजयवीर सिंह के नेतृत्व में समस्त विभाग अध्यक्ष, अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलकर वैश्विक प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने के संकल्प के साथ मिल गेट से लेकर केन यार्ड तक प्रभातफेरी निकाली गई। इस अवसर पर अनेकों प्रकार के पौधे रोपित किए गए। अंत में पर्यावरण की रक्षा के लिए शपथ ली गई। साथ ही यूनिट हेड द्वारा वैश्विक प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने के संकल्प के साथ-साथ अधिक से अधिक पेड़ लगाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर पंकज कुमार अग्रवाल महाप्रबंधक उत्पादन, राहुल चौधरी वरिष्ठ महाप्रबंधक केन, गोपाल त्यागी इंजीनियरिंग हैड, कपिल त्यागी एडमिन एंड सिक्यॉरिटी हेड, अनुज शर्मा आईटी हेड, संजय कुमार गुप्ता अकाउंट हेड, विजयवीर सिंह लैब हेड, शिव कुमार गुप्ता सेल्स हेड, सुधीर पंवार पर्यावरण एवं सुरक्षा विभाग हेड आदि मौजूद रहे।

## भाकियू की मासिक पंचायत में समस्याओं पर विचार-विमर्श



**नहटौर।** नहटौर क्षेत्र के खंडसाल विद्युत उप केंद्र पर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक पंचायत हुई, जिसकी अध्यक्षता टीकम सिंह व संचालन धर्मवीर सिंह ने किया। इस मौके पर किसानों की समस्याओं को लेकर संबंधित एसडीओ के नाम ज्ञापन भी दिया गया। किसानों की समस्याओं का निस्तारण की मांग की गई। इस मौके पर अंकुल चौधरी, सौवीर सिंह, अनुज कुमार, अंकुर कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, अनुज डोडवाल, राजवीर सिंह राजीव कश्यप आदि मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक

## डॉ. विकास कुमार जिला प्रभारी व जितेंद्र चिकारा जिला संयोजक बने

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (ठकुराई गुट) जनपद बिजनौर की कार्यकारिणी के गठन को लेकर मुख्य कार्यकर्ताओं की एक विशेष बैठक शिवाजी पुरम में भारतीय किसान यूनियन के कैंप कार्यालय पर धर्मेंद्र सिंह राजपूत की अध्यक्षता एवं मुनीराम यादव के संचालन में हुई। बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष डॉ. उमेश त्यागी का फूल माला पहनाकर स्वागत किया।



इस अवसर पर वक्ताओं ने संगठन को मजबूत एवं पुनर्गठित करने पर गंभीरता से विचार किया गया। साथ ही विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर व्याप्त भ्रष्टाचार पर चिंता व्यक्त की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. उमेश त्यागी ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा एवं शिक्षक हितों पर कुठराघात कर रही है, उपलब्धियां छिनी जा रही है, पेंशन, चयन बोर्ड छीना जा चुका है। उत्पीड़न व भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। उन्होंने आह्वान किया कि सभी संघर्षशील शिक्षक एकजुट होकर मजबूत संगठन का गठन कर संघर्षों की पुनरावृत्ति करनी होगी।

विचार विमर्श के बाद तय किया गया कि जनपद के कार्यकारिणी का गठन करने के लिए एसडी इंटर कॉलेज मीरापुर मुजफ्फरनगर के प्रधानाचार्य व राष्ट्रपति पुरस्कार से डॉ. विकास कुमार को जिला प्रभारी, जितेंद्र चिकारा को जिला संयोजक व सत्येंद्र कुमार एवं योगेंद्र कुमार को जिला सह संयोजक नामित किया गया।

इस अवसर पर अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रहास सिंह, हरवीर सिंह, कुलवीर सिंह, महेश कुमार, अनुराग, मुकेश त्यागी, निर्दोष त्यागी, राजीव कुमार, मुकुल कुमार त्यागी, विजय सिंह, अनिल योगी, योगेश चौहान, परविंदर, गगन कुमार, महेश कुमार त्यागी, सत्येंद्र कुमार, संजय कुमार गोयल, उपेंद्र सिंह आदि ने संबोधित किया।

# किसानों को गन्ने की उन्नत फसल रोग व कीट नियंत्रण की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** भज्जावाला स्थित सहकारी गन्ना विकास समिति के माध्यम से लखनऊ मुख्यालय से किसानों को गन्ने की उन्नत फसल व रोग तथा कीट नियंत्रण हेतु जारी एडवाइजरी के अनुसार क्षेत्रीय किसानों को जानकारी दी गई। जिसके चलते गन्ने की फसल में समसामयिक लाल सड़न (रेड रॉट), कन्डुआ (स्मट), उकठा (विल्ट), जडबेधक, गुलाबी चिकटा (मिल. ीबग) रोगों व कीटों से प्रभावी नियंत्रण हेतु जानकारी दी गई।

वहीं लाल सडन रोग के रोकथाम के लिये किसान प्रभावित गन्ने के पौध को जड़ से निकाल कर नष्ट कर दें तथा गड्ढे में 0.2 प्रतिशत थायोफेनेटमेथिल 70 डब्लू.पी. अथवा एजॉक्सीस्ट्रोबिन 18.2 + डाई फेनोकोनाजोल 11.4 एस.सी. के घोल की ड्रेन्चिंग करें।

कन्डुआ (स्मट) रोग से बचाव हेतु गन्ने की बुवाई के समय ही गन्ने के टुकड़ों को प्रोपिकोनाजोल 25 ई.सी. या कार्बेन्डाजिम 50 डब्लू.पी. के 0.1 प्रतिशत घोल में बीज को 10 मिनट तक उपचारित करें। साथ ही उकठा (विल्ट) रोग की रोकथाम हेतु मृदा में बोरेक्स 15 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर डाल अधिक लाभ लेने हेतु बताया। जड़बेधक के नियंत्रण हेतु ट्राइकोग्रामा काइलोनिस के 50,000 वयस्क प्रति हेक्टेयर की दर से 10 दिन के अन्तराल पर माह जून के अन्तिम सप्ताह से माह सितम्बर तक अवमुक्त की जा सकती है। गुलाबी चिकटा (मिलीबग) के प्रभावी नियंत्रण हेतु गन्ने की लीफशीथ को हटाने के बाद प्रति हेक्टेयर की दर से इमिडाक्लोप्रिड 17.8 प्रतिशत एस.एल. की 200 मि.ली. अथवा डाइमेथोयेट 30 प्रतिशत ई.सी. की 1.25 लीटर को 625 लीटर अथवा मोनोक्रोटोफॉस 36 एसएल की 1500 मि.ली. मात्रा प्रति हेक्टेयर की दर से 500-1000 लीटर पानी के साथ छिड़काव करें। प्रदेश के आयुक्त, गन्ना एवं चीनी, प्रमोद कुमार उपाध्याय ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न परिक्षेत्रों में गन्ने की फसल में समसामयिक लाल सड़न (रेड रॉट), कन्डुआ (स्मट), उकठा (विल्ट), जड़बेधक, गुलाबी चिकटा (मिलीबग) रोगों व कीटों से प्रभावी नियंत्रण हेतु एडवाइजरी जारी की गयी है। इस संदर्भ में उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद, शाहजहांपुर द्वारा दिये गये सुझावों के अनुसार कुछ क्षेत्रों में गन्ना किस्म को. 0238 की पत्तियों पर लाल सड़न रोग के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। लाल सड़न एक फफूंदजनित रोग है। पत्तियों के निचले भाग से ऊपर की तरफ मध्य सिरा पर लाल रंग के धब्बे, रुद्राक्ष/मोतियों की माला जैसे प्रदर्शित होते हैं। माह जुलाई, अगस्त से ग्रसित गन्ने की पत्तियां टूटना प्रारम्भ हो जाती हैं और धीरे-धीरे पूरा अगोला सूख जाता है। प्रभावित गन्ने के तने को लम्बवत् काटने पर अन्दर का रंग लाल होने के साथ सफेद धब्बे और तना अंदर से सूंघने पर सिरके अथवा एल्कोहल की गंध के बारे में बताया गया।

## हवन पूजन और विशाल भंडारे का आयोजन

**नगीना।** लाईन पार आजाद कालोनी काला खेड़ी मार्ग स्थित शिव धाम मंदिर में हवन पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ उठाया और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लाईन पार आजाद कालोनी कालाखेडी रोड स्थित श्री शिवधाम मंदिर के छठे वार्षिकोत्सव के अवसर पर मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में विधि विधान से रुद्राभिषेक व हवन पूजन कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम व भंडारे में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु धर्म प्रेमियों ने भाग लेकर धर्म लाभ उठाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिव धाम मंदिर कमेटी के उमेश चंद्र शर्मा, राजकुमार शर्मा, अभय विश्नोई, विशाल कुमार, गर्वित चौधरी, धर्मेंद्र राठी, विरेंद्र सैनी लेखपाल, सविता सैनी, अनिता सैनी आदि का सहयोग रहा।

## कौशल विकास का महत्व बताया



**धामपुर।** कन्या इंटर कॉलेज मे आयोजित समर कैंप के 17वें दिन में आज छात्राओं को प्रधानाचार्य रेखा देवी के कुशल निर्देशन में योग अभ्यास कराया गया। उसके बाद छात्राओं को कौशल विकास हेतु नगर पालिका से आमंत्रित विकास कुमार सफाई निरीक्षक, विकास गुप्ता सफाई प्रभारी, नितिन अग्रवाल लिपिक ने कचरा प्रबंधन के बारे मे बच्चों को जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्या रेखा देवी, शलभ अग्रवाल, लाला नरेंद्र अग्रवाल, गीतम सिंह, लाल सिंह, प्रवक्ता अमृता चौहान तथा कुमारी अंजलि का सहयोग रहा।

**संबंध विच्छेद सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र लव कुमार एवं पुत्रवधु अनीता पाल मेरे कहने व सुनने में नहीं है। इन दोनों की हरकतों से मैं व मेरा परिवार परेशान हो गया है। मैं इन दोनों को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व लेन-देन का मैं व मेरे परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**मेहर सिंह पुत्र श्री परवीन सिंह, निवासी नांगल सोती, तहसील नजीबाबाद, जनपद बिजनौर।**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर ( बिजनौर )**
**सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं. 13 के सम्पत्ति संख्या 229 जो पालिका के ग्रहकर/जलकर अभिलेखों में श्रीमती शान्ति देवी पत्नी नरेश कुमार के नाम दर्ज है। अत: श्रीमती शांति देवी पत्नी नरेश कुमार का नाम निरस्त कर श्रीमती कामिनी चौहान पत्नी सुनिल कुमार का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र पालिका में विचाराधीन है। इस सम्बंध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तद्पश्चात समयोपरान्त सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर ( बिजनौर )**
**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं. 03 के सम्पत्ति संख्या 126 जो पालिका के ग्रहकर/जलकर अभिलेखों में श्री चन्द्रप्रकाश कौशिक पुत्र त्रिलोक चन्द्र के नाम दर्ज है। अत: श्री चन्द्रप्रकाश कौशिक पुत्र त्रिलोक चन्द्र का नाम निरस्त कर श्रीमती नम्रता त्यागी पत्नी प्रशान्त कुमार व प्रशान्त कुमार पुत्र नत्थू सिंह का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र पालिका में विचाराधीन है। इस सम्बंध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तद्पश्चात समयोपरान्त सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, किरतपुर ( बिजनौर )**

पृष्ठाकन संख्या 149/न.पा.प./किरतपुर
कर वि. दिनांक:- 05.06.2025
अधिसूचना अन्तर्गत धारा- 147
(2) यू.पी. म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री मयंक पुत्र प्रमोद कुमार निवासी मौहल्ला अम्बेडकरनगर, किरतपुर, जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर संबंधी अभिलेखों/ अनुसूची में अंकित सम्पत्ति सं. 839/24 स्थित मौहल्ला अम्बेडकरनगर के आंशिक 10.06 वर्ग मीटर (व्यावसायिक) भाग में श्री अमीचन्द पुत्र छोटे के नाम के स्थान पर अपना नाम अंकित किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें उन्होंने रजिस्टर्ड हिबैनामे की छाया प्रति व शपथ पत्र सहित आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है। प्रार्थी ने स्वामित्व के रूप में श्रीमती सरोज पत्नी श्री अमीचन्द निवासी मौहल्ला वलीपुरा किरतपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर द्वारा श्री मयंक पुत्र श्री प्रमोद कुमार नि. मौहल्ला अम्बेड्करनगर किरतपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम हुए रजिस्टर्ड हिबैनामे के अनुसार सम्पत्ति संख्या 839/24 स्थित मौहल्ला अम्बेडकरनगर कस्बा किरतपुर के 10.06 वर्ग मीटर भाग में अपना नाम पालिका गृहकर रिकार्ड में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा विवाद की स्थिति में आवेदन स्वत निरस्त माना जाएगा।

विवरण:- सम्पत्ति संख्या 839/24 का आंशिक भाग (10.06 वर्ग मी.-व्यावसायिक) स्थित मौहल्ला अम्बेडकरनगर किरतपुर, (बिजनौर)।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, किरतपुर ( बिजनौर )**

पृष्ठाकन संख्या 148/न.पा.प./किरतपुर
कर वि. दिनांक:- 05.06.2025
अधिसूचना अन्तर्गत धारा- 147
(2) यू.पी. म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री मयंक पुत्र प्रमोद कुमार निवासी मौहल्ला अम्बेडकरनगर, किरतपुर, जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर संबंधी अभिलेखों/ अनुसूची में अंकित सम्पत्ति सं. 839/24 स्थित मौहल्ला अम्बेडकरनगर के आंशिक 36.12 वर्ग मीटर (आवासीय) भाग में श्री अमीचन्द पुत्र छोटे के नाम के स्थान पर अपना नाम अंकित किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें उन्होंने रजिस्टर्ड हिबैनामे की छाया प्रति व शपथ पत्र सहित आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है। प्रार्थी ने स्वामित्व के रूप में श्रीमती सरोज पत्नी श्री अमीचन्द निवासी मौहल्ला वलीपुरा किरतपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर द्वारा श्री मयंक पुत्र श्री प्रमोद कुमार नि. मौहल्ला अम्बेड्करनगर किरतपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम हुए रजिस्टर्ड हिबैनामे के अनुसार सम्पत्ति संख्या 839/24 स्थित मौहल्ला अम्बेडकरनगर कस्बा किरतपुर के आंशिक 36.12 वर्ग मीटर भाग में अपना नाम पालिका गृहकर रिकार्ड में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा विवाद की स्थिति में आवेदन स्वत निरस्त माना जाएगा।

विवरण:- सम्पत्ति संख्या 839/24 का आंशिक भाग (36.12 वर्ग मी.-आवासीय) स्थित मौहल्ला अम्बेडकरनगर किरतपुर, (बिजनौर)।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, नगीना, जिला बिजनौर**

पत्रांक:- मैमो/ न.पा.परि.नगीना/ आर.ओ./ 2025-26 दिनांक:- 06.06.2025

**नगर पालिका परिषद नगीना समस्त सम्भ्रांत नगरवासियों व कर दाताओं को सूचित करती है कि**

1- स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कूड़ा इधर-उधर न फेंकें। नगर को स्वच्छ बनाए रखने में पालिका का सहयोग करें।

2- पालिका कार्यालय में आर.आर.आर. सेन्टर में अपने अनुपयोगी कपडे, जूते एवं चप्पल आदि दें, जिससे गरीब लोगों को नि:शुल्क वितरण किया जा सके।

3- पॉलीथीन का प्रयोग न करें यह दण्डनीय अपराध है। इसको प्रयोग करने पर जुर्माना वसूल किया जायेगा।

4- निकाय द्वारा कूड़े का डोर-टू-डोर कलेक्शन किया जा रहा है आप कूड़े को अलग-अलग पालिका के वाहन में डालें कूड़ा इधर-उधर न फेंके।

5- अपने घरों व आस-पास के क्षेत्रों में पानी जमा न होने दें, जिससे बीमारियों के फैलने की सम्भावना होती है।

6- अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें।

**( संदीप कुमार सक्सैना )** अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद नगीना

समस्त सभासदगण/ कर्मचारीगण नगर पालिका परिषद नगीना

**( ताहिरा बेगम )** अध्यक्ष नगर पालिका परिषद नगीना

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, किरतपुर, जिला बिजनौर**

पत्रांक:- मैमो/ न.पा.परि.किरतपुर/ आर.ओ./ 2025-26 दिनांक:- 06.06.2025

**नगर पालिका परिषद किरतपुर समस्त सम्भ्रांत नगरवासियों व कर दाताओं को सूचित करती है कि**

1- स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कूड़ा इधर-उधर न फेंकें। नगर को स्वच्छ बनाए रखने में पालिका का सहयोग करें।

2- आर.आर.आर. सेन्टर में अपने अनुपयोगी कपडे, जूते एवं चप्पल आदि दें, जिससे गरीब लोगों को नि:शुल्क वितरण किया जा सके।

3- पॉलीथीन का प्रयोग न करें यह दण्डनीय अपराध है। इसको प्रयोग करने पर जुर्माना वसूल किया जायेगा।

4- निकाय द्वारा कूड़े का डोर-टू-डोर कलेक्शन किया जा रहा है आप कूड़े को अलग-अलग पालिका के वाहन में डालें कूड़ा इधर-उधर न फेंके। 5- अपने घरों व आस-पास के क्षेत्रों में पानी जमा न होने दें, जिससे बीमारियों के फैलने की सम्भावना होती है।

6- अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें व किरतपुर को हरा-भरा बनाए रखने में सहयोग करें। 7- करों की अदायगी समय पर करें।

8- पालिका की सम्पत्ति पर अतिक्रमण न करें।

**( मेघा गुप्ता )** अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद किरतपुर

समस्त सभासदगण/ कर्मचारीगण नगर पालिका परिषद किरतपुर

**( अब्दुल मन्नान )** अध्यक्ष नगर पालिका परिषद किरतपुर

### एक नजर

## जल्द दूर होगी जलापूर्ति की समस्या



**बढ़ापुर।** नगर की जलापूर्ति दुरुस्त व सुचारू करने के लिए मौहल्ला पठानान में नए ट्यूबवेल का कार्य त्वरित गति से किया जा रहा है लेकिन अभी भी कस्बे के कई मौहल्लो में जलापूर्ति ठीक से नहीं हो पा रही है। नगर में पिछले कई दिनों से तकनीकी खराबी के चलते पेयजल आपूर्ति ठीक नहीं हो पा रही है। यद्यपि अध्यक्ष डॉ. दिलशाद की देखरेख में तकनीकी खराबी को ठीक करने के लिए दिन रात काम चल रहा है, जिसके परिणामस्वरूप कस्बे के काफी हिस्से को पानी की आपूर्ति की जा रही है। लेकिन मौहल्ला नौमी, पठानान, ठाकुरान आदि में अभी भी पेयजल आपूर्ति दुरुस्त नहीं हो पा रही है। इन मौहल्ले के लोग काफी परेशानी का सामना कर रहे है। इस सम्बंध मे अध्यक्ष डॉ. दिलशाद ने बताया कि ईदगाह के पास स्थित ट्यूबवेल की तकनीकी खराबी को दूर किया जा चुका है। इसके अलावा कस्बे के बीचो बीच मौहल्ला पठानान में पुलिस चोकी के पास नए ट्यूबवेल का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। बहुत जल्दी कस्बे के सभी मौहल्लो में पेयजल आपूर्ति सुचारू हो जायेगी। डॉ. दिलशाद ने नये ट्यूबवेल का निरीक्षण कर ईद से पहले ही नए ट्यूबवेल से मौहल्ला नौमी, पठानान, ठाकुरान, बाजार आदि को जलापूर्ति के निर्देश दिये। अध्यक्ष डॉ. दिलशाद ने प्रभावित कस्बा वासियों से संयम बरतने की अपील की है।

## ईदगाह कमेटी की बैठक



**स्योहारा।** ईदगाह कमेटी की बैठक जनरल सेक्रेटरी डॉ. तारिक रजा के आवास पर आयोजित हुई। बैठक में ईदगाह की साफ सफाई, सफबन्दी आदि पर चर्चा की गई। ईद की नमाज ईदगाह में सुबह सात बजे अदा की जाएगी। इस मौके पर शहर इमाम मौलाना कामिल कासमी ने शहर वासियों से अपील करते हुए कहा खुले में कुर्बानी न करें, कुर्बानी के अवशेष पोलोथिन में बांधकर नगर पालिका के वाहन में ही डालें। साथ ही नमाज के लिए वक्त से पहले ईदगाह पहुंचे और ईदगाह परिसर में ही नमाज अदा करें।इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट अहसन चौधरी, जनरल सेक्रेटरी डॉ तारिक रजा, सोहेल जफर, सरफराज सैफी, साबिर सलमानी, सय्यद अम्मार रजा, एडवोकेट नावेद उर्रहमान, साबिर सलमानी, आसिफ मंसूरी, डॉ. नफीस उर्रहमान, फिरोज अहमद आदि मौजूद रहे।

## ब्लॉक प्रमुख ने किया पौधारोपण



**स्योहारा।** ग्राम पंचायत रामपुर दुल्ली स्थित सरकारी स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ब्लाक प्रमुख उज्ज्वल चौहान, बीडीओ रामकुमार सिंह, ग्राम प्रधान अंकज चौधरी के नेतृत्व में पौध लगाए गये। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख उज्जवल सिंह चौहान ने कहा कि वृक्ष हमें जीवन देते हैं और हमें इनकी हिफाजत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग के पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। शासन की इस योजना के अंतर्गत समस्त विभागों द्वारा पौधारोपण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाये रखने के लिए पौधे लगाना बहुत जरूरी है। पेड़, पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के छायादार वृक्षों यथा नीम, सागौन जामुन, अमरूद, गुलमोहर, पीपल, बरगद आदि रोपित कर उनकी देखभाल का सभी द्वारा संकल्प लिया गया। पेड़ों से हमें ऑक्सीजन मिलता है और हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। इस मौके पर कार्यवाहक एडीओ आशीष कुमार, तकनीकी सहायक अरविन्द कुमार, सोनित कुमार, सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# वाटर वर्क्स परिसर में पौधारोपण

## चेयरपर्सन समेत अधिकारियों ने लगाए पौधे, प्लास्टिक मुक्ति का दिया संदेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर पालिका ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में नगर पालिका चेयरपर्सन ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वाटर वर्क्स परिसर में पौधारोपण किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लोगों को प्रकृति और पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल 5 जून को मनाए जाने वाले विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगीना में पौधे लगाकर नगर को हरा भरा रखने की जिम्मेदारों ने शपथ ली।

नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती ताहिरा खलील ने गुरुवार की सुबह विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद नगीना व वाटर वर्क्स कंपाउंड में पौधारोपण किया। प्रदूषण के खिलाफ और पर्यावरण स्वच्छता के लिए संदेश देते हुए चेयरपर्सन ने जनता से अपील करते हुए कहा कि इस पावन कार्य में सहभागी बनें और अपनी मां के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए प्रकृति की सेवा करें। उन्होंने कहा कि यह अभियान मातृ सम्मान और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माता के नाम पर एक पौध लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर पौधों को बचाने के लिए भी विभिन्न जानकारियां दी गईं। चेयरपर्सन ने कहा कि अगर ऑक्सीजन चाहिए तो हमें पौधे लगाने होंगे। समाज में हर वर्ग के लोगों को पौधारोपण करने के लिए आगे आना होगा। पौधा लगाने मात्र से जिम्मेदारी पूरी नहीं होती बल्कि पौधे को बच्चे की तरह पालना भी पड़ेगा। हर व्यक्ति एक पौधा लगाए और उस पौधे को जिंदा रखें। अगर सभी लोग पौधारोपण करने लगे तो हमारे चारों तरफ स्वच्छ पर्यावरण होगा और हमारी उम्र भी बढ़ जाएंगी। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को रोकने का आह्वान करते हुए कपड़े की थैलियों के इस्तेमाल पर जोर दिया। नगर पालिका ने इस अवसर पर नागरिकों को कपड़े की थैलियों के बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर चेयरपर्सन ताहिरा खलील, अधिशासी अधिकारी संदीप सक्सेना, सभासदगण बदर मुनीम, संजीवदत्त शर्मा उर्फ गोपाल, मो.शानू, कपिल पंवार, नगर पालिका स्टाफ से इकतेदार आलम जैदी, सफाई निरीक्षक धीरज राय वर्मा, तेजपाल सिंह, मुनीर आलम, मौ. असलम, संदीप कुमार, नितिन सैनी, अहकाम अहमद, रोहित कुमार, शेख जमशेद, दिनेश कुमार, नरेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## भाकियू ने लगाए छायादार व पर्यावरण हितैषी पौधे



### पौधों के संरक्षण पर दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय किसान यूनियन सामाजिक के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य ओमेंद्र सिंह के नेतृत्व में नहटौर क्षेत्र में पौधारोपण किया गया।

इस अवसर पर स्थानीय कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के सहयोग से छायादार व पर्यावरण हितैषी पौधों का रोपण किया गया, जिनमें प्रमुख रूप से नीम, जामुन और अमरूद के पौधे शामिल थे।

पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। यह केवल एक दिवस का कार्य नहीं, बल्कि एक जीवनशैली का हिस्सा बन जाना चाहिए। अगर हर नागरिक एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल करे, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए हम एक बेहतर वातावरण छोड़ सकते हैं। कार्यक्रम में विशम्बर सिंह, नेपाल सिंह, जयपाल सिंह, जितेंद्र सिंह, तुषार चौधरी, देवेंद्र सिंह, मूलचंद सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने यह संकल्प लिया कि वे सिर्फ पौधे नहीं लगाएंगे, बल्कि उनके संरक्षण का भी दायित्व निभाएंगे।

## ईद-उल-अजहा पर रखें सभी का ख्याल: आसिफ शान

### कुर्बानी की वीडियो न करें शेयर



**शाह टाइम्स संवादाता**

**मंडावर।** कल (आज) देशभर में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व मनाया जाएगा। यह मुस्लिम समुदाय का एक महत्वपूर्ण धार्मिक त्योहार है, जिसमें पैगंबर हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम की कुर्बानी की परंपरा को याद करते हुए जानवरों की कुर्बानी दी जाती है। यह पर्व त्याग, समर्पण और मानवता के मूल्यों का प्रतीक है।

इस पवित्र अवसर चेयरमैन आसिफ शान ने नगरवासियों से आग्रह किया कि त्योहार की परंपराओं का पालन करते हुए हम सभी सामाजिक जिम्मेदारियों और नागरिक कर्तव्यों का भी पूरी निष्ठा से पालन करें।

हमारे नगर में विभिन्न धर्मों के लोग प्रेम और भाईचारे के साथ रहते हैं। यह आवश्यक है कि कुर्बानी करते समय और उसके बाद हम सभी समुदायों की भावनाओं का पूरा सम्मान करें। सोशल मीडिया पर मीट या कुर्बानी से जुड़ी कोई भी फोटो या वीडियो पोस्ट न करें और न ही ऐसा कोई कंटेंट वायरल करें, जिससे किसी की धार्मिक भावना आहत हो।

कुर्बानी के बाद पशु अवशेषों को खुले में फेंकने से वातावरण में दुर्गंध फैल सकती है, जिससे नगर की स्वच्छता और स्वास्थ्य व्यवस्था पर प्रभाव पड़ता है। अत: सभी से अनुरोध है कि कुर्बानी के बाद बचे अवशेषों को किसी सुरक्षित स्थान पर, गड्ढा खोदकर दबाएं और आसपास की सफाई का विशेष ध्यान रखें।

ईद का यह पर्व खुशी और सौहार्द का संदेश लेकर आता है। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी कार्य, व्यवहार या प्रदर्शन ऐसा न हो जिससे सामाजिक सद्भावना को ठेस पहुंचे। सभी धर्मों का आदर करें और एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस त्योहार को मिल-जुलकर मनाएं।

## भाकियू का सहकारी समिति में प्रदर्शन

### सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) कार्यकर्ताओं ने किसान सहकारी समिति के कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया तथा समिति के एमडी व सहकारी बैंक प्रबंधक के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित एक ज्ञापन सौंपा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कासमपुरगढ़ी बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड के अफजलगढ़ स्थित कार्यालय परिसर में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष मदन सिंह राणा के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में एकत्र किसानों ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी समिति के माध्यम से किसानों को तीन प्रतिशत दर से वितरित कर्ज पर नियम विरूद्ध सात प्रतिशत दर से ब्याज वसूली पर तत्काल रोक लगाने की मांग कर रहे थे। आंदोलनकारी किसानों का कहना था कि 20 जून तक किसानों की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो जनपद मुख्यालय पर बड़ा आन्दोलन किया जायेगा। ब्लाक अध्यक्ष मदन सिंह राणा बताया कि किसान सेवा समिति कासमपुर गढ़ी के अन्तर्गत जिला सहकारी बैंक में लगभग 5800 कृषक खाता धारक हैं, जिनसे 500 रूपए प्रति खाता धारक से अवैध वसूली की जाती है। जिसकी बैंक द्वारा कोई रसीद नहीं दी गई। इसके पश्चात किसानों से 3% के बजाय बढ़ाकर 7% ब्याज वसूला जा रहा है। सहकारी समिति के एमडी लोवेश कुमार और सहकारी बैंक शाखा प्रबंधक दीक्षित शर्मा के माध्यम से एक तीन सूत्रीय मांग पत्र मुख्यमंत्री के नाम सौंपा।

इस अवसर पर भाकियू कार्यकर्ता व पदाधिकारियों शैलेन्द्र चौहान, रमेश सिंह शेखावत मंडल महासचिव मुरादाबाद भाकियू, विजेंद्र सिंह, हरि सिंह, देवेंद्र कौशिक, वसीम गुर्जर, महबूब खान, मौहम्मद शाहिद, पूरन सिंह, मलखान सिंह, सुरेंद्र सिंह, सुखदेव सिंह, चरण सिंह, सरजीत सिंह, मौहम्मद अशरफ, मिल्खा सिंह आदि भारी संख्याओं भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## थ्री व्हीलर पलटने से दो महिलाओं सहित तीन घायल

**नगीना।** सवारियों से भरे एक थ्री व्हीलर के अचानक पलट जाने के कारण दो महिलाओं सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी नगीना लाया गया, जहां से उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

थ्री व्हीलर चालक उस्मान अहमद नगीना से सवारी भरकर धामपुर की ओर जा रहा था। राष्ट्रीय राजमार्ग पर गोयल पब्लिक स्कूल के मोड पर पहुंचने पर थ्री व्हीलर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसमें सवार राशिद (30 वर्ष) पुत्र तुफैल अहमद निवासी मझेड़ा शकरू, रिंकी देवी (26) वर्ष पत्नी नीरज कुमार निवासी ग्राम सैदखेड़ी व प्रियंका (26 वर्ष) पत्नी हृदेश सिंह निवासी ग्राम शादीपुर थाना नगीना देहात गंभीर रुप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी नगीना पहुंचाया गया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उनको जिला अस्पताल बिजनौर के लिए रेफर कर दिया गया।

# शेरबाज पठान ने सुनी ई-रिक्शा चालकों की समस्याएं

### यातायात नियमों का पालन जरूरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** बास्टा रोड स्थित मुगल गार्डन में ई रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें यातायात नियमों का पालन करने के साथ ही नाबालिग और विकलांगों के ई रिक्शा न चलाने की बात कही गई।

ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर रवि नैन ने कहा कि परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन अनिवार्य कर दिया गया है जिसके अनुपालन में अब ई रिक्शा चालकों को भी बिना रजिस्टर्ड ई रिक्शा सड़क पर दौड़ाने नहीं दिया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता ई रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष मेराजुल इस्लाम ने की जबकि संचालन बिजनौर रिक्शा यूनियन महामंत्री नानक खेड़ा ने किया।

इस मौके पर बैठक मे मुख्य अतिथि ई रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन के संरक्षक चेयपर्सन पति कांग्रेस नेता शेरबाज पठान व ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर रवि नैन, मो. हकम सिंह भी अपने ट्रैफिक पुलिस दल के साथ उपस्थित रहे। इस बैठक मे दर्जनों ई रिक्शा संचालकों ने अपनी परेशानियां ट्रैफिक पुलिस और चेयरपर्सन पति शेरबाज पठान के समक्ष रखते हुए अपनी समस्याओं के समाधान करने का अनुरोध किया। शेरबाज पठान ने कहा कि हम सभी को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। यातायात नियमों का पालन करने से बहुत सारी दुर्घटनाएं होने से बच जाती हैं। उन्होंने गरीब, बेसहारा परिवारों का पालन करने वाले ई-रिक्शा चालकों के प्रति नरम रवैया अपनाने का अनुरोध भी किया। बैठक में ट्रैफिक पुलिस द्वारा ई रिक्शा चाल. कों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए कि अब शहर में या शहर के बाहरी मार्गों पर कोई नाबालिग, विकलांग ई रिक्शा नहीं चलाएगा। इसके अलावा ई रिक्शा में कोई भी चालक ज्यादा सवारी नहीं बैठाएगा।

ई रिक्शा संगठन के अध्यक्ष मेरा. जुल इस्लाम ने भी दो टूक रिक्शा चालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि कोई भी ई-रिक्शा चालक बिना नंबर प्लेट की ई-रिक्शा न चलाये, पकड़े जाने पर हमसे सिफारिश नहीं करे, नंबर प्लेट की ई रिक्शा खरीद कर चलाए। बैठक में दीपक गर्ग, मेराजुल इस्लाम, अर्जुन सिंह, रईस अहमद, सुरेंद्र सिंह, मोहम्मद इस्माइल, वरिष्ठ समाज सेवी मोहम्मद इलियास कुरैशी सहित दर्जनों ई रिक्शा संचालक मौजूद रहे।

## भाजपाइयों ने विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधारोपण



### अधिक से अधिक पौधे लगाने का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण किया।

विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी गजरौला पाइमार मंडल के अध्यक्ष वरुण अत्रेय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आज आदर्श नगर शिव मंदिर पर एकत्र होकर पौधारोपण किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए जिला मंत्री बलराज त्यागी एवं भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह ने आह्वान किया कि वे पर्यावरण की रक्षा सुरक्षा हेतु अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनका लालन-पालन करें ताकि पौधों से मिलने वाली प्राण वायु आक्सीजन को हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को दे सकें।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व का आह्वान है कि हम सब अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर आदर्श नगर के शिव मंदिर परिसर में सांकेतिक पौधारोपण किया गया तथा सभी ने अपने-अपने प्रयास से अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार प्रजापति, पिछड़ा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी अरविंद विश्वकर्मा, जिला संयोजक पिछड़ा मोर्चा डॉ. रितेश सेन, अमरेश कुमार, चौधरी ईशम सिंह, बलराज त्यागी आदि उपस्थित रहे।

### एक नजर

## राहगीरों को पिलाया शरबत



**अफजलगढ़।** भीषण गर्मी के चलते ग्राम भूतपुरी के युवाओं ने राहगीरों को शरबत रूह अफजा पिला कर पुण्य कमाया। श्रीमती रेनू चौहान के नेतृत्व में भूतपुरी के युवाओं परिक्षित चौहान, उमेश कुमार, विनोद कुमार, मोनू, रिंकू, चेतन कुमार आदि ने राष्ट्रीय राजमार्ग 734 लाइन स्थित रामगंगा पल के समीप छबील लगाकर दुपहिया वाहनों, टेंपो बस आदि यात्री वाहनों व राहगीरों को रोक-रोक कर भीषण गर्मी में शरबत पिलाया। इस अवसर पर श्रीमती रेनू चौहान ने बताया कि वह प्रतिवर्ष छबील लगाकर भीषण गर्मी में राहगीरों हो ठंडा व मीठा शरबत पिलाती है। इस काम को करने से उनके मन को असीम शांति मिलती है। वह इस काम को बिना किसी भेदभाव के करती हैं क्योंकि प्यासे को पानी पिलाना बड़े ही पुण्य का काम है।

## शोएब अली बने आसपा के ग्राम उपाध्यक्ष



**नजीबाबाद।** मुबारकपुर कल्हेड़ी निवासी सैयद शोएब अली को आजाद समाज पार्टी का ग्राम उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह जानकारी ग्राम अध्यक्ष अहसान अंसारी उर्फ जानू ने दी है।

## अंजुमन हसूल ए अदब की ओर से नशिस्त



**नगीना।** अंजुमन हसूल ए अदब नगीना की ओर से तरहई व गैर तरहई नशिस्त का आयोजन नगर के मुहल्ला शाहजहीर स्थित जावेद अहमद के निवास स्थान पर किया गया। नशिस्त की सदारत उमरद्दीन सहर ने की जबकि निजामत मुहम्मद शाहिद नगीनवी ने की। नशिस्त के आगाज में मौलवी इकरार अहमद, साहिल मेवा नवादी ने बारगाहे रिसालत में नाते पाक का नजराना पेश किया। गजलियात के दौर में शायरों ने अपने अपने कलाम पेश किए। देर रात तक चली इस नशिस्त में शायरों ने वाहवाही लूटी। अंजुमन ने इत्तेफाक राय से यह तय किया कि अंजुमन की ओर से तरहई नशिस्तों का सिलसिला 1998 से जारी था, जो अब मसरूफियात के पैशे नजर खत्म कर दिया गया।

## खेत में मिले फिशिंग कैट के शावक



**नहटौर।** गांव झारखंडी निवासी मोनू कुमार के गन्ने के खेत में चार शावक दिखाई दिए। ग्रामीण पहले चारों शावकों को गुलदार के शावक समझ बैठे। मौके पर कई ग्रामीण पहुंच गए। वन विभाग को सूचना दी गई। चारों शावको को फिशिंग कैट होने की पुष्टि की, जिस पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। बताया जाता है कि इस क्षेत्र में गुलदार दिखाई देने से किसानों में दहशत का माहौल बना हुआ है। इसी वजह से फिशिंग कैट के शावकों को ग्रामीण गुलदार के शावक समझ बैठे। वन रेंजर गोविंद राम गंगवार का कहना है कि चारों शावक फिशिंग कैट के है।

## वनकर्मियों ने किया पौधारोपण



**बढ़ापुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर बढ़ापुर वन रेंज परिसर में वन कर्मियों द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम आयोजित कर पौधे लगाए गए। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों द्वारा कई प्रकार के पौधे रोपित किए गए। वन कर्मियों द्वारा बच्चों को पर्यावरण के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि पेड़ पौधे हमारे जीवन के लिए बहुत ही उपयोगी होते है। पेड़ शुद्ध ऑक्सीजन देते है। पेड़ बाढ़ के पानी को रोकने में सहायक होते है और पेड़ों से फल, फूल व औषधियां प्राप्त होती है। इस दौरान वन दरोगा प्रकाश सिंह, अभिषेक कुमार, अमित बडोला, वनरक्षक सुरेंद्र सिंह, दीपचंद, पवन कुमार, ग्राम प्रधान मोहम्मद अख्तर व पर्यावरण प्रेमी अमित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## कर्म के अनुसार ही मिलता है फल

**नहटौर।** मौहल्ला छापेग्रान मे आयोजित शिव मंदिर प्रबंध समिति के तत्वाधान में श्री भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास ने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में ईर्ष्या, छल, कपट व द्वेष की भावना नहीं रखनी चाहिए यह भावना विनाश का कारण होती है मनुष्य को अपने जीवन में कभी किसी का बुरा नहीं सोचना चाहिए। हमेशा जरूरतमंद व्यक्तियों की मदद करनी चाहिए, किसी की मदद करने से हमेशा अच्छा फल मिलता है। उन्होंने बताया मनुष्य को जीवन को सार्थक बनाने में हमेशा अच्छे कर्म करने चाहिए। दूसरे दिन कथा की पूजा सुनील सैनी पत्नी उषा देवी ने धार्मिक अनुष्ठान क्रियाओं के साथ पूजा अर्चना कराई। इस अवसर पर राजेश्वरी, सुनील सैनी, सभासद सरवन सैनी, उदय राज प्रधान, चंद्रसेन, दीपक, अर्जुन, डॉ. सौरभ, ममता देवी, पूजा देवी, सरिता देवी, कविता देवी, जयमाला आदि महिला पुरुष कथा में शामिल है। आरती के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया।


सम्भल। पोल पर काम करते करंट से लाइनमैन की मौत पर हंगामा करते परिजनों को समझाती पुलिस।

# करंट से झुलसे लाइनमैन की मौत

लिखित में शटडाउन लेने के बाद भी छोड़ दी बिजली

मृतक के पिता की तहरीर पर जे ई समेत चार पर रिपोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कैला देवी थाना क्षेत्र में बिजली विभाग की लापरवाही के चलते एक लाइनमैन की विद्युत पोल पर बिजली लाइन सही करते समय करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजन शव लेकर केला देवी बिजली घर पहुंच गए जहां उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ जमकर हंगामा किया ,नारेबाजी की। सूचना पर जनपद के अलग-अलग कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। जहां परिजनों को समझने का प्रयास किया लेकिन परिजन कार्यवाही पर डटे रहे। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने कैलादेवी एसडीओ, जेई सहित 4 पर रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के चंदन कटी मौजा निवासी 22 वर्षीय रोहतास पुत्र अशोक निजी ठेकेदार के साथ लाइनमैन का कार्य करता था। थाना क्षेत्र के लालपुर तीतरी गांव में नई बिजली लाइन खींचने का कार्य चल रहा है। गुरुवार को रोहतास लालपुर में बिजली लाइन जोड़ने के लिए विद्युत पोल पर चढ़ा हुआ था। जहां परिजनों के अनुसार उसने लिखित रूप से शटडाउन ले लिया था। जिसकी जानकारी एसडीओ जेई व अन्य बिजली विभाग के कर्मचारियों को थी। विद्युत पोल पर चढ़ने के बाद वह करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया तथा नीचे गिर गया। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंच गए। जहां उन्होंने आनन फानन में अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने देखते ही मृत्यु घोषित कर दिया। शव लेकर परिजन कैला देवी विद्युत उपकेंद्र पहुंच गए। शव रखकर जमकर हंगामा किया तथा बिजली विभाग के खिलफ नारेबाजी की और बिजली विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों पर कार्यवाही को लेकर डटे रहे। मृतक के पिता का कहना था कि लिखित में शटडाउन लेने के बाद भी अधिकारियों द्वारा बिजली छोड़ दी गई। जिससे उसके बेटे की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। जहां कार्यवाही के आश्वासन पर परिजन मान गए। जिसके पश्चात पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** बिजली घर पर हंगामे के बाद कई थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। जिसमें एडिशनल एसपी भी मौके पर पहुंच गए थे। इसके अलावा नखासा, हयात नगर, एंचोड़ा कंबोह, सम्भल तथा चंदौसी और कैला देवी थाने की पुलिस भी मौके पर रही। एएसपी राजेश श्रीवास्तव ने लोगों को काफी समझाने का प्रयास किया। लेकिन बिजली विभाग का कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं था, जिससे ग्रामीणों में और आक्रोश फैल गया। कार्यवाही का आश्वासन देकर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिजली विभाग की लापरवाही के चलते लाइनमैन की मौत के मामले में परिजनों द्वारा किए गए हंगामे के बाद मृतक के पिता अशोक की तहरीर पर कैलादेवी पुलिस ने कैला देवी विद्युत उपकेंद्र के एसडीओ , जेई, एसएसओ व एनसीसी ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# सपा सांसद को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से मिली बड़ी राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सपा सांसद को इलाहाबाद हाइकोर्ट से बड़ी राहत मिल गयी है जबकि बिजली विभाग को झटका लगा है। उच्च न्यायालय ने छह लाख रूपये जमा करने पर बिजली विभाग के आदेश को स्थगित कर दिया जबकि बिजली कनैक्शन बहाल करने के आदेश दिए है।

विगत वर्ष 24 नवम्बर 24 को शाही जामा मस्जिद के दूसरी बार सर्वे कराने पर हुई हिंसक वारदात के बाद बिजली चैकिंग के दौरान सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के आवास पर बड़े पैमाने पर बिजली चोरी होने के आरोप लगाकर कनैक्शन को प्रथक कर दिया गया था। इसके बाद सपा सांसद पर एक करोड़ इक्यान्वे लाख का जुर्माना लगाया गया था। सपा सांसदकी ओर से सोलर पेनल लगे होने और अन्य आपत्तियां करने के बाद बिजली विभाग से कोई राहत नहीं दी गयी। इस मामले को लेकर सपा सांसद ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। जिस परउच्च न्यायालय की डबल बैंच में न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह व न्यायमूर्ति संदीप जैन ने सुनवायी की। सुनवासी के दौरान दलील दी कि यदि निरीक्षण रिपोर्ट तथा उसमें कथित रूप से पाए गए प्रतिकूल तथ्य स्वीकार कर लिए जाएं, तो भी प्रतिवादी प्राधिकारियों को 12 वर्ष की अवधि के लिए मूल्यांकन करने का कोई अधिकार नहीं है। मूल्यांकन किए जाने की अधिकतम अवधि एक वर्ष से अधिक नहीं हो सकती। मूल्यांकन की वैधानिक अवधि का उल्लंघन करके 1 करोड़ 91 लाख रुपए की पूरी तरह से अस्वाभाविक तथा मनमानी मांग की गई है। याचिकाकर्ता को अपील जारी रखने के लिए ऐसी अवैध मांग का 50 प्रतिशत जमा करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। जबकि पूछे जाने पर याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कहा कि याचिकाकर्ता अपनी अपील जारी रखने के लिए 6 लाख रुपए की स्वीकार्य राशि जमा करने को तैयार है। ऐसे तथ्यों में, मामले में निगम को निर्देश देने के लिए अधिवक्ता को तीन सप्ताह का समय दिया देकर 02.07.2025 को नए सिरे से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके अलावा याचिकाकर्ता दो सप्ताह की अवधि के भीतर प्रतिवादी संख्या 3 के पास 6 लाख रुपये जमा कराने की शर्त पर, 15.05.2025 के आदेश का प्रभाव और संचालन स्थगित कर दिया गया। साथ ही याचिकाकर्ता का बिजली कनेक्शन, जो अस्थायी रूप से काटा गया हो, उसे तत्काल बहाल किया जा सकता है और भविष्य के बिलों के समय पर भुगतान की शर्त पर बनाए रखे जा सकने के आदेश दिए।

# सरकारी नहीं निजि स्कूलों में अपने बच्चे पढ़ाते हैं सरकारी शिक्षक

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** भले ही सरकारी स्कूलों में बेहतर शिक्षा और अन्य प्रबंध कर दिए गए हों,लेकिन मोटी पगार पाने वाले सरकारी स्कूलों के शिक्षक अपने नौनिहालों को निजि और नामचीन स्कूलों में ही प्रवेश दिलाना पसंद है।

सरकार प्राथमिक शिक्षा पर करोड़ों खर्च करती है। सर्व शिक्षा अभियान चलाकर सरकारी स्कूलों में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति पर ज़ोर दिया जाता है, लेकिन सरकारी स्कूलों पढ़ाइ न होने की बन चुकी सोच का असर गांव आम आदमी पर ही नहीं है,बल्कि सरकार से मोटी पगार पा रहे सरकारी स्कूल के शिक्षकों के सर से उतर पाता है। दूसरों के बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों को अपने बच्चे नामचीन और निजि स्कूलो में पढ़ाना पसंद है,जबकि केन्द्र हो या प्रदेश की सरकार सरकारी स्कूलो में बच्चों को शत-प्रशित प्रवेश दिलाकर शिक्षित बनाने पर ज़ोर दे रही है। इसके लिए दोनों ही सरकारों की ओर से मोटा धन भी शिक्षा के नाम पर खर्च किया जा रहा है। सरकार के करोड़ों खर्च के बाद भी सरकारी स्कूलो में शिक्षा का स्तर आज भी कैसा है बताने की ज़रूरत नहीं है। शैक्षिक सत्र शुरू होते ही सरकारी स्कूलों के शिक्षक अपने नौनिहलों को नामचीन और अग्रेज़ी माध्यम स्कूलों में प्रवेश दिलाने की तैयारियों में जुटे रहे। सरकारी स्कूलों में शिक्षापार्जन के लिए अच्छे ओर धनाढ्य घरों के बच्चे आज भी लाखों प्रयासों के बजाए पढ़ने नहीं आते इतना ही नहीं गांवो के धन्नासेठ माने जाने वाले ग्रामीण भी अपने बच्चों को अनेको कठिनाईयां और धन खर्च कर का शहर के बढ़े ओर नामचीन स्कूलों में प्रवेश दिलाते है। यही नहीं नामचीन स्कूलों में प्रवेश नहीं मिलने पर नेता और रसूख वालों से सर्म्पक कर अपने बच्चे का प्रवेश दिलाते हैं। यही नहीं सरकारी स्कूलों के शिक्षक जो हज़ारों रूपया महीना की पगार सरकार से पाते है। वह भी अपने बच्चों को इन स्कूलों में पढ़ाने के बजाए निजी ओर नामचीन स्कूलों में ही शिक्षा ग्रहण करा रहे है। अब सवाल उठता है कि जब सरकारी स्कूल में ही शिक्षा देने वाला शिक्षक ही अपने बच्चे को नामचीन और निजी स्कूल में शिक्षा ग्रहण कराते हैं तो फिर आम और गरीब बच्चे की शिक्षा का स्तर इन स्कूलो में कैसा होगा। इसका अंदाज़ा सहज ही लगाया जा सकता है। जब अपनों को नामचीन और दूसरों के बच्चों को सरकारी स्कूल में पढ़ाने के प्रयास करने वाले शिक्षकों को लेकर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं। वैसे भी सरकारी सकूलों के शिक्षकों की अपने बच्चों के शिक्षपार्जन की गोपनीय जांच करायी जाये तो हकीकत सामने लायी जा सकती है।

**मंहगे और इंग्लिश मीडियम स्कूलों में प्रवेश दिलाने को कराते हैं सिफारिश**

## भाजपा कार्यालय पर कार्यशाला का आयोजन

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन , गरीब कल्याण के11 साल अभियान की जिला कार्यशाला शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय एकता विहार कालोनी में आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि हेमन्त राजपूत जिला प्रभारी उपस्थित रहे। कार्यशाला की प्रस्तावना रखते हुए जिला अध्यक्ष चौधारी हरेंद्र सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जून महीने में केंद्र की मोदी सरकार के स्वर्णिम 11 वर्ष पूर्ण होने पर जिले से लेकर बूथ स्तर तक की कार्ययोजना बना कर जनता के बीच जाएगी।


सम्भल। संत जोगा सिंह स्मारक स्थल का भ्रमण करने पहुंचे बच्चे।

# नि:शुल्क होम्योपैथिक शिविर में रोगियों का किया उपचार

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** नि:शुल्क होम्यापेथ चिकित्सा शिविर का आयोजन कर रोगियों का परीक्षण किया और दवाइयों का वितरण किया गया।

राजकीय होम्यापैथ चिकित्सालय गुन्नौर की शिविर आयुष सचिव उत्तर प्रदेश एवं आयुष मिशन निदेशक होम्यापैथिक निदेशक लखनऊ व मंडलीय अधीक्षक मुरादाबाद डा. अरूणा गौतम के निर्देशानुसार एवं जिला होम्यापैथिक चिकित्साधिकारी सम्भल अंजू सिंगला के आदेश के अनुसार किया गया। जिसमें कुल 78 मरीज़ों (10 महिला, 68 पुरूष) का चिकित्सा परीक्षण किया गया तथा नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर में रोगियों को पौष्टिक भोजन, शरीर की साफ सफाई, व्यायाम और योग करने की सलाह दी गइ। शिविर में चिकित्साधिकारी डा. कृति वार्ष्णेय द्वारा चर्म रोग, मस्तिष्क रोग, पेट के रोग तथा कान, नाक सम्बन्धी रोगों के मरीजों का उपचार किया तथा सर्दी जुकाम व कारोना वायरस से बचाव के लिए आर्सेनिक एल्बम 30 को सभी स्टाफ के लिए वितरण किया गया। इस अवसर पर डा. कृति वार्ष्णेय, वार्ड ब्वाय तिलक सिंह, खंड विकास अधिकारी अखिलेश कुमार व कार्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

**10 महिला 68 पुरुषों का चिकित्सा परीक्षण कर दी दवाएं**

# पर्यावरण दिवस पर राजघाट पर हुए नाटक

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** गंगाघाट राजघाट के बबराला घाट पर जिला गंगा समिति व प्रभागीय वनाधिकारी प्रभाग सम्भल द्वारा पर्यावरण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के अधिकारी मौजूद रहे।

मंगलवार को गंगा घाट के किनारे जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पेसिया, मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओमवीर खड्गवंशी, पूर्व मंत्री अजीत यादव ने पौधारोपण किया। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पेसिया ने पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए पौधारोपण को प्रेरित किया।अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा ने लोगों को पर्यावरण के लिए पौधों की आवश्यकता पर बल दिया।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कलाकारों का नाटक रहा। अपनी प्रस्तुति ने उपस्थित जन का मन मोह लिया।समस्त प्रतिभागी छात्र एवं छात्रों को एमएलसी गोपाल अंजान, अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा,पूर्व विधायक राजू यादव के द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रभागीय वनाधिकारी वंदना, अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा,भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओमवीर खड्गबंशी पूर्व विधायक अजीत उर्फ राजू यादव, परमेश्वर लाल सैनी आदि मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर में वृद्ध की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो



**सम्भल।** थाना नखासा क्षेत्रान्तर्गत मक्का की रखवाली करने गए वृद्ध को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। मौत से परिजनों में मचा हड़कंप। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।

थाना क्षेत्र के गांव सिरसानाल निवासी नन्हे पुत्र जसराम सिंह आए दिन खेत पर मक्का की रखवाली के लिए जाते थे। गुरुवार की भी देररात खाना खाने के बाद खेत पर मक्का की रखवाली करने गए थे। जब शुक्रवार की सुबह जब वापस कर नहीं पहुंचे तो परिजनों को चिंता होने लगी। परिजनों जब सुबह लगभग 8 बजे पहुंचे तो देखा की गम्भीर घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़े मिले। घटना की सूचना तुरंत ही पुलिस को सूचना दी गई। आनन-फानन में गम्भीर रूप से घायल को परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन जब-तक बहुत देर हो चुकी थी। डाक्टरों ने देखते ही मृतक घोषित कर दिया। वृद्ध की मौत से परिजनो में कोहराम मच गया। मृतक के बेटे योगेश ने बताया कि यह रात खाना खाने के बाद घर से ठीक ठाक गए थे। इन्हें किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मारी है।

# बच्चों ने संत जोगा सिंह स्मारक स्थल का किया भ्रमण

शाह टाइम्स, ब्यूरो

**सम्भल।** पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय भारतल सिरसी में ग्रीष्मकालीन शिविर के अंतर्गत शैक्षिक भ्रमण। का आयोजन किया गया जिसमें शिविर में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों ने संत जोगा सिंह स्मारक स्थल का भ्रमण किया।

ग्राम भारतल सिरसी में स्थित संत श्री जोगा सिंह जी चाहल स्मारक स्थल (कुटी आश्रम) का भ्रमण के दौरान आश्रम के मुख्य व्यवस्थापक श्री गिरिराज सिंह चाहल जी द्वारा। संत श्री जोगा सिंह जी महाराज एवं उनके इस स्मारक स्थल का ऐतिहासिक महत्व छात्रों को बताया गया। प्रत्येक वर्ष फाल्गुन माह की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को आयोजित होने वाले उत्सव की जानकारी भी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि इस स्मारक स्थल पर समस्त संप्रदायों एवं जातियों के श्रृद्धालु अपनी मनौतियां पूर्ण करने प्रति वर्ष दिल्ली राजस्थान पंजाब हरियाणा आदि दूर दूर के राज्यों से भी आते हैं। सभी छात्र। अपने ग्राम के इस ऐतिहासिक एवं दर्शनीय पर्यटन स्थल के विषय में। जानकारी पाकर अत्यंत रोमांचित हुए सभी ने परिसर में लगे हुए झूलों का आनंद लिया एवं उद्यान में लगे हुए विविध I प्रकार के फलों के एवं फूलों। के पौधों के विषय में भी जानकारी प्राप्त की। अत्यंत रमणीय एवं प्राकृतिक वातावरण में आकर सभी का मन प्रफुल्लित हो उठा।उक्त आयोजन में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अभिषेक रस्तोगी, सहायक अध्यापक अवधेश कुमार एवं खेल एवं शारीरिक शिक्षा अनुदेशक स्वराज सिंह उपस्थित रहे।

## ज्येष्ठ शुक्ल दश्मी तिथि को गंगाजी का अवतरण

**सम्भल।** पंजू सराय दुर्गा भवन पर स्थित कैम्प कार्यालय पर महायोगा गोरखनाथ महातपा में आध्यात्मिक गुरु पं राधेश्याम श्रीमाली ने कहा की ज्येष्ठ शुक्ला एकम् से दशमी तक योगेश्वर गोरखनाथ को समर्पित महातपा के दशवे दिन ज्येष्ठ शुक्ला दशमी तिथि को पतित पावनी श्रीगंगा जी का अवतरण हुआ था।

# हजरत मुस्लिम की शहादत की याद में शबीहे ताबूत बरामद

शाह टाइम्स,संवाददाता

**सिरसी।** हजरत इमाम हुसैन (अ.) के चचाज़ाद भाई हजरत मुस्लिम (अ.) की शहादत की याद में कस्बे में अनेक इमाम बारगाहों से शबीहे ताबूत बरामद किए गए। जिसमें मातमी अंजुमनों ने नौहाख्वानी की और अज़ादारों ने शरीक होकर ज्यारत की।

इमाम बारगाहों में मजलिसों को खिताब करते हुए उलेमाओं ने कहा कि कूफे के रहने वालों ने हजरत इमाम हुसैन के बुलाने के लिए बड़ी तादाद में खत लिखे। तब इमाम हुसैन ने हालात का जायजा लेने के लिए अपने चचाज़ाद भाई हजरत मुस्लिम को अपना सफीर बनाकर भेजा। हजरत मुस्लिम के कूफा पहुंचने पर उनके हाथ पर कई हज़ार लोगो ने बैअत कर ली। हुकूमत के खिलाफ माहौल होता देखकर गर्वनर इब्ने ज्याद ने हजरत मुस्लिम को शहीद करने के लिए फौज लगा दी। हजरत मुस्लिम ने बड़ी बहादुरी से मुकाबला किया, अकेले मुस्लिम कहॉं तक लड़ते आखिर में कूफे के दारूल अमारा पर ले जाकर उन्हे तलवार से शहीद कर दिया। यह जिलहिज्जा की नौ तारीख थी, इसलिए इस तारीख को हजरत की शहादत की याद में शबीहे ताबूत बरामद किए जात है।

# घोड़ी से टकराकर बाइक सवार घायल

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** कैलादेवी थाना क्षेत्र के ग्राम लधनपुर निवासी शेर सिंह तथा उसका साथी जय नारायन शुक्रवार को अपने रिश्तेदारी बरवाली की मढ़ैया से बाइक से वापस लौट रहे थे। बाइक पर सवार दोनो सम्भल गवां मार्ग स्थित रायपुर पर पहुंचते ही कुत्ते के भोंकने से घोड़ी भागकर सड़क पर आ गयी और बाइक से टकरा गयी। हादसे में दोनों युवक गम्भीर घायल हो गए। दोनो 45 मिनट तक सड़क पर तड़पते रहे।


सम्भल। प्राचीन ईदगाह का निरीक्षण कर जानकारी लेते पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी।

# सिंगल यूज प्लास्टिक का न करें उपयोग

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** नगर के सरस्वती कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में समर कैंप के सत्राहवें दिवस शिक्षिका नेहा यादव की देखरेख में छात्राओं ने सिंगल यूज प्लास्टिक को नाश गतिविधि का आयोजन किया। प्रधानाचार्या अल्पना चौधरी ने प्रार्थना सभा में छात्राओं से कहा कि हम कभी भी बाजार से पन्नी नहीं लाएंगे। शिक्षिका नेहा यादव ने कहा कि छात्राओं को सिंगल यूज प्लास्टिक को न करना है। छात्रओं ने पेपर से थैले और बैग बनाएं। नेहा यादव की देखरेख में छात्रओं ने 'प्लास्टिक से धरती को हानि' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता और वेस्ट मेंटेरियल उपयोगी वस्तुएं बनाई।'इस अवसर मंच पर पिछले सत्र के बोर्ड परीक्षा में विद्यालय की टॉप 03 छात्राओं को सम्मानित किया गया। सरिता, वैष्णवी और संगीता ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि 'मैं लड़की हूं किसी से कम नहीं। छात्रा सरिता ने कहा कि पापा की मेहनत देखकर सोचा कि हम भी खूब पढ़ेंगे। जब माता-पिता और शिक्षक अपने कर्तव्य से पीछे नहीं हटते तो हम क्यों उन्हें निराश करें। वैष्णवी ने बताया कि इस सफलता की प्रेरणास्त्रोत मेरी मां है जो हमारी शिक्षा के लिए जॉब करतीं हैं और पढ़ाई के लिए कोई समय अच्छा या बुरा नहीं होता है, संगीता ने कहा कि पापा ने आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। छात्रओं ने प्रधानाचार्या अल्पना चौधरी और शिक्षिका नेहा यादव को धन्यवाद दिया।

बोर्ड परीक्षा के तीस मेधावियों को किया सम्मानित

# बकरीद पर सफाई दुरूस्त रखने के चेयरमैन ने दिए निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**सम्भल।** ईदुल अजहा पर्व के मद्देनजर सफाई व्यवस्था में लापरवाही नहीं रहे और चाक चौबंद रखने के चैयरमेन ने सफाई कर्मियों और सफाई निरीक्षकों को निर्देश दिए। जबकि लापरवाही बरते जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

नगर पंचायत चैयरमेन कौसर अब्बास ने ईदुल अजहा पर कस्बे भर विशेषकर ईदगाहों व मस्जिदों के पास सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि कुर्बानी के पशुओं के अवशेष समय पर वाहन द्वारा उठाने की व्यवस्था की गई है। चैयरमेन ने हिदायत दी कि कुर्बानी के पशुओ का अवशेष वाहन से रास्ता में नही गिरना चाहिए। इस कार्य में लगे कर्मचारियों को इस बात का विशेष ध्यान रखना होगा। चैयरमेन ने कस्बे वासियों से भी सफाई व्यवस्था को लेकर सहयोग की अपील की।

कार्य में लापरवाही करने पर कार्रवाई की दी चेतावनी

## ईदगाह पर ईद की नमाज सुबह 8:15 पर होगी

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** ईदे अदहा पर प्राचीन ईदगाह पर नमाज सुबह 8:15 बजे अदा करायी जायेगी। जानकारी देते हुए इमामे ईदगाह हाजी मौलाना ज़हीरूल इस्लाम ने बताया कि प्राचीन ईदगाह पर ईद की नमाज सुबह 8:15 बजे अदा होगी। उन्होने लोगों ने ईदे अदहा शांति पूर्ण व भाईचारे के साथ मनाने तथा कुर्बानी सार्वजनिक स्थल नहीं करने और सरकार की गाइड लाइन का पालन करने की भी अपील की।

# समापन पर सांस्कृति प्रस्तुतियों ने मनमोहा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** भारत विकास परिषद संभल कल्की द्वारा चलाई जा रहे पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर का समापन संस्कारों को प्रेरित करने के साथ हो गया।

महर्षि दयानंद आर्य बाल मंदिर जू. हाइ स्कूल के हॉल में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष प्राची गुप्ता सचिव मुदिता गुप्ता नीरा गर्ग मंजू रस्तोगी शोभा गर्ग आदि ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया।जबकि वंदे मातरम का गायन किया गया। बच्चों ने सुंदर-सुंदर कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। सिद्वि आध्या गुप्ता अव्यय आराध्या पिक हर्षिता खुशी परी आराध्या रस्तोगी चारु पंखुड़ी ने नृत्य की प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। द्रविड़ ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। पलाक्षी ने शिव तांडव श्लोक सुनाएं। परिषद परिवार की सदस्य पारुल रस्तोगी और कविता रस्तोगी ने भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। पं. शशि भूषण शास्त्री ने बच्चों को आशीर्वचन देते हुए प्रेरित किया। अध्यक्ष प्राची गुप्ता ने कहां कि बाल संस्कार शिविर का आयोजन बहुत ही उपयोगी और शानदार रहा। इसके लिए सभी पदाधिकारी और सहयोग करने वाले सदस्य बधाई के पात्र हैं।सभी ने अपने बहुमूल्य समय देकर कार्यक्रम को सफल बनाया और बच्चों को नई-नई चीज सिखा कर बच्चों को संस्कारो के लिए प्रेरित किया। शिविर के सफलता पूर्वक संपन्न होने के लिए सभी सदस्यों और बच्चों का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन सचिव मुदिता गुप्ता ने किया कार्यक्रम में शशि भूषण शास्त्री राकेश अग्रवाल उमेश गर्ग अमित गुप्ता गौरव अग्रवाल मनीष गुप्ता शोभा गर्ग नीरा गर्ग शीतल गुप्ता रस्तोगी मोनिका अग्रवाल पारुल रस्तोगी आदि मौजूद रहीं।

**बच्चों को संस्कारों के लिए किया गया प्रेरित**

# पुलिस प्रशासनिक अफसरों ने ईदगाह का किया निरीक्षण

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** ईदे अदहा की नमाज शांति पूर्वक सम्पन्न कराने को पुलिस प्रशासन की और से तैयारियों को अन्तिम रूप दिया जाने लगा है। ईदगाह पर पहुंचे पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने ईदगाह का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक राजेश श्रीवास्तव व सी ओ अलोक कुमार एवं उपजिलाधिकारी डा. वंदना मिश्रा ने संयुक्त रूप से ईदगाह का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने ईदे अदहा की ईदगाह पर नमाज अदा होने के दौरान की जाने वाली व्यवस्थाओं की जानकारी ली। जबकि नमाज कि दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की जानकारी लेकर अधीनस्थों को निर्देश दिए गए।

## दहेज हत्या के वांछित पिता-पुत्र गिरफ्तार

**सम्भल।** कैलादेवी थाना पुलिस ने दहेज हत्या में वांछित चल रहे पिता पुत्र को गिरफ्तार कर लिया।

कैला देवी थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर करछली गांव निवासी मोहित उर्फ मोतीराम पुत्र राम भरोसे एवं उसके पिता राम भरोसे पुत्र रामलाल पत्नी की हत्या में वांछित था। गुरूवार को पुलिस ने उन्हे कैलादेवी चौराहे से गिरफ्तार कर लिया।

**सम्बंध-विच्छेद**

मेरा सगा पुत्र मौ. मोनिस गलत प्रवृत्ति के लोगों के साथ रहरकर गलत कृत्य करता है तथा मेरे साथ गाली-गलोंच करता है और आये दिन मेरे साथ आमादा फसाद रहता है। मैने अपने पुत्र मौ. मोनिस को बहुत समझाया मगर वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। मजबूर होकर मैने अपने सगे पुत्र मौ. मोनिस को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करके घर से निकाल दिया हैं अब मेरा व मेरे परिवार के किसी सदस्य का मौ. मोनिस से नहीं रहा हें अपने किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**अख्तरी बेगम पत्नी रईस अहमद**
नि. मदीना मस्जिद के पास चौधरी सराय तह. व जिला सम्भल।

# पशु क्रूरता के मामले में पुलिस ने पांच को दबोचा, भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** गुरुवार को शाम के समय कोतवाली पुलिस चेकिंग अभियान चला रही थी, इसी बीच मुखबिर की सूचना पर खबर मिली कि दो गाड़ियां पशुओं को बुरी तरह भरकर ले जा रहे हैं, इसी बीच राम. रतन इंटर कॉलेज के पास दोनों गाड़ियों को घेर लिया, जिससे गाड़ी से पांच लोग बाहर भागने लगे और उन्हें मौके से दबोच लिया, पुलिस ने मामले में पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कार्यवाही शुरू कर दी।

कोतवाली पर बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मु0अ0सं0 259/2025 धारा 318(4)/338/336(3)/340(2)/61 ठछै व 11(क) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम बनाम अभियुक्तगण 1. चाँद पुत्र युसुफ निवासी मौहल्ला कुरैशियान कस्बा व थाना किठौर जनपद मेरठ उम्र करीब 23 वर्ष 2. समीर पुत्र इमामुद्दीन निवासी ग्राम खरदौनी थाना इन्चौली जनपद मेरठ उम्र करीब 24 वर्ष 3. महराज पुत्र इश्तखार निवासी खरदौनी थाना इन्चोली जनपद मेरठ उम्र 25 वर्ष 4. रिहान पुत्र इश्तखार निवासी खरदौनी थाना इन्चौली जनपद मेरठ उम्र करीब 20 वर्ष 5. इमामुद्दीन पुत्र अफसर अली नि0 खरदौनी थाना इन्चौली जनपद मेरठ उम्र करीब 46 वर्ष के द्वारा दो अदद आयशर कैन्टर रजिस्ट्रेशन नम्बर क्रमशः न्च15 भ्ज8859 व न्च15ळज 0886 आयशर कैन्टर मय बरामदगी 36 पशु जिसमें पाँच कटरा व इकत्तीस कटिया मय 50 रस्सी के टुकड़े को ले जाने के सम्बन्ध मे पंजीकृत कर उपरोक्त अभियुक्तगणो को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाला पुलिस बल उ0नि0 यशवीर सिह नैन, उ0नि0 यूटी सुनील कुमार, हे0का0 हरेन्द्रपाल सिह, का0 धर्मेन्द्र कुमार, का0 अमित कुमार, का0 अंकित कुमार मौजूद रहे।

# फैक्ट्री के अंदर कर्मचारी को पीटकर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** सीताआश्रम पुलिस चौकी के नजदीक स्थित फैक्ट्री में कार्यरत कर्मचारी को फैक्ट्री के अन्य कर्मचारियों ने मारपीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। घायल कर्मचारी द्वारा कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई है। बता दें कि विशाल कठैरिया पुत्र कुंवरपाल सिंह नि0 गुलडहरा रोड, गणेश कॉलोनी, चन्दौसी पिछले 10-12 दिनों से सीताआश्रम चौकी के नजदीक टेप फैक्ट्री में मजदूरी करता है। विशाल ने बताया कि वह कक्षा 12 के पेपर देने के बाद उपरांत काम की तलाश में था। उसे सीतारोड स्थित टेप की फैक्ट्री में काम मिल गया और काम किये गये 10-12 दिन ही हुए थे। शुक्रवार को मालिक ने मशीन पर लगा दिया। विशाल ने कहा कि अभी वह मशीन नहीं चला पायेगा, बड़ी घटना घटित हो सकती है। इस पर फैक्ट्री के सूरज, मोहित, रिंकू को



मालिक राहुल ने आवाज देकर बुलवा लिया और आते ही रिंकू व मोहित ने मारपीट करना शुरु कर दिया और फैक्ट्री का गेट बंद करने को कहा परंतु वहां से भाग निकला। विशाल का आरोप है कि रिंकू ने उसका मोबाइल व जेब में रखी नकदी भी छीन ली।

फिलहाल घायल द्वारा कोतवाली में तहरीर दी गई है।

## भारत विकास परिषद ने किया वृक्षारोपण

**चन्दौसी।** भारत विकास परिषद शाखा चन्दौसी के द्वारा शुक्रवार को कम्पोजिट विद्यालय अल्हेदादपुर चम्पू वि०क्षे० बनियाखेड़ा में 'विश्व पर्यावरण दिवस' कार्यक्रम व बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया गया। पर्यावरण कार्यकम के अन्तर्गत सर्वप्रथम विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा आम, आंवला, पीपल, नींबू, मीठी सहजन के पौधों का वृक्षारोपण कराया गया। सचिव विपिन कुमार द्वारा प्लास्टिक एवं पॉलीथीन के प्रयोग के दुष्परिणामों को बताकर उनसे बचने के लिए भी प्रेरित किया गया।

वहीं बाल संस्कार शिविर के अन्तर्गत डा. सुमन गुप्ता द्वारा बच्चों को योगा कराया गया। उसके बाद बच्चों से 'पर्यावरण संरक्षण' पर पोस्टर बनवाकर उनका प्रदर्शन कराया गया। इस दौरान पर्यावरण पर एक प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रभात कृष्णा, सचिव विपिन कुमार, कोषाध्यक्ष संजीव शर्मा, संयोजक डॉ सुमन गुप्ता, संयोजक प्रवीण गुप्ता, दृगपाल, नागेश गुप्ता, जयशंकर दुबे, इ0अ0 श्वेता गुप्ता, कलावती, छोटेलाल आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### निर्जला एकादशी पर जगह-जगह शरबत का वितरण

**कांठ।** डी एस एम कॉलिज रोड पर शर्बत का वितरण किया गया। शुभारंभ गन्ना समिति कांठ के सचिव खेत सिंह ओर कांठ रियासत के कुँवर वैभव चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। शर्बत के आयोजन कर्ता तरुण



सूर्यवंशी रहे। इस अवसर पर गन्ना समिति कांठ के सचिव खेत सिंह उनकी धर्मपत्नी सरिता देवी, कुँवर वैभव चौधरी मोहित कुमार, अनिल कुमार, सुरेन्द्र सिंह, विक्रम सिंह, विशाल सिंह, राकेश कुमार, सुधीर कुमार, पूर्व उप प्रधानाचार्य लवकुश कुमार, पारुल चौहान, सपना सूर्यवंशी, अर्शिता, खुशी, हीरा आदि लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा संजीव गुप्ता की दुकान रियासत गेट सहित अलग-अलग जगह पर सर्वत वितरण करते हुए गर्मी के दौरान लोगों को राहत पहुंचाने का काम किया गया।

### पति की शिकायत लेकर थाने पहुंचने के बाद घंटों चला ड्रामा

**कांठ।** पति पर उत्पीड़न का आरोप लगाकर महिला थाने पहुंच गई सूचना मिलते ही महिला के मायके वाले भी थाने आ गए और थाने के बाहर घंटो ड्रामा चलता रहा। पुलिस ने फिलहाल आरोपी पति को थाने में बैठा लिया था मिली जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के गांव मथाना की लड़की की शादी कुछ साल पहले कांठ में हुई थी आरोप है कि उसका



पति उसका काफी समय से उत्पीड़न करता चला आ रहा था आज महिला हताश होकर थाने पहुंच गई और पति पर उत्पीड़न किए जाने के आरोप लगाने शुरू कर दिए।

सूचना मिलने पर पति भी थाने पहुंच गया इसके अलावा लड़की के मायके वाले भी मथाना से थाने आ गए थाने के बाहर दोनों पक्षों के बीच घंटो आरोप प्रत्यारोप का दौर चलता रहा लड़की वालों ने लड़के पर उत्पीड़न करने के आरोप लगाए तो लड़के के परिजनों ने लड़की वालों पर उनके घर में विवाद खड़ा करने के आरोप लगाए। फिलहाल पुलिस ने आरोपी लड़के को थाने में बैठा लिया था लेकिन समाचार लिखे जाने तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हो पाई थी।

### एक नाम वापसी के बाद अब तहसील में चार पदों के लिए होगा 12 को मतदान

**कांठ।** तहसील बार चुनाव के लिए चल रही प्रक्रिया के दौरान आज कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार जीशान आलम ने अपना नाम वापस ले लिया जिससे अब 4 पदों पर 12 जून को मतदान कराया जाएगा एल्डर कमेटी के महावीर सिंह शहजाद रफी और संजीव बिश्नोई ने बताया कि अध्यक्ष पद पर प्रमोद कुमार और प्रदीप कुमार के बीच मतदान होगा



वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए शीशराम सिंह और हरपाल सिंह के बीच चुनाव होगा महासचिव पद के लिए दीपक कुमार विश्नोई और सुनील कुमार के बीच मतदान कराया जाएगा कोषाध्यक्ष पद हेतु करतार सिंह एवं भू प्रकाश सिंह के बीच मतदान होना तय हो गया है। उन्होंने बताया कि इन चारों पदों के लिए मतदान 12 जून को प्रातः 10 बजे से 2:00 बजे तक होगा कनिष्ठ उपाध्यक्ष हेतु जैनुल हसन कनिष्ठ उपाध्यक्ष हेतु मोहम्मद अहमद कनिष्ठ उपाध्यक्ष हेतु चरन सिंह एवं सचिव प्रकाशन हेतु लक्ष्मण सिंह सहसचिव पुस्तकालय हेतु राहुल चौधरी सह सचिव प्रकाशन हेतु सलमान खान और सदस्य कार्यकारणी हेतु इमरान खान त्यागी विजेंद्र सिंह मोहम्मद साजिद जीशान आलम व अतुल बिश्नोई निर्विरोध चुन लिए जाएंगे जिनकी घोषणा 12 जून को की जाएगी।

### मुरादाबाद जनपद में अब नहीं बन पाएगी नई ग्राम पंचायत

**कांठ।** जनपद के अधिकारियों ने जांच कर स्पष्ट कर दिया है कि अब एक भी नई ग्राम पंचायत गठित नहीं होगी। जिले में 643 ग्राम पंचायतें यथावत रहेंगी।इस मामले में डीपीआरओ ने शासन को रिपोर्ट भेज दी है। पंचायत चुनाव से पहले शासन ने जिले से परिसीमन के संबंध में रिपोर्ट मांगी थी। साथ ही यह भी पूछा था कि क्या ग्राम पंचायतों के कोई गांव नगर निकाय में समाहित किए गए हैं। इन सवालों का जवाब देने के लिए डीपीआरओ वाचस्पति झा ने जिले के सभी आठ ब्लॉकों से जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए थे।ब्लॉक स्तर पर अधिकारियों ने जांच के बाद रिपोर्ट देते हुए कहा कि एक हजार से अधिक जनसंख्या के गांवों का गठन 2020-21 में हुए परिसीमन में हो गया था।

डीपीआरओ ने इस मामले में डीएम को रिपोर्ट दी। बताया कि जिले में नई ग्राम पंचायत गठित नहीं होगी। किसी निकाय में गांव समाहित नहीं किए गए हैं। इस मामले में शासन को रिपोर्ट भेजी गई है।

# ग्राम पंचायत नियामतपुर ईक्टोरिया लिख रहा है विकास की नई पटकथा कार्य को पूरा करने का लक्ष्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूढ़ापांडे।** जनपद मुरादाबाद के ब्लॉक मुंडा पांडे क्षेत्र में लगने वाली ग्राम पंचायत नियामतपुर ईक्टोरिया में राज्य व केंद्र सरकार की जल कल्याणकारी योजनाओं को ग्राम प्रधान अशोक कुमार विकास कार्य को पूरा करने में लगे हैं ग्रामीणों की जुबानी बताया गया कि गांव के अंदर 20 साल से लेकर अभी तक किसी भी ग्राम प्रधान ने इतना विकास नहीं कराया था जितना ग्राम प्रधान अशोक कुमार ने कराया है जैसे गांव के अंदर से मंदिर व मस्जिदों को जाने वाला रास्ता खस्ता हालत पड़ा था जो आज सीसी टाइल्स लगाकर सही कर दिया गया है ठंडा पानी पीने के लिए प्याऊ भी लगाए गए हैं गांव के अंदर घर-घर से कूड़ा उठाने का काम भी किया जा रहा है इसी तरह से नियामतपुर ईक्टोरिया गांव के अंदर ही ग्राम प्रधान द्वारा अच्छा कार्य कराया गया है और ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम प्रधान अशोक कुमार, प्रतिनिधि विनोद कुमार ने बहुत ही अच्छा कार्य कराया है संवाददाता शहादत अली ने ग्रामीणों की राय जानी तब उन्होंने बताया की दोनों गांव के अंदर ग्राम प्रधान अशोक कुमार ब प्रतिनिधि विनोद कुमार ने बहुत ही अच्छा विकास कार्य कराया है प्रतिनिधि विनोद कुमार ने बताया कि जो विकास कार्य गांव के अंदर रह गए हैं उनको भी जल्द से जल्द पूरा कर दिया जाएगा, गांव के अंदर ईद उल अजहा के मौके पर सफाई व्यवस्था भी दुरुस्त कर दी गई है।



# फ्यूचर कंपनी ने कर दिया दर्जन भर से ज्यादा लड़कियों का फ्यूचर राब, दी थाने में तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** फ्यूचर प्राइवेट सर्विस के नाम से चालू हुई कंपनी के संचालकों ने दर्जन भर से ज्यादा लड़कियों के फ्यूचर से खिलवाड़ कर दिया और दिखाए गए सपनों के मुताबिक जब काम ना हुआ तो लड़कियों को अपनी गलती का एहसास हुआ आज कई लड़कियां थाने पहुंची और संचालकों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की, डोली पुत्री जबर सिंह निवासी हिरनपुरा थाना स्योहारा जनपद बिजनौर का कहना था कि कस्बे में एक फ्यूचर प्राइवेट सर्विस लिमिटेड के नाम से कंपनी संचालित हुई जिसके संचालकों के कहने पर सोनी व बंसीका उसके गांव हिरनपुरा आई और फ्यूचर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इसमें 17500 जमा कराकर ₹1500 से 3500 तक साप्ताहिक इनकम मिलेगी जिसमें लर्निंग व टीचिंग कोर्स भी कराए जाएंगे इसके बाद आपको कहीं अच्छी जगह नौकरी भी मिल जाएगी। लड़की ने 17 मई को ₹5000 नगद 19 मई को 12500 रुपए कार्यालय में जमा कर दिए डॉली के मुताबिक शिवानी पुत्री भूरे कविता पुत्री नन्हे, किस पत्नी तेजपाल, राखी पत्नी नरेंद्र, निवासीगण मुकाम थाना स्योहारा तनु पुत्री यशदेव ग्राम भनोटी थाना शेरकोट, विकांशी पुत्री जगपाल थाना धामपुर, नैना पुत्री जोगिंदर निवासी ग्राम जैतरा थाना धामपुर ने 17500-17500 जमा कर दिए जो कि लगभग 140000 की रकम जमा हो गई। लेकिन लाभांश किसी भी लड़की को नहीं मिला लाभांश ना मिलने के बाद अब लड़कियों को बेवकूफ बन जाने का एहसास हुआ तो उन्होंने संचालिका से पैसे वापस दिलाने की मांग की आरोप है कि कार्यालय संचालित करने वाले लोगों ने उनकी एक नहीं सुनी और धमका कर भगा दिया पीड़िता थाना कांठ पहुंची और प्रभारी निरीक्षक के नाम तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, समाचार लिखे जाने तक एफआईआर दर्ज नहीं हो पाई थी।



## चार दिवारी गिराने का विरोध करने पर मिली धमकी, मामला दर्ज

**कांठ।** नगर के घोसीपुरा निवासी अश्वनी कुमार पुत्र राम चरन सिंह का कहना है कि मौजा-मौढी हजरतपुर में गाटा सं0 55/1 व 55/2 पूर्ण भाग है। जिसमें उसने अपने कुछ भाग की चाहर दीवारी बना रखी थी। 4 जून को अशोक कुमार पुत्र चौखे सिहँ, राहुल कुमार उर्फ देवेन्द्र पुत्र अशोक कुमार, पूरन पुत्र नन्हे सिंह, लेखराज पुत्र नन्हे सिंह ने खेत की चाहर दीवारी गिराकर क्षतिग्रस्त कर दी इस बात की शिकायत रक्खी तो चारो ने गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी, रुप वसन्त व अन्य लोगो के ललकारने पर हमलावार भाग गये। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

## बालाजी दरबार में तेंदुए ने कुत्ते की ली जान, सेवकों में डर का माहौल

**कांठ।** श्री बालाजी दरबार एवं कमलनाथ आश्रम में एक तेंदुए ने पालतू कुत्ते (फ्रीडम) को अपना निवाला बनाया, मौजूदा सेवकों के होश उड़ गए। नगर से 6 किलोमीटर दूर ग्राम गुलड़िया बहादुरपुर में स्थित श्री बालाजी



दरबार एवं कमलनाथ आश्रम पर प्रतिदिन सुबह-शाम सेवक सामूहिक रूप से पूजा, पाठ करते हैं। आश्रम के संस्थापक संत बाबा तेजराम उर्फ कमलनाथ ने बताया कि प्रतिदिन के अनुसार राम स्तुति, हनुमान चालीसा, बजरंगबाण, आरती के बाद रात्रि 9 बजे एक तेंदुआ नल के पास आते देखा तो मौजूद सेवकों के होश उड़ गए। सेवक इतने कुछ करते तेंदुए ने वहां पालतू कुत्ता (फ्रीडम) पर हमला कर उसे अपना निवाला बना लिया। कुत्ता वहां नहीं पहुंचता तब तेंदुआ मौजूद सेवकों पर भी हमला कर सकता था।

## उपजिलाधिकारी ने चार्ज संभालते ही न्यायालय में तीन घंटे तक किया कार्य

**चन्दौसी।** उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा द्वारा चार्ज संभालने के बाद शुक्रवार को एसडीएम कोर्ट में बैठकर लांबित पड़ीं फाइलों को देखना शुरु किया गया। बता दें कि एसडीएम कोर्ट सैकड़ों फाइलें लांबित है जिनका डिस्पोजल अभी तक नहीं हो पा रहा है और तारीख पर तारीखें लगातार मिल रही थीं। उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा द्वारा चार्ज संभालते ही बैठक में स्पष्ट कह दिया गया था कि वादकारी अपना समय निकालकर मुकदमा लड़ने के एसडीएम कोर्ट में आते हैं। तारीखें मिलने पर समय की बर्बादी होती है। इसलिए मुकदमें में लंबा समय नहीं लगना चाहिए। शुक्रवार को लगभग दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक निरंतर सभी मुकदमों की फाइलों को उपजिलाधिकारी द्वारा सुना गया। कोर्ट परिसर में वादकारी एवं अधिवक्तागण प्रसन्न दिखायी दिये क्योंकि लंबे समय के बाद सभी पत्रावलियों को पढ़कर उन्हें अंतिम निर्णय या नोट मार्क किया गया।

# रोडवेज में 50 नए रूट तैयार होने के बाद अब क्षेत्र के लोगों को मिलेगा आने-जाने की सुविधा का लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम प्रबंधन की ओर से देहात क्षेत्र तक रोडवेज की बस की सुविधा पहुंचाने की तैयारी है। ग्रामीण क्षेत्र में बसों के संचालन के लिए परिवहन निगम ने 50 नए रूट भी तैयार कर लिए हैं। ऐसे में लोग जल्द ही ग्रामीण क्षेत्रों से रोडवेज की बसों में सफर कर सकेंगे। इन मार्गों पर बसों के संचालन के लिए क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय से 68 बसों की मांग मुख्यालय को भेजी गई है। ग्रामीण क्षेत्र के मार्गों पर रोडवेज की बसें चलने से लोगों को काफी राहत मिलेगी।क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय से सभी डिपो से सर्वे कराकर नए रूट तैयार करने के लिए निर्देश दिए थे। जहां, बस चलाई जा सकती है। ऐसे में परिक्षेत्र के सभी डिपो से 50 नए रूट तय किए गए। जिन पर 68 नई बसें संचालित की जा सकें। अब क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय से मुख्यालय को 68 बसों का मांग पत्र भेजा जा चुका है सजिसमें सात मीटर की 28, नौ मीटर की 36 और चार एसी बसें शामिल हैं। वहीं, परिक्षेत्र में सात मीटर की बसों के लिए 24, नौ मीटर की बसों के लिए 26 नए रूट तैयार किए गए हैं। बस आने के बाद इन्हीं रूटों पर बसों का संचालन किया। इन ग्रामीण रूटों पर बसें संचालित होने से क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा मिलेगा। इस समय परिक्षेत्र में अलग-अलग रूटों पर 976 बसों का संचालन किया जा रहा है। जिसमें 300 अनुबंधित और 676 बसें निगम की शामिल हैं। बसों की संख्या बढ़ने से चालक, परिचालकों की संख्या भी बढ़ाई जा रही है। इसके लिए लगातार भर्ती की जा रही है। जिसमें इच्छुक अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। जानकारी के अनुसार परिक्षेत्र में 200 से ज्यादा रूटों पर बसों का संचालन किया जा रहा है।जिसमें प्रमुख रूट मुरादाबाद से दिल्ली, पीतलनगरी से बरेली, मुरादाबाद से मेरठ, मुरादाबाद से नजीबाबाद, मुरादाबाद से बिजनौर, मुरादाबाद से हरिद्वार, मुरादाबाद से रामनगर आदि मार्गों पर बसें संचालित की जा रही हैं।

# नगर पंचायत पाकबड़ा में ईद पर साफ सफाई को लेकर चलाया अभियान





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शुक्रवार को नगर पंचायत पाकबड़ा में ईद की तैयारी के मद्देनजर साफ-सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए विशेष कदम उठाए हैं। अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह ने सफाई कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि वे सफाई व्यवस्था में कोई कमी न रहने दें और ईदगाह को जाने वाले रास्तों पर विशेष ध्यान दें। अध्यक्ष मोहम्मद याकूब ने नगर वासियों से अपील की है कि वे कुरबानी के बाद किसी भी प्रकार की गंदगी इधर-उधर न डालें, बल्कि नगर पंचायत के वाहन आने पर ही उसमें डालें। इससे नगर की स्वच्छता और स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद मिलेगी। नगर पंचायत पाकबड़ा के अधिकारी और कर्मचारी ईद के अवसर पर नगर की साफ-सफाई और सुंदरता को बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। नगर वासियों से अपील की गई है कि वे नगर पंचायत के प्रयासों में सहयोग करें और ईद के अवसर पर स्वच्छता और शांति बनाए रखने में अपना योगदान दें। इस पहल से नगर पंचायत पाकबड़ा ने एक बार फिर से अपने निवासियों के प्रति अपनी जिम्मेदारी और समर्पण का प्रदर्शन किया है। हमें उम्मीद है कि नगर वासी नगर पंचायत के प्रयासों में सहयोग करेंगे और ईद के अवसर पर स्वच्छता और शांति बनाए रखने में अपना योगदान भी देंगे

**संबंध विच्छेद/बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र मोहम्मद फुरकान व पुत्रवधू श्रीमती नेहा को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेंबाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।
**श्रीमति नादरा बेगम पत्नी स्व. उसमान निवासी डाक्टर रस्तौगी के पास मोहल्ला खोखरान तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बीजना तहसील व जिला मुरादाबाद में स्थित एक भूमि (खसरा नंबर 887 अ) है जिसका क्षेत्रफल 1147 वर्ग मीटर है। जिसकी चतुर्थसीमाएं निम्न है पूर्व आराजी गजराज सिंह पश्चिम आराजी गजराज सिंह वादूह जबर सिंह उत्तर रास्ता 16 फीट चौड़ा दक्षिण आराजी प्रताप है का मालिक/ दाखिल/काविज नोटिस देहिँदा है। उक्त भूमि वजरिए रजिस्टर्ड बैनामा नंबर 5050/ 2012 के जरिए क्रय की गई थी। उक्त भूमि का अन्य किसी व्यक्ति से कोई संबंध नहीं है।
**नोटिस देहिंदा-परमजीत सिंह पुत्र स्वर्गीय बलवीर सिंह निवासी मोहल्ला लोकोशेड चंद्र नगर तहसील व जिला मुरादाबाद। मोबाइल नंबर-941224501**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र मोबीन पुत्र मुबारीक व पुत्रवधू श्रीमती शबाना पत्नी मोबीन को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेंबाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **मुबारीक पुत्र जाफर निवासी ग्राम मुस्तफापुर बढेरा थाना डिलारी तहसील ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र कपिल ठाकुर पुत्र महेंद्र ठाकुर व पुत्रवधू श्रीमती सोनल पत्नी कपिल ठाकुर को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेंबाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **श्रीमती अंजू ठाकुर पत्नी महेंद्र ठाकुर निवासी हाउस नं0 बी 98 कांठ रोड एसडीएम पब्लिक विद्यालय के पास हरथला, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

# छात्र-पुलिस अनुभवात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** रिजर्व पुलिस लाइन की सभागार में छात्र-पुलिस अनुभवात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम पर एक गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें एल०वी० एन्टनी देव कुमार जी, अपर पुलिस महानिदेशक नियम एवं ग्रंथ यूपी मुख्यातिथि मोजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कुंवर रनविजय सिंह पुलिस अधीक्षक नगर मुरादाबाद द्वारा किया गया। एडीजी सभी छात्र - छात्राओं से रुबरु हुए तथ उनको चमस प्रशिक्षण प्रोग्राम के प्रमाण पत्र वितरित्त किए। साथ ही मुनि. राज जी- डी ०आई० जी० मुरादाबाद ने भी छात्र- छात्राओं का मार्गदर्शन किया, शुक्रवार के कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एल० वी० एन्टनी देव कुमार अपर पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश,ने प्रात: 12 वजे कार्यक्रम में पहूंचकर छात्र- छात्राओं से परिचय किया, साथ ही उन्होंने युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम छात्र- पुलिस अनुभवात्मक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्र- छात्राओं से पुलिस की कार्य प्रणाली को सिखने से उनके अनुभव व कठिनाइयों को जानने का प्रयास किया।

कार्यक्रम में पहुंचे एम०जे ०पी० रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली के एन० एस०एस० नोडल अधिकारी डा० विजय कुमार त्रिपाठी जी एवं सुखदेई स्मारक महाविद्यालय रतुपुरा ठाकुरद्वारा मुरादाबाद के एन०एस०एस० कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राजपाल सिंह व हरि मंगल महाविद्यालय बिलारी की कार्यक्रम अधिकारी से इसे कार्यक्रम को और अधिक सफल बनाने के बारे में चर्चा की उन्होंने कहा कि इस वार मुरादाबाद जिला के केवल तीन डिग्री कालेज से केवल 45 छात्र- छात्राओं को यह प्रशिक्षण दिया गया है। जिसमें सुखदेई स्मारक महाविद्यालय रतुपुरा ठाकुरद्वारा ,डी ०एस ०एम० कालेज कांठ तथा हरि मंगल डिग्री कॉलेज बिलारी को शामिल किया गया है। यह प्रशिक्षण केवल राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्राओं को दिया गया है। प्रशिक्षण को प्राप्त करने वाले छात्र- छात्राओं को प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र व् 2 क्रेडिट पॉयंट अतिरिक्त मिलेंगे। जिनका उल्लेख उनकी मार्कशीट मे भी होगा। आज के कार्यक्रम में पुलिस नोडल लिंक अधिकारी कुंवर रणविजय सिंह एसपी सिटी वाचक उप निरीक्षक अजय कुमार, सहायक नोडल अधिकारी मुख्य आरक्षी अजीत सिंह, इंसपेक्टर क्राइम थाना ठाकुरद्वारा संजय शुक्ला, महिला एस आई डिलारी संजू रानी, उप निरीक्षक कांठ सुभाष चंद्र आदि पुलिस अधिकारी मोजूद रहे।

## पालिका परिसर में चार पहिया गाड़ियों से हो रहे अतिक्रमण को हटवाए जाने की एसडीएम की मांग

**ठाकुरद्वारा।** नगरपालिका परिसर में बनी पानी की टंकी के नीचे नगर लोगों की अवैध तरीके से चार पहिया गाड़ी करके अतिक्रमण कर रखा था। इस पर पालिका कर्मचारियों ने एसडीएम को शिकायत पत्र देकर पालिका को गाडियों के अतिक्रमण से मुक्त कराए जाने की मांग की।

बतादें कि काफी समय नगर के वांशिदों ने अपनी चार पहिया गाडिघ्यो को नगरपालिका में बनी पानी टंकी के नीचे खड़े करके अतिक्रमण रखा है। इस अतिक्रमण कारण पालिका कर्मचारियों काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। शुंक्रवार को पालिका कर्मचारी अनील अहमद, अशरफ अली, मुकेश यादव, शरीफ अहमद ने एसडीएम को शिकातयी पत्र देकर पालिका में टंकी नीचे अवैध रूप से चार पहिया वाहनों को खड़ा करके अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पालिका परिसर को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की गुहार लगाई।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर कॉलेज परिसर में पौधेरोपित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** सुरजन नगर के गांधी स्मारक महाविद्यालय, सुरजन नगर में विश्व पर्यावरण दिवस के अंतर्गत एनएसएस इकाइ ने वृक्षारा. पण कार्यक्रम किया। महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस की थीम प्लास्टिक को धरती से मिटाना है् के अंतर्गत प्लास्टिक मुक्त कैंपस का प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर भूपेंद्र सिंह ने विश्व पर्यावरण में होने वाले बदलाव और उससे होने वाली जनहानियों के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के एनएसएस इकाइयों के प्रभारी ने भी वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम में कॉलेज महाविद्यालय छात्र-छात्राएं रवि यादव, राकेश, मंतशा, अमित, कंचन आदि ने भाग लिया।



## गांधी स्मारक महाविद्यालय में एक दिवसीय योगव बैंक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुरजननगर।** गाँधी स्मारक डिग्री कॉलेज में शुक्रवार को शारी. रिक शिक्षा विभाग के द्वारा डॉ० देवेन्द्र प्रकाश ने 21 मई से 21 जून तक मनाये जाने वाले विश्व योगा दिवस कार्यक्रम के अन्तर्गत एक दिवसीय योग कैम्प का आयोजन किया गया। वहीं महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा एम० ओ० यू० कार्य के अन्तर्गत अर्थशास्त्र के छात्र/छात्राओं ने डॉ० ओम प्रकाश सिंह के नेतृत्व में स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया में शैक्षिक भ्रमण किया। जिसमें स्टेट बैंक के ब्रांच के ब्रांच मैनेजर देशराज सिंह ने छात्र/छात्राओं को बैंकिग कार्यप्रणाली से अवगत कराया। कार्यक्रम में भूपेन्द्र सिंह, डॉ० संजय कुमार, उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुस्कान, कमलदीप चौहान, रीनू, गुडिघ्या रानी आदि उपस्थित रहें।




## एसएमआर ( श्री मुंशीराम) मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का मुख्य विकास अधिकारी रामपुर ने किया फीता काटकर शुभांरभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** शुक्रवार को जनपद रामपुर के मुख्य विकास अधिकारी आईएएस नंद किशोर कलाल ने नगर मे एसएमआर ( श्री मुंशीराम) मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ फीता काट कर शुभारंभ किया। शुक्रवार को नगर में कमालपुरी रोड पर मोहल्ला लालबाग में एसएमआर ( श्री मुंशी राम ) मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ जनपद रामपुर के मुख्य विकास अधिकारी आईएएस नंद किशोर कलाल द्वारा फीता काट कर किया गया।





हॉस्पिटल के चौयरमैन अखिलेश शर्मा ने बताया कि मेरे स्वर्गीय पिता मुंशी राम जी ने किशनपुर गांवड़ी में वैद्य का कार्य प्रारम्भ किया। वो अकसर जंगलों में जड़ी बूटी इकट्ठा करने हेतु जाया करते थे और सामान्य रोगों के अलावा बच्चों के सूखा और मसान रोग का सटीक इलाज करने की महारथ रखते थे। वो चाहते थे की लोगों को सही और सस्ता इलाज मुहैया होना चाहिए और लगभग 40 वर्षों तक आसपास के हजारों मरीजों की तहेदिल से सेवा करने के उपरांत साल 1987 को यह पुण्य आत्म पञ्च तत्त्व में विलीन हो गई। उन्होंने मुझे भी इस आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक पद्धति से मरीजों की सेवा करने का हुनर सिखाया और एक संकल्प के साथ आगे बढ़ने की राह दिखाई। उसी संकल्प को ध्येय मानकर मेरी बेटी डॉक्टर हर्षा शर्मा ने एम. बी. बी. एस. , एम. डी. की पढ़ाई कर इस सपने को साकार स्वरूप दिया और मेरे साथ कंधे से कंधा मिलाकर इस हॉस्पिटल का संचालन कर रही है।

डॉक्टर हर्षा ने दिल्ली गवर्नमेंट हॉस्पिटल और उत्तराखंड गवर्नमेंट हॉस्पिटल रुद्रपुर में लगभग 6 सालों में कई हजार मरीजों का इलाज कर अनुभव प्राप्त किया है। पिछले दो सालों से वो हमारी क्लीनिक जो कि सनातन इंटर कॉलेज के पीछे स्थित है, का संचालन कर रही हैं। मेरे दामाद सौरभ पांडेए पूर्ण निष्ठा से खड़े हैं और हॉस्पिटल की नींव से लेकर सारी प्लानिंग, कंस्ट्रक्शन, मार्केटिंग आदि का संचालन किया हैं। साथ ही बताया कि इस एसएमआर हॉस्पिटल के माध्यम से लोगों को किफायती, आधुनिक और विश्वसनीय इलाज मुहैया कराया जाएगा ताकि उनकों जच्चा - बच्चा, मेडिसिन, सर्जरी, हड्डी, किडनी, गुर्दा, हृदय, पेट आदि से संबधित अधिकतम बीमारियों के लिए काशीपुर,मुरादाबाद या अन्य शहरों में जाकर मंहगा इलाज न करवाना पड़ें। एसएमआर हॉस्पिटल में टीपीए द्वारा कैशलैस और आयुष्मान योजना के अंतर्गत मुफ्त इलाज की भी सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी।

## सतारन गांव में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सतारन के पास जंगल में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

शुक्रवार को शाम के करीब 5:00 बजे कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति का शव पड़ा है, सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त करवाई लेकिन कोई पहचान न सका, इसके अलावा कोतवाली पुलिस ने सोशल मीडिया का सहारा लिया है लेकिन कोई पहचान नहीं हो सकी, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतक सफेद पेंट और फूलदार काली शर्ट पहना हुआ था, जिसके हाथ में एक पी अक्षर लिखी हुई अंगूठी पहने हुए था।

## जाट महासभा ने किया विकास कुमार को सम्मानित

**बिलारी।** जाट महासभा के तहसील अध्यक्ष आनंदवीर सिंह के साथ अन्य पदाधिकारियों ने मास्टर सरजू सिंह के आवास पर पहुंचकर उनके पुत्र विकास कुमार को आईआईटी रुड़की से गणित में पीएचडी कंप्लीट करने पर इस उपलब्धि के लिए सम्मानित किया। विकास कुमार एक प्रतिभाशाली छात्र रहे है। इन्होंने इंटरमीडिएट सक्रेड हार्ट्स कॉन्वेंट स्कूल चंदौसी से सन 2015 में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर किया था। दिल्ली यूनिवर्सिटी से मैथेमेटिक्स से बीएससी होनॉर्स 2018 में गोल्ड मेडल के साथ किया था। 2020 में आईआईटी बॉम्बे से एमएससी सिल्वर मेडल के साथ पूरा किया। जाट महा सभा के लोगो ने अग्रिम भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके परआनंदवीर सिंह, सुनील लाठर, सरजू सिंह मास्टर साहब ,विजयवीर सिंह एडवोकेट, चंद्रविजय सिंह , प्रदीप सिंह मास्टर साहब अजयवीर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## चौकी इंचार्ज ब्रह्मबाजार सीमा चौधरी लाइन हाजिर

**चन्दौसी।** ब्रह्मबाजार चौकी इंचार्ज सीमा चौधरी को लाइन हाजिर कर दिया गया है। मामला एक मुकदमे से होकर जोड़ा जा रह है जिसमें आईओ सीमा चौधरी की लापरवाही सामने आयी है। मामला पुलिस अधीक्षक तक पहुंचा जिसकी जांच एएसपी संभल द्वारा की गयी जिसको लेकर एएसपी ने कैथल गेट चौकी इंचार्ज को निलंबित कर दिया। आखिर मामला एक प्रॉपर्टी डीलर द्वारा दर्ज करायी गयी एफआईआर को लेकर था। प्रॉपर्टी डीलर अनंत शर्मा पुत्र रमेशचंद्र शर्मा नि0 गणेश कॉलोनी चन्दौसी, मु0अ0सं0 35/2025 विदुशेखर, ममता पत्नी ब्रजकिशोर, लवी गुप्ता पुत्री रानी गुप्ता, संजीव गुप्ता पुत्र नामालूम के खिलाफ धारा 318/4, 338/3, 336/3, 340(2) बीएनएस के अंतर्गत दर्ज कराया गया। इस मुकदमे में विवेचक सीमा चौधरी थीं परंतु 05 माह के अंतराल में विवेचक द्वारा अनंत शर्मा के बयान भी नहीं लिए और न ही अभियुक्तों के खिलाफ कार्यवाही की। आखिर वादी उच्च न्यायालय पहुंचा जिसमें उच्च न्यायालय द्वारा विवेचक को तलब किया गया जिसमें न्यायालय द्वारा विवेचक को समय सीमा निर्धारित की गई कि वह अपनी विवेचना दो माह के अंदर पूरी करें पर विवेचना इसके बाद भी पूर्ण नहीं हुई। एएसपी ने संज्ञान लेते हुए संभवत: विवेचक को तलब किया। आखिर 05 माह से लगातार विवेचना में शिथिलता क्यों है, संभवत: सीमा चौधरी का चौकी हटना इसी मामले से जोड़ा जा रहा है। सरकारी कार्य में ढील देना एवं विवेचना सही से न करना इसका मुख्य कारण है। वहीं एसपी के.के. बिश्नोई द्वारा थाना नखासा क्षेत्र की भोलेश्वर पुलिस चौक के इंचार्ज जितेन्द्र कुमार को भी लाइन हाजिर किया गया है।

## पुलिस ने दो वारंटी किए गिरफ्तार

**डिलारी।** थाना डिलारी पुलिस ने दो वारंटी गिरफ्तार कर न्यायालय के सुपुर्द पेश कर दिए, थाना भगतपुर क्षेत्र के गाव,दौलपुरी निवासी, नईम और थाना भोजपुर क्षेत्र गांव अहमदपुर निवासी इस्तकिम मुकदमे के दौरान काफी दिनों से अदालत में गैर हाजिर चल रहे थे, कोर्ट की अवहेलना करने पर माननीय न्यायालय गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया, उस पर थाना डिलारी पुलिस ने शुक्रवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तारकर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया, जहां से अदालत ने जेल भेज दिया।

## प्रधानमंत्री ने 11 वर्ष में गरीबों के कल्याण के लिए लागू की योजनाएं: राजेश यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे 11 साल के उपलक्ष्य में भाजपा जिला कार्यालय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि जिला प्रभारी राजेश यादव एवं कार्यशाला की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल ने की। जिला प्रभारी राजेश यादव ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार के 11 वर्षों में गरीबों के कल्याण के लिए कई योजनाएं लागू की हैं। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए पिछले एक दशक से भारत को विश्व में आगे की ओर ले जाने के लिए बहुत सारी योजनाओं द्वारा भारत वासियों को आत्मनिर्भर बनाया।उन्होंने कहा, सरकार की सभी प्रमुख योजनाएं गरीबों के जीवन में बदलाव लेकर आई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार नौ जून को अपनी सत्ता के लगातार 11 साल पूरे करने जा रही है। इसके लिए भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार इस पूरे कार्यकाल की उपलब्धियों से लोगों को अवगत कराने के लिए जनसंपर्क अभियान शुरू करेगी।उन्होंने बताया कि एनडीए सरकार ने पिछले एक दशक से अधिक समय में



सशक्तीकरण, बुनियादी ढांचे और समावेश पर ध्यान केंद्रित कर कई लोगों को गरीबी के चंगुल से बाहर निकालने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए ऐसे समावेशी और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है जिसमें प्रत्येक नागरिक को सम्मान के साथ जीने का अवसर मिले। जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल ने कहा कि मोदी सरकार की सभी प्रमुख योजनाएं गरीबों के जीवन में बदलाव लेकर आई हैं।प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जन धन योजना और आयुष्मान भारत जैसी पहलों ने आवास, खाना पकाने के स्वच्छ ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच को बढ़ाया है। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी), डिजिटल समावेशन और ग्रामीण बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देकर पारदर्शिता और अंतिम छोर तक लाभ को तेजी से पहुंचाना सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा है कि इसी वजह से 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी से बाहर आ पाए हैं। उपलब्धियां 140 करोड़ देशवासियों के जीवन को आसान बनाने वाली मोदी सरकार ने बीते 11 साल में उपलब्धियां न सिर्फ अभूतपूर्व हैं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों के जीवन को आसान बनाने वाली हैं। मोदी सरकार देश को आगे ले जाने के अपने इन प्रयासों के साथ हम विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को जरूर हासिल करेंगे। कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि हम सब जनता तक पहुंचकर मोदी सरकार की प्रमुख उपलब्धियों के बारे में उन्हें बताएं। कार्यशाला में महामंत्री राजन बिश्नोई, हर ज्ञान सिंह, चंद्रपाल सैनी, पूर्व जिला महामंत्री चौधरी हुकुम सिंह जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका, भजनलाल पाल, आदेश चौधरी,,ओमपाल सैनी, वाले चरण वाल्मीकि आईटी संयोजक आदित्य शंख्यदार, चौधरी हुकुम सिंह, नवीन चौधरी, चकित चौधरी, मयूर भाटिया, सुमन देवी, आदेश चौधरी एवं 16 मंडल के मंडल अध्यक्ष आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## निर्जला एकादशी पर एक्टिव प्रेस क्लब ने जगह-जगह कैंप लगाकर बांटा शरबत

**सुरजननगर।** सुरजननगर के पत्रकार समय-समय पर समाज



सेवा कर एक्टिव प्रेस क्लब का नाम रोशन करते रहते है। शुक्रवार को भी चौकी क्षेत्र के सुरजन नगर में एक्टिव प्रेस क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा निर्जला एकादशी के उपलक्ष पर श्री श्री 108 नलो बाले बाबा के मन्दिर के स्थान व गांव बढ़ापुर नाजर पट्टी में पंचमुखी हनुमान मन्दिर पर छबील लगाकर गर्मी में बेहाल राहगीरों को मीठा शरबत पिलाया गया। गर्मी में ठंडा और मीटा शरबत पीकर गर्मी से राहत महसूस की। कार्यक्रम में सुरजननगर के प्रमुख पत्रकार अनुज विश्नोई ,हरिओम सिंह, आकाश विश्नोई ,प्रशांत कुमार चौहान आदि शामिल रहे।

## तीन अधिवक्ताओं का सहायक शासकीय अधिवक्ता के लिए चयन

**चन्दौसी।** जनपद न्यायालय संभल में तीन सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) के पद पर उ0प्र0 सरकार द्वारा तीन अधिवक्ताओं को नियुक्त किया गया है। शुक्रवार को तीनों अधिवक्ताओं का स्वागत साथी अधिवक्ताओं द्वारा फूल मालाएं व पटका पहनाकर किया गया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। बता दें कि हरिओम प्रकाश उर्फ हरीश सैनी ने संभल दंगे के सभी आरोपियों की जमानत खारिज कराने में शासन की ओर से जोरदार पैरवी की थी इस अवसर पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष नजर कुरैशी, सचिव सचिन गोयल, हरवीर यादव एड., मलखान सिंह एड., सुनील सिंह एड., दयासिंधु यादव एड., भूषण सैनी एड., ललितमोहन सैनी एड., दिवाकर सक्सेना एड., सत्यप्रकाश मौर्य एड., प्रेमप्रकाश मौर्य एड., मंजू रानी एड., संजय सैनी एड., साहिद एड., कृष्ण कुमार एड. आदि उपस्थित रहे।

## नगर में जगह-जगह किया शरबत का वितरण



**चन्दौसी।** जून माह में भीषण गर्मी पड़ रही है। लोगों को ठंडा पानी मिल जाए तो गर्मी से राहत मिल जाती है। वहीं भीषण गर्मी में लोग जगह-जगह स्टाल लगाकर राहगीरों को शीतल जल व मीठा शर्बत पिला रहे हैं। शुक्रवार को फुब्बारा चौक, चर्च, गोलागंज, बड़े गुरुद्वारे के सामने स्टाल लगाकर मीठे शर्बत का वितरण किया गया। वहीं राहगीरों ने मीठा शर्बत पीकर अपनी प्यास बुझायी।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई-टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| Tender No. Date | 51-DRM-MB-25-26 dt. 06.06.2025 |
| Name of work | Provision of electronic type track based rail gauge face lubricator-10 nos under Sr. DEN/HQ/MB |
| Tender Closing Date / Time | 04.07.2025 |
| Advertised Value (Rs.) | Rs. 1,60,80,174 |
| Earnest Money (Rs.) | Rs. 2,30,400.00 |
| Tender Cost (Rs.) | 00 |
| Bidding Start Date | 20.06.2025 |
| Period of Completion | 06 Month |

सं.: No.: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 06.06.2025 1687/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर **मण्डल अभियन्ता/III/मुरादाबाद** द्वारा **ई-टेन्डर** निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल **IREPS** पार्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाईन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| टेन्डर संख्या दिनांक | 52-DRM-MB-25-26 DATE 05.06.2025 | | | | |
| कार्य का नाम | Lubrication of curves using contractors own track based rail Guage Face Lubricator (Electronic Type) - 9 Nos. in the jurdiction of ADEN/BE under Sr.DEN-III/MB | | | | |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 30.06.2025 16:00 | अनुमानित लागत | ₹ 1,44,72,156.60 | | |
| धरोहर राशि | ₹ 2,22,400.00 | बिडिंग स्टार्ट तिथि | 16.06.2025 | टेन्डर की लागत | ₹ 5000.00 |
| आफर की वैधता | 90 Days | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 60 Months | | |

नं. 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 05.06.2025 1675/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कब्रिस्तान का अवैध अतिक्रमण हटाकर सड़क निर्माण कार्य शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** चन्दौसी को चांदसी नगरी बनाने का कार्य उप जिलाधिकारी विनय मिश्रा द्वारा चार्ज संभालते ही शुरु कर दिया गया है। एक ही रात्रि में मालगोदाम रोड स्थित कब्रिस्तान का अतिक्रमण बुल्डोजर की सहायता से अवैध अतिक्रमण ध्वस्त कर दिया गया। पूरी रात्रि उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा, सीओ अनुज चौधरी, ईओ धर्मराज व राजस्वकर्मियों की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण हटने से रास्ता चौड़ा हो गया है। अब नगरपालिका द्वारा बुल्डोजर की सहयता से मिट्टी हटाकर उस पर रोड़ी डालकर सड़क तैयार की जा रही है। यहां बताते चलें कि 35बी रेलवे फाटक के बराबर स्थित कब्रिस्तान के 11 मीटर अंदर कब्रों व पेड़ों को हटाकर रोड डालना शुरु हो गया है। फिलहाल पेट्रोल पंप के आसपास रास्ता चौड़ा होने पर अब लोगों को वाहनों द्वारा लगने वाले जाम के झाम से मुक्ति मिलेगी।



## फुव्वारा चौक पर मेडिकल स्वामी ने स्वयं हटाया अतिक्रमण

**चन्दौसी।** उपजिलाधिकारी विनय मिश्र द्वारा चार्ज संभालते ही अतिक्रमण करने वालों ने स्वयं अतिक्रमण हटाना शुरु कर दिया है। लोगों को उम्मीद नहीं थी कि अक्टूबर माह में अतिक्रमण हटाकर चन्दौसी को मूल स्वरुप में लाने वाले कर्मठ अधिकारी को पुनः चन्दौसी में तैनात किया जायेगा। अपने पूर्व कार्यकाल में कई स्थानों से अतिक्रमण हटाया और वहां की सडकों की चौड़ाई बढ़ाई गई। अब विनय मिश्रा को तहसील चन्दौसी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा द्वारा चार्ज संभालते ही अतिक्रमण हटाना शुरु कर दिया गया है। फुब्बारा चौक स्थित चार्ली मेडिकल स्टोर स्वामी द्वारा पूर्व समय में निशान लगाने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया परंतु अब उपजिलाधिकारी के चार्ज संभालने के बाद स्वयं अतिक्रमण हटाया जा रहा है।

# तहसील परिसर में एसडीएम ने बांटा शर्बत

**चन्दौसी।** ज्येष्ठ माह के गंगा दशहरा पर जहां लोग गंगास्नान के गंगाघाटों पर पहुंचे तो वहीं जगह-जगह लोगों भंडारा व मीठा शर्बत वितरित किया गया। उपजिलाधिकारी चन्दौसी विनय मिश्रा द्वारा गुरुवार को तहसील परिसर में गंगा दशहरा के पर्व पर शरबत वितरित किया गया। नवागंतुक उपजिलाधिकारी द्वारा अपने कर-कमलों से तहसील में आने वाले लोगों को शरबत वितरित किया गया। इस अवसर राजस्वकर्मियों सुशील यादव, अतुल पाठक, वरुण कुमार, शिवओम शर्मा, संजीव कुमार, सचिन के साथ-साथ अधिवक्ताओं में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव, अमरपाल सिंह हरीश कठैरिया, महीपाल, धारासिंह, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

### टिमिट की भाग्यशाली छात्रा का एजीजे डाटा इन्फोटेक कंपनी ने किया चयन

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय के टिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट की एमबीए 2025 पासआउट छात्रा सुरभि जैन ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। सुरभि का चयन प्रतिष्ठित टेक्नोलॉजी और डेटा सर्विस कंपनी एजीजे डाटा इन्फोटेक, नई दिल्ली में एचआर एग्जीक्यूटिव पद के लिए हुआ है। इस चयन प्रक्रिया में तीन प्रमुख चरण शामिल थे - स्क्रीनिंग राउंड, ग्रुप डिस्कशन और व्यक्तिगत साक्षात्कार। सुरभि ने अपनी दक्षता, आत्मविश्वास और प्रभावी संवाद शैली के दम पर कंपनी के चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। एजीजे डाटा इन्फोटेक एक उभरती हुई डेटा और आईटी सॉल्यूशन कंपनी है, जो भारत में अनेक प्रतिष्ठित संस्थानों को ह्यूमन रिसोर्स एवं टेक्नोलॉजी सेवाएं प्रदान कर रही है। एचआर एग्जीक्यूटिव पद पर सुरभि की नियुक्ति, टिमिट कॉलेज की इंडस्ट्री-ओरिएंटेड ट्रेनिंग और छात्र विकास कार्यक्रमों का प्रत्यक्ष प्रमाण है। टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन ने सुरभि जैन को उनकी इस सफलता पर बधाई देते हुए कहा, "यह चयन न केवल सुरभि की कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है, बल्कि टिमिट कॉलेज की गुणवत्ता और मार्गदर्शन का भी प्रमाण है। उनकी यह उपलब्धि कॉलेज के लिए गर्व का क्षण है और अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।" कॉरपोरेट रिसोर्स सेंटर के असिस्टेंट डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर और जॉइंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ सिंह ने भी सुरभि जैन को उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, सुरभि जैन ने अपने कौशल और आत्मविश्वास के बल पर इस प्रतिष्ठित कंपनी में स्थान पाया है। उनका यह चयन टिमिट की प्लेसमेंट प्रक्रिया और विद्यार्थियों की प्रतिभा को दर्शाता है।" सुरभि की यह उपलब्धि कॉलेज के अन्य छात्रों को उनके सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करेगी। सुरभि जैन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों, परिवार और टिमिट कॉलेज को दिया। उन्होंने कहा, कॉलेज ने न केवल हमें शिक्षा दी बल्कि हमें उद्योग की जरूरतों के अनुरूप विकसित किया, जिससे हमें यह अवसर प्राप्त हुआ।


सुरभि जैन

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने ईदगाह जाकर लिया सफाई व्यवस्था का जायजा

**कांठ।** नगर पंचायत अध्यक्ष इकवाल आलम अंसारी ने ईदगाह स्थल कांठ का जायजा लिया और नगर पंचायत कांठ में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जितनी भी मस्जिद नगर में है उनके पास सफाई व्यवस्था दुरुस्त रहनी चाहिए और तीन दिन तक चलने वाली कुर्बानी के दौरान किसी भी प्रकार की गंदगी नगर में न होने पाए। उन्होंने कुर्बानी के ओज को कब्रिस्तान में कराए गए गड्ढे में समय रहते पहुंचाने के निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि हिंदू मुस्लिम आपस में हर त्यौहार को मिल जुलकर मनाते हैं। ईद हो या दिवाली हम सब उसे प्रेम और सौहार्द के साथ मनाते आए हैं इस बार भी उसी प्रेम और सौहार्द के साथ पर्व मना कर हम शांति का संदेश देंगे। इस अवसर पर विभिन्न वार्डो के सभासद और समाजवादी पार्टी के नेता आदि मौजूद रहे।



### जनपद न्यायाधीश, डीएम व पुलिस अधीक्षक ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**मुरादाबाद।** जनपद न्यायाधीश जनपद सम्भल दुर्ग नारायण सिंह, जिलाधिकारी सम्भल डॉ राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार द्वारा जिला कारागार मुरादाबाद का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा कारागार में बंदियो को मिलने वाली सुविधाओं व सुरक्षा व्यवस्थाओं आदि को चेक कर जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान जेल में साफ-सफाई और बंदियों /महिला बंदियों की समस्याएं सुनी गयी।



# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में योगा सत्र का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्सब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय परिसर स्थित मल्टीपरपज हाल में 29 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी एवं 2/24 यूपी ब्वॉयज बटालियन एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में 'योगा बंधन' कार्यक्रम के अंतर्गत एक ''योगा सत्र'' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के समन्वयक व स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह की उपस्थिति में एनसीसी के कैडेट्स और एनएसएस इकाई के विद्यार्थियों ने योग की विभिन्न मुद्राएं कीं। डॉ. सिंह ने बताया कि आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ रखने की दृष्टि से युवाओं को योग से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। डॉ. सिंह ने प्राणायाम, कपाल भारती, भुजंगासन, मंडूक आसन, शीर्ष आसन, ताड़ासन, त्रिकोणासन तथा पृथ्वी मुद्रा, सूर्य मुद्रा, जल मुद्रा, वायु मुद्रा सहित अनेक आसन और मुद्राओं का विद्यार्थियों को अभ्यास कराने के साथ ही प्रत्येक आसन के लाभों के बारे में भी विस्तृत जानक. ारी दी। इस मौके पर कार्यक्रम की आयोजिका व 2/9 यूपी गर्ल्स बटालियन की केयर टेकर सुश्री रश्मि पांडेय एवं 2/24 आयेजक व यूपी ब्वॉयज बटालियन एनसीसी के केयर टेकर श्री शनि मिश्र ने सभी विद्यार्थियों और कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया। साथ ही साथ उन्होंने सभी प्रतिभागियों को योग से होने वाले लाभों को आमजन तक पहुंचाने का भी आह्वान किया। योग सत्र के सफल आयोजन में सुश्री पाण्डेय, श्री मिश्रा सहित स्कूल ऑफ साइंसेज के डॉ. अशोक कुमार, डॉ. पूजा नारंग की विशेष भूमिका रही। इस योग सत्र में एनसीसी बटालियन और एनएसएस इकाई के 50 से अधिक कैडेट्स और विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।



# टीएमयू एल्युमिनाई दुनिया भर में लहरा रहे परचम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** दुनिया भर में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के एल्युमिनाई अपनी चमक, दमक और खनक से लबरेज हैं। टीएमयू की शोध परक स्टडी के बूते ये एल्युमिनाई जमीं से आसमां तक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसके एवज में वे करोड़ों का पैकेज पा रहे हैं। यूएसए, कनाडा, जर्मनी, यूके, फ्रांस, नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया, कतर, यूएई अफ्रीका आदि में टीएमयू के ब्रांड एंबेसडर हैं। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन कहते हैं, दुनिया के कोने-कोने में नामचीन कंपनियों में सर्विस के संग-संग अनुसंधान, उद्यमिता और नवाचार में टीएमयू एल्युमिनाई का अनमोल योगदान है। सभी एल्युमिनाई टीएमयू के लिए किसी एंबेसडर से कम नहीं हैं। ये पुरातन छात्र मेडिकल, डेंटल, इंजीनियरिंग, पैरामेडिकल, फार्मेसी, नर्सिंग, मैनेजमेंट सरीखे कोर्सेज के हैं। जीवीसी श्री मनीष जैन एल्युमिनाई को आन, बान और शान के प्रतीक बताते हुए कहते हैं, अंतर्राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्रदान करना टीएमयू का सर्वोच्च मापदंड है। एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन कहते हैं, टीएमयू अपने स्टुडेंट्स को शैक्षणिक और तकनीकी तौर पर वैश्विक स्तर पर तैयार करती है, इसीलिए हमारे स्टुडेंट्स विश्वभर में अपनी पताका फहरा रहे हैं। नैक से ए दर्जा हासिल एवम् 130 एकड़ में आच्छादित हरे-भरे कैंपस में 16,000 से अधिक स्टुडेंट्स अध्ययनरत हैं। यूएसए में इंटर्नल मेडिसिन रेजीडेंट डॉ. करन महल कहते हैं, टीएमयू की मॉर्डन क्लिनिकल लैब्स और हॉस्पिटल में नियमित पोस्टिंग के बूते उन्होंने इस मुकाम को पाया है। कनाडा में प्रिंसिपल साइंटिस्ट डॉ. सना सय्यदा मानती हैं, अनुभवी फैकल्टीज के चलते फाउंडेशन स्ट्रांग हुई। सिडनी के रिजर्व बैंक ऑफ ऑस्ट्रेलिया में टीम लीडर श्री शुभम छाबड़ा का विश्वास है, स्टडी के दौरान मुझे वैश्विक सोचने और समझने का दृष्टिकोण मिला, शुक्रिया टीएमयू। लंदन में एमएनसी डिलोयट में डाटा साइंस मैनेजर सुश्री काव्या जोशी कहती हैं, टीएमयू के इन्नोवेशन की कायल हूं, जिसने ड्रीम को हकीकत में बदला है। जर्मनी में एमएनसी बीयरिंग प्वाइंट में टेक्नो आर्किटेक्ट श्री राजीव मिश्रा मानते हैं, स्ट्रिक्ट डिसप्लिन और मॉर्डन फेसिलिटीज के चलते मेरा सफर आसान हुआ। साउथ कोरिया के मैरी हॉस्पिटल में सीनियर कंसल्टेंट डॉ. स्नेहा शर्मा कहती हैं।

स्ट्रांग करिकुलम और स्ट्रिक्ट ट्रेनिंग उनकी सफलता का राज है। दुबई में सउदी-जर्मन हैल्थ ग्रुप के डायरेक्टर श्री शोभित जैन मानते हैं, उनकी अद्भुत लीडरशिप का राज टीएमयू की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग और इंडस्ट्रियल एक्सपोजर है।

# गन्ने की फसल में लाल सड़न के लिए एडवाइजरी जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** प्रदेश के आयुक्त, गन्ना एवं चीनी, प्रमोद कुमार उपाध्याय ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न परिक्षेत्रों में गन्ने की फसल में समसामयिक लाल सड़न(रेड रॉट), कन्डुआ(स्मट), उकठा(विल्ट), जड़बेधक, गुलाबी चिकटा(मिलीबग) रोगों व कीटों से प्रभावी नियंत्रण हेतु एडवाइजरी जारी की गयी है। इस संदर्भ में उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद, शाहज. हांपुर द्वारा दिये गये सुझावों के अनुसार कुछ क्षेत्रों में गन्ना किस्म को 0238 की पत्तियों पर लाल सड़न रोग के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। लाल सड़न एक फफूंदजनित रोग है। पत्तियों के निचले भाग से ऊपर की तरफ मध्य सिरा पर लाल रंग के धब्बे, रूद्राक्ष/मोतियों की माला जैसे प्रदर्शित होते हैं। माह जुलाई, अगस्त से ग्रसित गन्ने की पत्तियां टूटना प्रारम्भ हो जाती हैं और धीरे-धीरे पूरा अगोला सूख जाता है। प्रभावित गन्ने के तने को लम्बवत् काटने पर अन्दर का रंग लाल होने के साथ सफेद धब्बे और तना अंदर से सूंघने पर सिरके अथवा एल्कोहल जैसी गंध आती है। लाल सडन रोग के रोकथाम के लिये किसान प्रभावित गन्ने के पौध को जड़ से निकालकर नष्ट कर दें तथा गड्ढे में 0.2 प्रतिशत थायोफेनेटमेथिल 70 डब्लू.पी. अथवा एजॉक्सीस्ट्रोबिन 18.2 +डाई फेनोकोनाजोल 11.4 एस. सी. के घोल की ड्रेन्चिंग करें। इस रोग से प्रभावित गन्ने में माह जून तक 0.1 प्रतिशत थायोफेनेटमेथिल 70 डब्लू.पी. या कार्बेन्डाजिम 50 डब्लू.पी. का पर्णीय छिड़काव करें और अधिक वर्षा होने पर लाल सड़न रोग से संक्रमित खेत का पानी दूसरे खेतों में न जाने दें। उन्होंने बताया कि कन्डुआ भी गन्ने का फफूंदजनित रोग है। रोगी पौधों की पत्तियां छोटी, नुकीली तथा पंखे के आकार की हो जाती हैं। गन्ना लम्बा व पतला हो जाता है। इसके उपचार के लिये किसान भाई गन्ने की बुवाई के समय ही गन्ने के टुकड़ों को प्रो. पिकोनाजोल 25 ई.सी. या कार्बेन्डाजिम 50 डब्लू.पी.के 0.1 प्रतिशत घोल में बीज को 10 मिनट तक उपचारित करें। इसके साथ ही प्रोपिकोनाजोल 25 ई.सी. के 0.1 प्रतिशत घोल का 15 दिनों के अन्तराल पर 02 बार छिड़काव करें। साथ ही पोक्का बोईंग के संयुक्त आपतन होने पर कार्बेन्डाजिम 50 डब्लू.पीण् का 0.1 प्रतिशत (400 ग्राम +400 लीटर पानी प्रति एकड़) अथवा कॉपर ऑक्सीक्लोराइड 50 प्रतिशत डब्लू.पी का 0.2 प्रतिशत (800 ग्राम +400 लीटर पानी प्रति एकड़) घोल का छिड़काव करें।

## 'एक पेड़-देश के नाम' कार्यक्रम के तहत किया पौधारोपण

**चन्दौसी।** जायट्स ग्रुप वुमेन शिखर और संकल्प ग्रुप द्वारा संयुक्त रुप से 'एक पेड़ देश के नाम' कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया गया और बच्चों द्वारा एक रैली का भी आयोजन किया जिसमें यह संदेश दिया कि हमें अपने देश के पर्यावरण को बचाने के लिए सबसे पहले पॉलिथीन को हटाना होगा और घर-घर कपड़ों के थैले और दुकानों पर भी कपड़े के थैलों का प्रयोग होगा तभी हमारा वातावरण शुद्ध हो सकता है।

साथ ही गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में सभी को ठंडा शरबत वितरित किया गया। इस दौरान सचिन, मोना शर्मा, नीतू रस्तोगी, शिवानी शर्मा, सुमन सैनी, शीनू शर्मा, शालिनी शर्मा, वीना शर्मा, नूतन अग्रवाल, जौली, वीना गुप्ता, शिखा शर्मा आदि का सहयोग रहा।

# ईद-उल-अजहा की नमाज के लिए मस्जिदें-ईदगाह तैयार

**कुंदरकी।** नगर में कुर्बानी के जज्बे के साथ शनिवार को ईद-उल-अजहा की नमाज अदा होगी। इसके लिए मस्जिदें और ईदगाह तैयार हो गई हैं। ईदगाह पर 7:30 बजे ईदुल अजहा की नमाज काजी बाली मस्जिद के पेश इमाम कारी अनीस रजा अजहरी अदा कराएंगे। मुगलो बाली मस्जिद में मौलाना कासिम 7:30 ईद उल अजहा की नमाज अदा कराएंगे। शिया समुदाय की जामा मस्जिद में मौलाना अफाक आलम जैदी 8 बजे ईद उल अजहा की नमाज अदा कराएंगे। मस्जिद आला हजरत में मुफ्ती राशिद अफाकी ईद उल अजहा की नमाज अदा कराएंगे। इसके बाद सुन्नते इब्राहीमी अदा की जाएगी। मौलाना अनीस रजा अजहरी ने सभी लोगों से ईदगाह पर 7:00 बजे पहुंचने की अपील की है ईद उल अजहा को लेकर पुलिस प्रशासन के पुख्ता इंतजाम है।

### हजरत इब्राहिम अलैह० स० की सुन्नत है कुर्बानी

**कुंदरकी।** ईद उल अजहा यानी बकरीद का त्योहार इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार 12वें महीने जुल-हिज्जा के दसवें दिन मनाया जाता है, चूंकि बकरीद इस्लामी कैलेंडर के हिसाब से मनाई जाती है, इसलिए हर साल ईद की तारीख अलग होती है. यह दिन कुर्बानी का होता है. मान्यता है कि त्योहार हजरत इब्राहिम (अब्राहम) द्वारा अपने बेटे हजरत इस्माइल की कुर्बानी देने की इच्छा की याद में मनाया जाता है।

### हैसियत के मुताबिक देते है कुर्बानी

**कुंदरकी।** मुस्लिम समुदाय के लोग इस दिन अपनी हैसियत के अनुसार कुर्बानी देते हैं और जरूरतमंदों और गरीबों में बांटते हैं. कुर्बानी के हिस्सों को तीन भागों में बांटा जाता है. एक भाग गरीबों और जरूरतमंदों को दिया जाता है, दूसरा भाग रिश्तेदारों और दोस्तों को दिया जाता है, और तीसरा भाग खुद रखा जाता है. ये त्योहार गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करने और समाज में भाईचारे और सद्भावना को बढ़ावा देने की प्रेरणा देता है।

# यूपी पुलिस को मिले 34 नए डिप्टी एसपी

## पासिंग आउट परेड में नौ महिला और 25 पुरुष डिप्टी एसपी हुए शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आज डा0 भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी मुरादाबाद में प्रशिक्षित पुलिस उपाधीक्षक (परी0) का 91वां आधारभूत कोर्स 2024-25 को दीक्षान्त परेड/समारोह का आयोजन हुआ। आयोजन में परेड का मान-प्रणाम मुख्य अतिथि श्रीमती तिलोत्तमा वर्मा पुलिस महा. निदेशक, प्रशिक्षण उत्तर प्रदेश द्वारा ग्रहण किया गया। समारोह में पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण द्वारा प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षकों को शपथ दिलाई गई। 2024-25 पुलिस उपाधीक्षक के 91वें सत्र में कुल 34 प्रशिक्षु अधिकारी हैं, जिसमें 09 महिलाएं हैं। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण ने कहा कि आपकी वर्दी समाज में न्याय, विश्वास और सुरक्षा को बढ़ाने का प्रतीक है। आज आप लोग एक नये जीवन में प्रवेश कर रहे हैं जिसमें देश की सेवा, सुरक्षा और न्याय में आपका महत्वपूर्ण रोल होगा। उन्होंने इस अवसर पर सभी प्रशिक्षु अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वर्दी न केवल आपकी पहचान होगी बल्कि आपसे न्याय और पारदर्शिता के लिए यह वर्दी आपसे अपेक्षा करेगी। आप लोग कानून एवं व्यवस्था को बनाये रखने में अहम किरदार निभाए, संवे. दनशील होकर अपराध मुक्त समाज में अपना अहम योगदान दें। आप लोगों को इस अकादमी में उच्च कोटि का प्रशिक्षण दिया गया है, जिसमें तीनों नये कानूनों का प्रशिक्षण, साइबर सुरक्षा से संबंधित, कानून व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, आपदा प्रबंधन, भीड प्रबंधन, समय प्रबंधन, तनाव प्रबंधन सहित शारी. रिक और मानसिक प्रशिक्षण भी दिया गया है। आप सभी से उम्मीद है कि आप लोग अपने कार्य क्षेत्र में दिए गये प्रशिक्षण का बेहतर इस्तेमाल कर समाज में कानून व्यवस्था को बनाये रखने, न्याय व पारदर्शिता के साथ कार्य करेंगे। इस अवसर पर राजीव सभरवाल अपर पुलिस महानिदेशक/निदेशक डा0 भीमराव अम्बेडकर उत्तर प्रदेश पुलिस अकादमी मुरादाबाद ने बताया कि प्रशिक्षु उपाधीक्षकों को आपदा प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, वीआईपी ड्यूटी संबंधित नियम, भीड प्रबंधन, जेल प्रणाली, भूलेख एवं राजस्व संबंधित जानक. ारी, कानून व्यवस्था, शारीरिक और मानसिक प्रशिक्षण, योग प्रशिक्षण, पुलिस आचरण एवं मानवाधिकार संबंधित नियम, न्यायिक शास्त्र इत्यादि विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर आन्तरिक गतिविधियों मे अकांक्षा गौतम, बाहरी गति. विधियों में अविनाश कुमार सिंह एवं सम्पूर्ण गतिविधियों को गौरव उपाध्याय को सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण प्राप्त करने में सम्मानित किया गया।



# बाल संस्कारशाला का हुआ समापन

**चन्दौसी।** भारत विकास परिषद नव उदय शाखा चंदौसी द्वारा पं. गोबिंद बल्लभ पंत उच्च प्राथमिक विद्यालय चंदौसी में आयोजित पांच दिवसीय बाल संस्कारशाला का शुक्रवार को समापन किया गया जिसमें बच्चों को योगासन, व्यायाम, नृत्य, गायन, मेंहदी लगाना तथा पेपर क्राफ्ट के माध्यम से विभिन्न वस्तुओं को तैयार करने का प्रशिक्षण दिया गया। समापन के अवसर पर विशिष्ट अतिथि प्रभासचंद्र चौधरी ने कहा कि आज बच्चे वर्चुअल दुनिया में जी रहे हैं और संस्कृति और भारतीयता से दूर होते जा रहे हैं। ऐसे में भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित संस्कार शाला का उद्देश्य बच्चों में संस्कार प्रदान करना और भारतीयता की भावना जागृत करना है और इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए हमारी शाखा ने यह शिविर आयोजित किया। अध्यक्ष विकास गोयल ने विद्यालय के प्रधानाचार्य आशुतोष गुप्ता, अध्यापक नीतू रानी व शहनाज अंसारी का उनके सहयोग के लिए उनका आभार प्रकट किया। समापन कार्यक्रम में नितिन गुप्ता, अतुल शंकर चौधरी, सुनीता शर्मा, कल्पना गुप्ता, मोहित गोयल, मधुर वार्ष्णेय, एड. विष्णु शर्मा, अंकुर गोयल व अजय शर्मा उपस्थित रहे।

### बजरंगी हर सप्ताह अलग-अलग मंदिरों पर सत्संग करते हुए हर माह करेंगे बैठक

**कांठ।** विश्व हिंदू परिषद कांठ नगर की बैठक मोहनी मंदिर घोसीपुरा मे हुई जिसमें संघठन के विस्तार पर चर्चा हुई और तय किया की महीने की आखरी तारीख को मासिक बैठक हुआ करेंगी बताया कि कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से संघठन का विस्तार करते हुए कांठ के प्रत्येक मोहहले तक कार्यकर्ताओ को खड़ा करेंगे और हर सप्ताह अलग अलग मंदिर पर सत्संग शुरू करेंगे। संघठन क्या कार्य करता है और कार्यकर्ता कैसा होना चाहिए हिन्दू समाज मे वजरंगदल की क्या भूमिका है ऐसे विन्दुओ पर आज बार्ता की गई। बैठक मै हर्ष विशनोई, सोनल ठाकुर, भीम सैनी, रवि प्रजापति, मुकुल, कपिल प्रजा. पति, अंकित, सोभित, अभिषेक बजरंगदल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।




### सड़क निर्माण के भेदभाव होने पर वाल्मीकि समाज के लोगों में फूटा आक्रोश

**डिलारी।** थाना क्षेत्र के गांव में सड़क निर्माण में भेदभाव होने पर वाल्मीकि समाज के लोगों ने रोष व्यक्त किया, गांव हंसुपुरा फतनपुर तक लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण कार्य किया गया, जिसमें वाल्मीकि समाज के लोगों का कहना है कि, पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने उच्च जाति के लोगों के घरों के सामने सड़क निर्माण कर दिया। वाल्मीकि समाज के लोगों के घरों के सामने सड़क में गहरे गड्ढे हैं। जिन पर चलना फिरना मुश्किल हो रहा है। गांव निवासी प्रभु सिंह, प्रमोद कुमार ,प्रवेश कुमार ,संजय कुमार, संजीव कुमार ,विकास, शीतल, आदि। ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग मुरादाबाद को लिखित शिकायत देकर वाल्मीकि बस्ती में सड़क निर्माण की माग की है।

# परमाणु हमला अब नामुमकिन, भारत की मिसाइल ढाल तैयार

**नई दिल्ली।** भारत की रक्षा ताकत अब और भी मजबूत हो गई है। डीआरडीओने अब ऐसी तकनीक बनाई है, जिससे दुश्मन की न्यूक्लियर मिसाइलों को हवा में ही नष्ट किया जा सकता है।

डिफेंस सूत्रों के मुताबिक भारत ने स्वदेशी बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस (बीएमडी) प्रणाली तैयार की है। यह तकनीक मिसाइलों को धरती तक पहुंचने से पहले ही खत्म कर सकती है चाहे वो वायुमंडल के बाहर हों या अंदर। अगर न्यूक्लियर मिसाइल को पहले ही मार गिराया

**■ दुश्मन के मंसूबों को नाकाम करेगा बीएमडी सिस्टम, स्वदेशी तकनीक का कमाल**

जाए तो उससे रेडिएशन या परमाणु धमाके का खतरा नहीं रहता। हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने अपने बनाए हथियारों और तकनीक की ताकत दिखाई। इस ऑपरेशन में भारत ने अपने ही बनाए मिसाइल सिस्टम, रडार, और ड्रोन-विरोधी हथियारों का इस्तेमाल किया और दुश्मन के मिसाइल और ड्रोन अटैक को विफल कर दिया। भारत कई मौकों पर कह चुका है कि वह अब पाकिस्तान के परमाणु हमले की धमकी के ब्लैकमेल को तवज्जो नहीं देगा क्योंकि डीआरडीओने इस तरह के हमलों से निपटने की व्यवस्था कर दी है।




अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com
















# सम्पादकीय

**शनिवार , 7 जून 2025**

## बारूद के ढेर पर दुनिया

निसंदेह इस समय दुनिया बारूद के ढेर पर बैठी है। रूस-यूक्रेन युद्ध को तीन वर्ष से अधिक हो गए हैं, तो वहीं इजरायल और हमास संघर्ष भी अब दूसरे वर्ष की ओर बढ़ रहा है। लाखों लोग इससे बुरी तरह प्रभावित हो चुके हैं। युद्ध को रोकने की तमाम कोशिशें नाकाम होती दिखाई दे रही हैं। सच्चाई यही है कि युद्ध को रोकने लिए कोई गंभीर प्रयास होते दिखाई नहीं दे रहे हैं। बड़ी ताकतें युद्ध को रोकने के लिए कितनी गंभीर हैं, यह बुधवार को हुए सुरक्षा परिषद में इजरायल-हमास के बीच संघर्ष विराम को लेकर लाए गए प्रस्ताव को लेकर अमेरिका के वीटो से पता चल जाता है। इस प्रस्ताव का 14 सदस्यों ने समर्थन किया था। एक अमेरिकी ही था जिसने इस प्रस्ताव का न सिर्फ विरोध किया बल्कि अपनी वीटो पावर का इस्तेमाल किया। इस प्रस्ताव को दस गैर स्थायी सदस्यों ने पेश किया था जिसमें पाक भी शामिल है और जो अमेरिका ने कारण बताया वह भी हास्यास्पद ही कहा जाएगा। संयुक्त राष्ट्र में कार्यवाहक अमेरिकी राजदूत डोरोथी शिया ने इस पूरी प्रक्रिया पर कहा कि हम ऐसे किसी भी उपाय का समर्थन नहीं करेंगे जो हमास की निंदा करने में विफल हो। उन्होंने यह भी कहा कि यह प्रस्ताव जमीनी हकीकत को दर्शाने वाले युद्ध विराम तक पहुंचने के कूटनीतिक प्रस्ताव को कमजोर करेगा और हमास को बढ़ावा देगा। इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने अपने ट्विटर अकाउंट पर अमेरिका और डोनाल्ड ट्रम्प का शुक्रिया अदा किया और कहा कि दुनिया को दिखा दिया गया कि अमेरिका व इजरायल के बीच में कोई फर्क नहीं है और यह हमास के आतंकवादियों को नष्ट करने का एकमात्र तरीका है। जाहिर है जब बड़ी ताकतों का यह रवैया रहेगा, तो फिर युद्ध किस तरह रुकेंगे और जो लोगों के जानमाल की तबाही हो रही है उस पर कोई रोक नहीं लगेगी। इन दोनों युद्ध ने यह भी बता दिया है कि दुनिया की बड़ी ताकतों को किसी की तबाही व मरने-जीने से कोई फर्क नहीं पड़ता। वह हर हाल में युद्ध को हवा देना चाहते हैं, जिससे हथियारों का कारोबार फल-फूल सके। मतलब वह आपदा में पूरा अवसर देख रहे हैं और हथियार लॉबी मोटा मुनाफा कमा रही है। कोई भी समझ सकता है कि ऐसे में अगर भारत पाक के बीच छोटे स्तर पर सैन्य संघर्ष अगर बड़ा रूप ले लेता तो स्थिति कितनी भयावह हो सकती थी। इस संघर्ष में भारत ने जहां पाक को पूरी तरह सबक सिखाया, वहीं युद्ध को फैलने से भी रोका। जैसाकि कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा भी कि भारत युद्ध नहीं चाहता, लेकिन वह आतंकवाद को भी नहीं सहेगा। भारत ने दोनों काम किए। पाक को उसकी औकात बताई और अपनी कूटनीति के जरिये युद्ध को व्यापक स्तर पर फैलने भी नहीं दिया, लेकिन अभी कुछ नहीं कहा जा सकता, क्योंकि यह सबकुछ पाक पर निर्भर है। भारत ने साफ कर दिया है कि ऑपरेशन सिंदूर अस्थाई रूप से रोका गया, यदि पाक किसी तरह की हिमाकत करता है तो भारत फिर से कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है।

## मोदी जी को सरेंडर करने की आदत है



एक तरफ गांधी की सोच है, तो दूसरी तरफ सावरकर और गोडसे की सोच, ये लड़ाई आज की नहीं, हजारों साल पुरानी है, संविधान में जो बातें लिखी गई हैं, वह बुद्ध के विचारों से निकली हैं,यही सोच है, जिसे आरएसएस खत्म करना चाहता है, इसलिए डरने की जरूरत नहीं है, हमें मिलकर संविधान और सच्चाई की रक्षा करनी है और बिहारियों के बिना संविधान को बचाया नहीं जा सकता, मोदी जी को सरेंडर करने की आदत है, मैं आरएसएस से लड़ता हूं और यह बात गहराई से कह रहा हूं कि जैसे ही थोड़ा दबाव पड़ता है, ये लोग तुरंत चिट्ठी लिखने लगते हैं ट्रम्प ने 11 बार कहा कि उन्होंने मोदी जी से सरेंडर करवा लिया, मोदी जी इसका खंडन भी नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि वो सच्चाई है।

**-राहुल गांधी**
**नेता प्रतिपक्ष, लोकसभा**

## खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की चुनौती






**योगेश कुमार गोयल**

खाद्य सुरक्षा को एक मानवाधिकार माना गया है, जिसके तहत सभी को सुरक्षित और पौष्टिक भोजन का उपभोग करने का अधिकार है। इसी के साथ खाद्य जनित बीमारियों के बोझ को कम करके खाद्य सुरक्षा के लिए वैश्विक प्रयासों को मजबूत करना भी अनिवार्य माना गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दूषित खानपान के कारण 200 से अधिक बीमारियां होती हैं और दुनियाभर में प्रतिवर्ष 10 में से 1 व्यक्ति दूषित भोजन के कारण बीमार पड़ता है।प्रतिवर्ष वायरस, बैक्टीरिया, परजीवी अथवा रासायनिक पदार्थों से दूषित भोजन खाने से करोड़ों लोग बीमार पड़ते हैं और लाखों लोग विभिन्न खाद्य जनित बीमारियों के शिकार होकर मर जाते हैं। अस्वास्थ्यकर भोजन के सेवन के कारण गरीबी से ग्रस्त तबके में बीमारियां होने का खतरा ज्यादा होता है। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा खाद्य सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और खाद्य जनित बीमारियों को रोकने के लिए कार्रवाई को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस की स्थापना की गई। डब्ल्यूएचओ के अनुसार यह दिन सभी के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में आने वाली चुनौतियों पर विचार करने का अवसर प्रदान करता है, जिसमें सुरक्षित भोजन तक पहुंच की कमी, गरीबी और संघर्ष शामिल हैं। इस दिवस की स्थापना का उद्देश्य मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए खाद्य सुरक्षा की आवश्यकता को उजागर करना था। यह वैश्विक दिवस यह सुनिश्चित करने के प्रयासों को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण अवसर है कि मनुष्यों द्वारा खाया जाने वाला भोजन सुरक्षित है। लोगों के लिए यह जानना भी बहुत महत्वपूर्ण है कि कौनसे खाद्य पदार्थ सुरक्षित हैं और हमारे स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं क्योंकि हमारा भोजन ही सुरक्षित नहीं होगा तो हमारा स्वास्थ्य कैसे अच्छा रहेगा? संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 दिसम्बर 2018 को 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस घोषित करने और सुरक्षित भोजन के बहुत सारे लाभों पर प्रकाश डालने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था। उसके बाद संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की दो एजेंसियों खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग से प्रतिवर्ष 7 जून को खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया जाने लगा। 7 जून 2019 पहला खाद्य सुरक्षा दिवस खाद्य सुरक्षा, सभी का व्यवसाय विषय के साथ मनाया गया था। 3 अगस्त 2020 को विश्व स्वास्थ्य सभा ने खाद्य सुरक्षा मुद्दों और दुनिया में आवश्यक कार्रवाइयों के बारे में एक प्रस्ताव पारित किया और हर साल 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस घोषित कर दिया गया। प्रतिवर्ष एक खास विषय के साथ मनाए जाने वाले इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य वैश्विक, राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और स्थानीय स्तर पर खाद्य जनित बीमारियों को रोकना तथा खाद्य सुरक्षा के लिए वैश्विक प्रयासों को मजबूत करना है। 2021 में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस स्वस्थ कल के लिए आज सुरक्षित भोजन विषय के साथ, 2022 में सुरक्षित भोजन, बेहतर स्वास्थ्य, 2023 में खाद्य मानक जीवन बचाते हैं और 2024 में खाद्य सुरक्षा-अप्रत्याशित के लिए तैयार रहें विषय के साथ मनाया गया था। विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस 2025 का विषय है खाद्य सुरक्षारू क्रियाशील विज्ञान। यह विषय सुरक्षित भोजन सुनिश्चित करने में वैज्ञानिक ज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे वैज्ञानिक साक्ष्य खाद्य सुरक्षा में प्रगति को आगे बढ़ाते हैं, विशेषज्ञ सलाह से लेकर निगरानी और वैश्विक सहयोग तक। यह विषय वैज्ञानिक ज्ञान को व्यवहार में लाने के महत्व को भी रेखांकित करते हुए इस बात पर जोर देता है कि भोजन तभी सुरक्षित हो सकता है, जब मार्गदर्शन और सलाह को अमल में लाया जाए। असुरक्षित भोजन कई निम्न और मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्थाओं के विकास को भी बाधित करता है, जिससे श्रमिकों की विकलांगता, बीमारी और असामयिक मृत्यु के कारण उत्पादकता में करीब 110 बिलियन अमेरिकी डॉलर की हानि होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक खाद्य सुरक्षा को जलवायु संकट भी प्रभावित करता है और बढ़ता तापमान सुरक्षित खाद्य उत्पादन के लिए बड़ा खतरा बन रहा है। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि खाद्य सुरक्षा घटनाओं का प्रबंधन करने के लिए तैयार रहने के लिए नीति निर्माताओं, खाद्य सुरक्षा अधिकारियों, किसानों और खाद्य व्यवसाय संचालकों के समर्पित प्रयासों की आवश्यकता है और उपभोक्ता भी इसमें सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। खाद्य सुरक्षा का अर्थ है खाद्य पदार्थों में सुरक्षित, स्वीकार्य स्तर के खतरों का अभाव, जो उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र का मानना है कि खाद्य सुरक्षा हमारे समग्र स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के लिए सबसे महत्वपूर्ण है तथा सुरक्षित भोजन का सेवन अच्छे स्वास्थ्य की सबसे महत्वपूर्ण गारंटी है। हमारे शरीर को सेहतमंद बनाए रखने में खानपान का रोल सबसे अहम होता है लेकिन लोगों की खानपान की बदलती आदतों और जरूरतों को देखते हुए अब बहुत सारी चीजों को बनाने और उगाने का तरीका भी बदल चुका है, जिनमें अब तरह-तरह के रसायन भी मिलाए जा रहे हैं। ऐसे में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाने का उद्देश्य प्रत्एक व्यक्ति को पौष्टिक और संतुलित भोजन प्रदान करना है, साथ ही खानपान से होने वाले खतरों को रोकना, मिलावटी चीजों का पता लगाना और इनके बारे में लोगों को जागरूक कर उन्हें सेहत के प्रति जागरूक बनाना है। असुरक्षित खाद्य पदार्थ विभिन्न बीमारियों का कारण बनते हैं और अन्य खराब स्वास्थ्य स्थितियों में योगदान करते हैं, जिसमें बिगड़ा हुआ विकास, सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी, संक्रामक अथवा गैर-संक्रामक रोग और मानसिक बीमारियां शामिल हैं। वैसे खाद्य जनित खतरे रासायनिक अथवा भौतिक प्रकृति के हो सकते हैं और प्राय: साधारण आंखों से दिखाई नहीं देते। दरअसल हमारे भोजन को उगाने, संसाधित करने, संग्रहीत करने, वितरित करने और तैयार करने के लिए कई लोग मिलकर काम करते हैं और इस प्रक्रिया में कई ऐसे चरण होते हैं, जहां हमारा भोजन असुरक्षित हो सकता है। विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस की शुरुआत का उद्देश्य यही रहा कि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारा भोजन खाने के लिए सुरक्षित है। इसीलिए जब खेत में भोजन उगाया जाता है, तब से लेकर जब तक यह हमारी थाली तक पहुंचता है, हमें पूरी तरह सावधान रहने की जरूरत है, क्योंकि दूषित भोजन के सेवन से खाद्य जनित बीमारियां होने की संभावना बहुत बढ़ जाती हैं, लेकिन चूंकि भोजन को हम तक पहुंचाने में कई लोग शामिल होते हैं, इसलिए इसे सुरक्षित रखना हमेशा इतना आसान नहीं होता। इसीलिए डब्ल्यूएचओ, एफएओ और खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) जैसे संगठन हमारे भोजन को सुरक्षित रखने के लिए कुछ नियम बनाते हैं। बहरहाल, विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस न केवल अच्छे और स्वच्छ भोजन की आदतों की वकालत करता है बल्कि उपभोक्ताओं को खाद्य सुरक्षा के बारे में शिक्षित करने और उन्हें खाद्य जनित बीमारियों को रोकने के लिए सावधानी बरतने के लिए प्रोत्साहित करने का भी अवसर प्रदान करता है। यह दिवस हमें भोजन को हम तक पहुंचाने में इस्तेमाल किए जाने वाले सुरक्षा उपायों पर अतिरिक्त ध्यान देने के लिए प्रेरित करता है, जिसका अर्थ है सभी के लिए बेहतर और स्वस्थ भोजन। दुनियाभर में जितने ज्यादा से ज्यादा लोग खाद्य सुरक्षा के बारे में जागरूक होंगे, तभी हम अपने भोजन को सुरक्षित रखने के लिए बेहतर कदम उठा सकेंगे और खराब खाने से पनपने वाले खतरे को पहचान और समझ सकेंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## मिसाइल डिफेंस रडार से बंद होंगी पाक की गीदड़ भभकियां

**ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने अपने स्वदेशी रूप से विकसित हथियारों और तकनीक की ताकत का प्रदर्शन किया। इस ऑपरेशन में भारत ने दुश्मन के मिसा. इल और ड्रोन हमलों को सफलतापूर्वक विफल करने के लिए अपने स्वयं के मिसाइल सिस्टम, रडार और एंटी-ड्रोन हथियारों का इस्तेमाल किया। याद दिला दें कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद राष्ट्र के नाम अपने संबा. धन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भारत अब पाकिस्तान की परमाणु हमले की धमकियों या ब्लैकमेल को महत्व नहीं देगा।**




**अक्षत श्रोत्री**

भारत की रक्षा क्षमताओं को बढ़ावा देने वाले एक बड़े विकास में, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन DRDO ने एक ऐसी तकनीक विकसित की है जो दुश्मन की परमाणु मिसाइलों को हवा में ही नष्ट कर सकती है। रिपोर्टों के अनुसार, भारत ने स्वदेशी बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस BMD प्रणाली विकसित की है। ऐसे में ना सिर्फ पाकिस्तान की बलैकमेलिंग बंद होगी बल्कि भारत दुनिया में विश्व गुरु बनने की और अग्रसर होगा। यह नई तकनीक मिसाइलों को जमीन पर पहुंचने से पहले ही बेअसर कर देगी, चाहे वे बाहर हों या वायुमंडल के भीतर। अगर किसी परमाणु मिसाइल को समय रहते रोक दिया जाए, तो इससे विकिरण या परमाणु विस्फोट का खतरा खत्म हो जाता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने अपने स्वदेशी रूप से विकसित हथियारों और तकनीक की ताकत का प्रदर्शन किया। इस ऑपरेशन में भारत ने दुश्मन के मिसाइल और ड्रोन हमलों को सफलतापूर्वक विफल करने के लिए अपने स्वयं के मिसाइल सिस्टम, रडार और एंटी-ड्रोन हथियारों का इस्तेमाल किया। याद दिला दें कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भारत अब पाकिस्तान की परमाणु हमले की धमकियों या ब्लैकमेल को महत्व नहीं देगा। बैलिस्टिक मिसा. इल डिफेंस सिस्टम एक बहुस्तरीय रक्षा तंत्र है जिसमें दो मुख्य घटक होते हैं। पहला स्तर पृथ्वी एयर डिफेंस PAD है। यह मिसाइल 50-80 किलोमीटर की ऊंचाई पर दुश्मन की मिसाइलों को नष्ट कर सकती है। दूसरा उन्नत वायु रक्षा AAD है। यह मिसाइल 30 किलोमीटर की ऊंचाई पर दुश्मन की मिसाइलों को रोककर नष्ट कर सकती है। उन्नत रक्षा क्षमता: बीएमडी प्रणाली भारत की रक्षा स्थिति को महत्वपूर्ण रूप से मजबूत करती है। निवारण- यह दुश्मन को हमला करने से पहले दो बार सोचने पर मजबूर करता है। राष्ट्रीय सुरक्षा- बीएमडी प्रणाली देश की सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता को बढ़ाती है। लक्ष्य का पता लगाना- रडार और अन्य सेंसर दुश्मन की आने वाली मिसाइलों का पता लगाते हैं। लक्ष्य ट्रैकिंग और जानकारी- मिशन कंट्रोल सेंटर लक्ष्य की जानकारी प्राप्त करता है और इंटरसेप्टर मिसाइल लॉन्च करने के लिए तैयार होता है। इंटरसेप्टर मिसाइल लॉन्च-इंटरसेप्टर मिसाइल को लक्ष्य की ओर लॉन्च किया जाता है। लक्ष्य विनाश- इंटरसेप्टर मिसाइल आने वाले खतरे को बेअसर कर देती है। देश की बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस BMD प्रणाली के तहत स्वदेशी रूप से विकसित इंटरसेप्टर मिसाइल AD-1, 3,000 से 5,000 किलोमीटर की रेंज वाली दुश्मन की मिसाइलों को उनके टर्मिनल चरण (अंतिम चरण) में भी नष्ट करने में सक्षम है। इसका स्पष्ट अर्थ यह है कि यदि कोई बैलिस्टिक मिसाइल भारत की ओर बढ़ रही है, तो AD-1 उसे वायुमंडल में ही बेअसर कर सकता है -इससे पहले कि वह जमीन को छू सके।



(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## राजनीति को नई दिशा देते विपक्षी दलों के नए चेहरे



**ललित गर्ग**

सिंदूर ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान दुनिया से सहानुभूति बंटोरने के लिए जहां विश्व समुदाय में अनेक भ्रम, भ्रांतिया एवं भारत की छवि को छिछालेदार करने में जुटा है, वहीं भारत का डर दिखा-दिखा कर ही पाक अनेक देशों से आर्थिक मदद मांग रहा है। इन्हीं स्थितियों को देखते हुए दुनिया के सामने भारत का पक्ष रखने के लिए केंद्र सरकार ने जिस तरह से सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया है और इन दलों में विपक्षी दलों के सांसद एवं नेताओं ने भारत का पक्ष बिना आग्रह, दुराग्रह एवं पूर्वाग्रह के दुनिया के सामने रखा, उसकी जितनी सराहना की जाए, कम है। इन विपक्षी नेताओं ने विदेश में भारतीय राष्ट्रवाद को सशक्त एवं प्रभावी तरीकों से व्यक्त किया। देश ने इन नेताओं को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते और एक लय में आगे बढ़ते देखा, जबकि संसद में वे केवल आपस में लड़ते दिखलाई देते थे। यह सराहनीय पहल भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि बनी है, जो भारत की भविष्य की राजनीति के भी नए संकेत दे रही है, क्योंकि इसने भारत में एक नए एवं सकारात्मक राजनी. तिक नेतृत्व को उभरता हुआ दिखाया है। यूं तो सात दलों के सभी सदस्यों ने भरपूर तरीके से शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत का पक्ष रखकर दुनिया को भारत के पक्ष में करने की सार्थक पहल की है, लेकिन कांग्रेस के शशि थरूर एवं एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी एक नए किरदार में नजर आए हैं। थरूर को लेकर कांग्रेस पार्टी में प्रारंभ से ही विरोध एवं विरोधाभास की स्थितियां बनी हुई। विदेशों में सटीक एवं प्रभावी भारतीय पक्ष रखने के कारण शशि थरुर जहां असंख्य भारतीयों की वाह-वाही लूट रहे हैं, वहीं कांग्रेस पार्टी में उनका भारी विरोध हो रहा है। चर्चा एवं विवादों में चल रहे शशि थरूर केरल के तिरुवंतपुरम से चार बार के कांग्रेस के सांसद हैं। वे एक ऐसे कूटनीतिज्ञ राजनेता हैं, जो अपने राजनी. तिक कौशल का प्रदर्शन करना जानते हैं। वे एक ऐसे स्वतंत्र सोच एवं साहसी निर्णय लेने वाले नेता भी हैं जो अपनी पार्टी के रुख से अलग भी स्टैंड लेते रहे हैं, लेकिन ताजा सन्दर्भों में वे कांग्रेस के लिए अब असहज सच्चाई बन गए हैं, क्योंकि थरूर ने वह सब कुछ किया है जिसकी पार्टी में इजाजत नहीं है। प्रतिनिधि मण्डल में थरूर के नाम पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई थी, क्योंकि कांग्रेस ने केंद्र को थरूर का नाम नहीं दिया था। थरूर ने कहा था-मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं, जब भी राष्ट्रीय हित की बात होगी और मेरी सेवाओं की जरूरत होगी, तो मैं पीछे नहीं रहूंगा। थरूर ने कांग्रेस छोड़ने की अटकलों के सवाल पर कहा-जब आप देश की सेवा कर रहे हों, तब ऐसी चीजों की ज्यादा परवाह नहीं करनी चाहिए। हमारे राजनीतिक मतभेद भारत के बॉर्डर के बाहर जाते ही खत्म हो जाते हैं। सीमा पार करते ही हम पहले भारतीय होते हैं। थरूर इन दिनों अमेरिकी सहित कई देशों के दौरे पर हैं, जहां वे ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बने मल्टी पार्टी डेलीगेशन को सुपर लीड कर रहे हैं। सरकार के समर्थन में बोलने पर कांग्रेस के अनेक नेता थरुर की खिंचाई करने में जुटे हैं। उन्हीं में एक नेता उदित राज ने थरूर को भाजपा का सुपर प्रवक्ता तक बता दिया है। जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी और सत्तारूढ़ भाजपा पर ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान युद्धविराम को लेकर लगातार हमलावर हैं। 4 जून 2025 को राहुल गांधी ने तब हद ही कर दी जब उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव में आत्मसमर्पण कर दिया। इतना ही नहीं यह सब कहने का अंदाज भी उनका इतना खराब था कि जैसे कोई दुश्मन देश का बंदा बोल रहा हो। राहुल गांधी ने यह भी कहा था कि, मैं भाजपा और आरएसएस वालों को अच्छे से जान गया हूं, इनको थोड़ा सा दबाओ तो डर कर भाग जाते हैं। राहुल ने आगे कहा, उधर से ट्रंप ने फोन किया और इशारा किया कि मोदीजी क्या कर रहे हो? नरेंदर, सरेंडर और 'जी हुजूर' करके मोदीजी ने ट्रंप के इशारे का पालन किया। राहुल गांधी के इस भ्रामक एवं गुमराह करने वाले बयान का थरुर ने जोरदार तरीके से जबाव दिया एवं कांग्रेस पार्टी को ही घेरा। राष्ट्रपति ट्रम्प की भारत-पाक के बीच मध्यस्थता के बयान पर थरूर बोले- मैं यहां किसी विवाद को हवा देने नहीं आया हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति का सम्मान है। हमें नहीं पता उन्होंने पाकिस्तान से क्या कहा, पर हमें किसी की सलाह की जरूरत नहीं थी। आग्रह-दुराग्रह से ग्रसित होकर कांग्रेस के नेता एक-दूसरे को नीचा दिखाने की ही बातें कर रहे हैं, इन कांग्रेसी नेताओं में दायित्व की गरिमा और गंभीरता समाप्त हो गई है। राष्ट्रीय समस्याएं और विकास के लिए खुले दिमाग से सोच की परम्परा उनमें बन ही नहीं रही है। जब मानसिकता दुराग्रहित है तो दुष्प्रचार ही होता है। कोई आदर्श संदेश राष्ट्र को नहीं दिया जा सकता। राष्ट्र-विरोधी राजनीति एवं सत्ता-लोलुपता की नकारात्मक राजनीति हमें सदैव ही उल्ट धारणा (विपथगामी) की ओर ले जाती है। ऐसी राजनीति राष्ट्र के मुद्दों को विकृत कर उन्हें अतिवादी दुराग्रहों में परिवर्तित कर देती है। राहुल गांधी एवं कांग्रेस ने राष्ट्रीय संकट में भी यही सब करके आम जनता से अधिक दूरियां बना ली है। शशि थरुर ने तो बड़ी लकीरें खींच दी, कांग्रेस कब ऐसी लकीरें खिंचने की पात्रता विकसित करेंगी? हर राजनीतिक दल को कई बार अग्नि स्नान करता पड़ता है, पर आज कांग्रेस तो कीचड़ स्नान कर रहा है। जहां तक कांग्रेस नेताओं का सवाल है, एक और निहित संदेश सामने आया कि सिर्फ गांधी परिवार ही कांग्रेस का नेतृत्व नहीं कर सकता जबकि भारत की सबसे पुरानी पार्टी में अभी भी प्रतिभाओं का खजाना है, उसके पास अनुभवी नेता हैं, जो जटिल मुद्दों को समझने और नेतृत्व देने में सक्षम हैं। बड़ी लकीरें तो प्रतिनिधिमण्डल में गए अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने भी खींची है। जिनमें एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने विश्व की राजधानियों में भारत की स्थिति और मौजूद विकास को भी रेखांकित किया है। ओवैसी- जो भारत के अल्पसंख्यकों को प्रभावित करने वाले मुद्दों को उठाने के लिए जाने जाते हैं- उन्होंने पाकिस्तान को कड़ी भाषा में आड़े हाथों लिया। यहां तक कि उन्होंने पाकिस्तान द्वारा जारी की गई फर्जी तस्वीरों का जिक्र करते हुए कहा कि नकल के लिए भी अकल चाहिए! ओवैसी की राष्ट्रवादी सोच तो समय-समय पर सामने आती रही है। इस तरह मुस्लिम नेतृत्व अगर उदारता दिखाता तो देश के करोड़ों मुसलमानों के प्रति एक विश्वास और भाईचारे की भावना बढ़ती है। ओवैसी ने तो सबकी निगाहें अपनी ओर खींच ली थीं। इसी तरह डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि ने अपनी तल्ख और चतुराई भरे अंदाज से भारतीयों एवं दुनिया का दिल जीत लिया है। सांसद कनिमोझी ने स्पेन में अपने हिस्से का पक्ष रखते हुए भारत की राष्ट्रीय भाषा एकता और विविधता का जिक्र कर ऐसी बात कही है जिसके बाद वो जमकर वाहवाही लूट रही हैं। कनिमोझी ने इसके साथ ही कहा कि हहमारे अपने मुद्दे हो सकते हैं, अलग-अलग विचारधाराएं हो सकती हैं, संसद में हमारे बीच तीखी बहस हो सकती है, लेकिन जब भारत की बात आती है, तो हम एक साथ खड़े होते हैं, यही संदेश हम लेकर आए हैं। उनकी ये बातें इसलिए भी खास हैं क्योंकि जहां एक ओर उनकी पार्टी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रस्तावित त्रि-भाषा नीति को चुनौती देते हुए गैर-हिंदी भाषी राज्यों पर हिंदी थोपने की बात कर रही है। वहां कनिमोझी एकता और विविधता को राष्ट्रीय भाषा बताते हुए अपना पक्ष रख रही हैं। डीएमके सांसद का ए अंदाज सुर्खियों का विषय बना है और लोग जमकर इसकी तारीफ कर रहे हैं। इसी तरह शिवसेना यूबीटी की प्रियंका चतुर्वेदी ने भारत को न केवल बुद्ध और गांधी, बल्कि कृष्ण की भूमि भी बताया, जिन्होंने पांडवों से आग्रह किया था कि धर्म की रक्षा के लिए आवश्यक हो तो युद्ध करने से न हिचकिचाएं। अब यह देखना बाकी है कि क्या सरकार ऐसे और कूटनीतिक प्रयासों में विपक्षी नेताओं का इस्तेमाल करना जारी रखेगी।



(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद

## मिलेनियम में पौधारोपण कार्यक्रम

**कोतवाली देहात।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रधानाचार्य अजय कुमार ने पौधारोपण किया। उन्होंने वृक्षों के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जीवन में मनुष्य को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। बढ़ते हुए प्रदूषण को देखते हुए उन्होंने ऑक्सीजन वाले पौधों को लगाने का जोर दिया। कार्यक्रम एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम एवं कोऑर्डिनेटर शालिनी चौहान की देखरेख में आयोजित किया गया, जिसमें सत्येंद्र कुमार, सोनवीर सिंह, वीरेश कुमार, हेमेंद्र कुमार ?उपस्थित रहे।

## भाईचारे से मनाएं ईद-उल-अजहा का त्यौहार: आलमगीर काजमी

**नगीना।** आलमी हुसैनी फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. आलमगीर काजमी ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि ईद उल अजहा का त्योहार भाईचारे व इंसानियत का त्यौहार है। इसलिए हमारे किसी भी दूसरे संप्रदाय के व्यक्ति को कोई तकलीफ नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ईद उल अजहा के मौके पर कुर्बानी खुले में ना करें और कुर्बानी का खून नालियों में ना बहने दे। उसको गड्ढों में दफन करें। ऐसा कोई भी काम न करें, जिससे किसी दूसरे धर्म के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचे। कुर्बानी के मीट को कपड़े से अच्छी तरह ढककर लाने ले जाने का कार्य करें तथा कुर्बानी के बाद जानवरों के अवशेष व गंदगी को खुले में ना डालें। कुर्बानी करते वक्त कोई भी व्यक्ति वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर न डाले। वीडियो डालने से दूसरे धर्म के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंच सकती है। इस तरह के मामलों से बचने की अपील करते हुए डॉ. आलमगीर काजमी ने कहा कि सरकार द्वारा बताई गई गाइडलाइन का पालन करें। उन्होंने सभी लोगों से त्योहार को मिलजुल कर मनाने की अपील की।

## नगीना में नुमाइश 8 जून से शुरू

**नगीना।** नगर में नुमाइश का उद्घाटन 8 जून को किया जाएगा। नगीना की प्रदर्शनी यानी नुमाइश 8जून से शुरू होकर अगले 40 दिनों तक हिन्दू इंटर कालेज बिल्डिंग के पास वाले मैदान में लगेगी, जिसके लिए टैंट आदि गड़ना शुरू हो गए हैं। नगीना में गर्मी के मौसम में जल्द ही शुरू होने जा रही नुमाइश के बारे में मौके पर मौजूद लोकेश कुमार ने बताया कि इस नुमाइश का ठेका अकबराबाद निवासी गौरव वाल्मीकि के नाम हो गया है।

## भाकियू ने धरना प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**नगीना।** भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) के सदस्यों ने विभिन्न मांगों को लेकर तहसील पर धरना प्रदर्शन कर एक ज्ञापन एसडीएम आशुतोष जायसवाल को दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विभिन्न समस्याओं के हल न होने से नाराज किसान तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी कार्यालय के सामने दरी बिछाकर धरने पर बैठ गए। इस दौरान उन्होंने किसान यूनियन जिंदाबाद के नारे लगाए और माइक द्वारा उपस्थित किसानों को संबोधित किया गया।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में गुलदार द्वारा किसानों पर लगातार हमले किये जा रहे हैं, इसलिए तहसील क्षेत्र में पिंजरों की संख्या बढ़ाई जनी चाहिए। इसके अलावा बिजली के बिलों में चल रही गडबडी को तुरंत सही कराने, गांव में विद्युत आपूर्ति 16 घंटे कराने, ओवरलोड वाहनों को मानक के अनुसार चलाये जाने, दाखिल खारिज के कार्य पर देरी खत्म करने, मीटर रीडिंग हर माह होने, टूटी सड़कों की मरम्मत, अपात्र लोगों के राशन कार्ड निरस्त कर जरूरतमंदों के बनाने, खाद के गड्ढे गांव की आबादी से हटाकर गांव से बाहर किए जाने की मांग की।

इस मौके पर बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।







